मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 42.1 | 29.4 |
| जमशेदपुर | 40.8 | 25.3 |
| डालटनगंज | 41.4 | 26.5 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




चुनावी समर 2024

बुधवार 24 अप्रैल 2024 बैशाख कृष्ण प्रतिपदा , संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 16

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


### पीएम मोदी ने कांग्रेस को ललकारा

## आरक्षण खत्म नहीं होने देंगे, ये मोदी की गारंटी

**जयपुर।** पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि देश में दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों का आरक्षण न खत्म होगा न ही उसे धर्म के नाम पर बांटने देंगे. ये मोदी की गारंटी है. मोदी ने कांग्रेस को ललकारते हुए कहा कि क्या कांग्रेस



ऐलान करेगी कि वह दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों के आरक्षण को कम करके इसे मुसलमानों को नहीं बांटेगी? सच्चाई यह है कि जब कांग्रेस और उसका गठबंधन सत्ता में था तो ये लोग दलितों, पिछड़ों के आरक्षण में सेंधमारी कर वोट बैंक की राजनीति के लिए अपनी खास जमात को अलग से आरक्षण देना चाहते थे, जो संविधान के बिलकुल खिलाफ है. आरक्षण का जो हक बाबा साहब ने दलित, पिछड़ों, आदिवासियों को दिया कांग्रेस और उसका गठबंधन उसे मजहब के आधार पर मुसलमानों को देना चाहते थे. मोदी, संविधान को समझता है. मोदी संविधान को समर्पित है, मोदी बाबा साहब अंबेडकर की पूजा करने वाला व्यक्ति है.

### विजयन बोले- मुसलमानों पर टिप्पणी ओछी

## देश का निर्वाचन आयोग निष्पक्ष काम नहीं कर रहा

**कन्नूर (केरल)।** केरल के सीएम पिनराई विजयन ने मंगलवार को कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि निर्वाचन आयोग (ईसी) कथित रूप से मुसलमानों के खिलाफ पीएम नरेंद्र मोदी के बयान के संबंध में निष्पक्ष तरीके से काम नहीं कर रहा. विजयन



ने तर्क दिया कि ऐसी स्थिति में निर्वाचन आयोग को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए थी, लेकिन वह इस मामले पर अब तक चुप है. उन्होंने कहा, यह अफसोस की बात है. निर्वाचन आयोग को यह दिखाना चाहिए था कि वह निष्पक्ष है. इस पर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए थी. विजयन ने कहा कि यह एक ऐसा मुद्दा है जिसे सुप्रीम कोर्ट के सामने उठाना होगा उन्होंने साथ ही दावा किया कि पीएम मोदी के ऐसे बयानों से देश में भाजपा विरोधी भावना मजबूत हो रही है तथा भाजपा और भी अलग-थलग पड़ जाएगी. मोदी ने रविवार को राजस्थान के बांसवाड़ा में एक चुनावी रैली के दौरान कहा था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह लोगों की संपत्ति मुसलमानों में बांट देगी.

### अखिलेश यादव ने कसा तंज

## भाजपा नेताओं के भाषणों से दिखने लगे हैं चुनावी रुझान

**लखनऊ।** सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकसभा के पहले चरण के चुनाव में भाजपा की हालत खराब होने का दावा करते हुए कहा कि भाजपा नेताओं के भाषणों से चुनाव परिणामों के रुझान दिखाई देने लगे हैं. उन्होंने कहा, चुनाव के बाद



गठबंधन की सरकार बनने पर गरीबों को मिल रहा राशन तो मिलेगा ही, साथ में उन्हें पौष्टिक सामग्री और मुफ्त मोबाइल डेटा दिया जाएगा. यादव ने कहा, वैसे चुनाव के रुझान तो बाद में आते हैं, लेकिन अभी दिल्ली और लखनऊ वालों का भाषण आपने सुना होगा. जो सत्ता से बाहर जाने वाले हैं उनके भाषणों में परिणाम का रुझान दिखने लगा है. हम कहना चाहते हैं कि समय आ गया है कि संविधान की बात हो. अखिलेश ने कहा, भाजपा की जो पहचान है, वह झूठ और लूट की है. भाजपा वालों ने अपराधियों और भ्रष्टाचारियों का सबसे बड़ा गोदाम बनवा लिया है. जितने अपराधी और भ्रष्टाचारी हैं, सब इनके गोदाम में पहुंच गए हैं. जब से चुनावी बॉण्ड की बात पता चली है, भाजपा का बैंड बजा हुआ है.

### प्रियंका का मोदी पर खुला हमला

## देश के सबसे बड़े नेता ने छोड़ दी है नैतिकता

**चित्रदुर्ग (कर्नाटक)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने मंगलवार को पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि देश के सबसे बड़े नेता ने नैतिकता छोड़ दी है, वह लोगों के सामने नाटक करते हैं और सत्य के पथ पर नहीं चलते हैं.



आवाज दबाकर, बैंक खातों पर रोक लगाकर और दो सीएम को जेल में डाल कर हमें कमजोर करने की कोशिश हो रही है. एक जमाना था जब देश में एक नेता खड़ा होता था, तो उससे ये आशा रखते थे कि वह नैतिक इंसान होगा. आज देश के सबसे बड़े नेता नैतिकता को छोड़ कर आपके सामने नाटक करते हैं. देश के सबसे बड़े नेता सत्ता दिखाने निकलते हैं, अपनी शान, शोहरत दिखाते हैं, लेकिन सत्य के पथ पर नहीं चलते. अब यह स्पष्ट हो गया कि कैसे नोटबंदी से काले धन को सफेद किया गया और फिर इसे भाजपा के खाते में डाला गया. जो कंपनियां 100 करोड़ भी कमाने में असमर्थ थीं, उन्होंने भाजपा को (चुनावी बॉण्ड) 1,100 करोड़ का चंदा कैसे दिया.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,800 |
| चांदी (किलो) | 84,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### सुप्रीम कोर्ट में रामदेव को फिर पड़ी फटकार

**नयी दिल्ली।** पतंजलि मामले में सुनवाई का दायरा बढ़ाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एफएमसीजी कंपनियों के भ्रामक विज्ञापनों पर कड़ा रुख अपनाया और तीन मंत्रालयों से जनता के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले इस तरह के चलन को रोकने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी मांगी. रामदेव और बालकृष्ण ने पीठ को बताया कि उन्होंने भ्रामक विज्ञापनों पर बिना शर्त सार्वजनिक माफी मांगी है और वे अपनी गलतियों के लिए बिना शर्त माफी मांगते हुए अतिरिक्त विज्ञापन भी जारी करना चाहते हैं.

-पेज 12 भी देखें

#### भारत चौथा सबसे अधिक सैन्य खर्च वाला देश बना

**नयी दिल्ली।** भारत 2023 में 83.6 अरब डॉलर के खर्च के साथ अमेरिका, चीन और रूस के बाद विश्व स्तर पर चौथा सबसे बड़ा सैन्य खर्च करने वाला देश था. एक स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय संस्थान ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है. स्टाकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट ने अपनी रिपोर्ट इस महीने अपनी वेबसाइट पर साझा की और कहा कि पिछले साल वैश्विक सैन्य खर्च में वृद्धि के लिए मुख्य रूप से यूक्रेन में चल रहे युद्ध और एशिया तथा ओशिनिया व पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है.

#### गिरिराज सिंह ने फिर दिया विवादित बयान

**बेगूसराय।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को एक बार फिर कहा कि वह खुले तौर पर कह रहे हैं कि वह बेगूसराय में पाकिस्तान समर्थक देशद्रोहियों से वोट नहीं मांगेंगे. गिरिराज भाजपा उम्मीदवार के तौर पर एक बार फिर से बेगूसराय से चुनाव लड़ रहे हैं. दो दिन पहले ही भाकपा की बिहार इकाई ने निर्वाचन आयोग से घृणा भाषण को लेकर गिरिराज सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी.

## जोबा मांझी, अर्जुन मुंडा, कालीचरण और कामेश्वर बैठा ने किया नामांकन



**रांची।** खूंटी लोकसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने मंगलवार को नामांकन किया. वहीं सिंहभूम लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी ने भी पर्चा दाखिल किया. नामांकन से पहले अर्जुन मुंडा ने पत्नी मीरा मुंडा के साथ कर्रा के सोनमेर मंदिर तथा अमरेश्वर धाम में पूजा-अर्चना की. नामांकन के दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो भी उनके साथ रहे. नामांकन के बाद अर्जुन मुंडा ने रोड शो भी किया. इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के कालीचरण मुंडा ने भी नामांकन किया. पर्चा दाखिल करने के दौरान झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी जीएस मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री आलमगीर आलम, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की भी मौजूद थे. नॉमिनेशन से पहले कालीचरण मुंडा भी तमाड़ स्थित मां दिउड़ी मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना की. उधर सिंहभूम लोकसभा सीट के लिए इंडी गठबंधन से झामुमो विधायक जोबा मांझी ने नामांकन किया. इस दौरान उनके साथ सीएम चंपाई सोरेन, हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन समेत कई लोग मौजूद थे. सिंहभूम से भाजपा की प्रत्याशी गीता कोड़ा पहले ही नामांकन कर चुकी हैं. जोबा मांझी ने भी नामांकन से पहले अपने पति की समाधि पर जाकर दुआ मांगी. उधर, पलामू संसदीय सीट से पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने भी बसपा उम्मीदवार के रूप में पर्चा दाखिल किया.



### चाईबासा में चंपाई ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा

## भाजपा सिर्फ जुमलेबाजी करती आयी है: मुख्यमंत्री



**रवि भारती। रांची**

झामुमो उम्मीदवार जोबा मांझी के परचा दाखिल करने के बाद सीएम चंपाई सोरेन ने सभा में भाजपा पर निशाना साधा. कहा- भाजपा कभी आदिवासी-मूलवासी के बारे में नहीं सोचती. 2014 से लेकर आज तक सिर्फ जुमलाबाजी करती आ रही है. सिंहभूम सीट से झामुमो प्रत्याशी के नामांकन के मौके पर जो जनसैलाब आया है, साबित कर दिया कि पहले चरण के चुनाव में हमारी जीत पक्की है. हमलोगों ने पिछले विस चुनाव में भाजपा को यहां खाता भी नहीं खोलने दिया था.

**गठबंधन सभी 14 सीटें जीतेगा :** सीएम ने कहा कि इस बार गठबंधन झारखंड की सभी 14 सीटें जीतेगा. झारखंड के विकास के लिए हमलोगों ने बहुत कुछ किया. भाजपा के पास मुद्दा नहीं है. इस बार भी भाजपा की गारंटी जुमलेबाजी की है. नये चुनाव में नया जुमला. झारखंड में भाजपा ने जनता को धोखा दिया. गठबंधन की सरकार ने सुदूरवर्ती इलाके में लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया. हर परिवार को लाभ दिया जा रहा है. 50 साल से ऊपर के हर व्यक्ति को पेंशन दी जा रही है.

**भाजपा ने वनाधिकार कानून को शिथिल किया :** सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि यह कोल्हान की धरती है. सबसे बड़ा जंगल क्षेत्र है. भाजपा ने वनाधिकार कानून को शिथिल किया. ग्राम प्रधान को भाजपा नहीं मानती. हमने सालों से जल, जंगल, जमीन की लड़ाई लड़ी है. भाजपा से सावधान रहने की जरूरत है. डबल इंजन की सरकार में मानकी मुंडा को शिथिल किया गया. हमारी सरकार मानकी मुंडा छात्रवृत्ति दे रही है. खेल में पोटो हो के नाम से खेल मैदान बनाया. सभी वर्गों को साथ लेकर गठबंधन की सरकार काम कर रही है.

### सिंहभूम की जनता शेर झुकेगी नहीं: कल्पना

**रांची।** कल्पना सोरेन ने जोबा मांझी के नामांकन दाखिल करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ये सिंहभूम की धरती है. यहां की जनता शेर है. किसी के सामने नहीं झुकती है. उन्होंने कहा कि सिंहभूम के लोगों की ताकत न अंग्रेजों के सामने झुकी न तानाशाही सरकार के सामने झुकेगी. बीजेपी को उखाड़ फेंकना है. बीजेपी में जुमलेबाज भरे पड़े हैं. आपको देखना होगा की कौन झारखंड का हित सोचता है. झारखंड में गठबंधन की सरकार बनते ही हो भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने का प्रस्ताव दिया तो गृह मंत्रालय ने कहा की बाद में सोचेंगे. उन्होंने ने हो भाषा को नकार दिया. सरना धर्म कोड को नकार दिया. आरक्षण को खत्म करना चाहते हैं कल्पना ने कहा कि मणिपुर में क्या हुआ आपने देखा. आदिवासी की बात करते हैं, लेकिन जब उनका नरसंहार हुआ तो बीजेपी नेता ने वहां पैर नहीं रखा. ये इनका आदिवासी प्रेम है. कल्पना सोरेन ने कहा कि एक तरफ पूंजीपति की पार्टी है. दूसरी तरफ गरीब, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यकों की पार्टी है. 2019 में पूर्ण बहुमत से हेमंत सोरेन की अगुवाई में सरकार बनी. इसके बाद से लगातार बीजेपी सरकार गिराने का प्रयास करती रही. इस दौरान हेमंत सोरेन कल्याणकारी योजना बनाते रहे. आदिवासी मूलवासी कल्याण के लिए काम करते रहे. सरकारी पदों पर नियुक्ति का काम भी होता रहा. टीचर की बहाली हुई. बीजेपी ने षड्यंत्र करके हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया. अब भी साजिश कर रही है. संविधान को बदलने की कोशिश हो रही है उसमें हमारे हक और अधिकार निहित हैं.

### खूंटी में राजनाथ सिंह की सभा, अर्जुन मुंडा के लिए मांगे वोट

## कांग्रेस हिंदू-मुसलमानों को बांटने की राजनीति कर रही




**सत्य शरण मिश्रा। खूंटी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस पर धर्म की राजनीति करने का आरोप लगाया है. पतरा मैदान में भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के पक्ष में चुनावी सभा करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश में हिंदु-मुसलमानों को विभाजित करने की राजनीति कर रही. सबसे पुरानी पार्टी जनता के हित के विरुद्ध काम कर रही. उसने धर्मनिरपेक्षता के ताने-बाने को खत्म कर दिया, लेकिन भाजपा धर्म या जाति के नाम पर कोई भेदभाव नहीं करती. राजनाथ ने कहा वह कांग्रेस ही थी जिसने दिल्ली में जामिया मिलिया इस्लामिया विवि और अलीगढ़ मुस्लिम विवि में एससी/एसटी के आरक्षण को खत्म करने में अहम भूमिका निभाई.

**झारखंड में हमारे किसी सीएम पर नहीं लगा भ्रष्टाचार का दाग :** राजनाथ ने कहा कि अलग झारखंड र बनने के बाद यहां बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास सीएम बने, लेकिन किसी पर भ्रष्टाचार का दाग नहीं लगा. हेमंत सोरेन का नाम लिए बगैर उन्होंने ने कहा, इस राज्य के एक पूर्व सीएम कहां हैं, बताने की जरूरत नहीं. अपने लंबे राजनीतिक जीवन में मैंने कभी नहीं सुना कि कोई सीएम डेढ दिनों तक लापता रहा.

**इंडी खौफ पैदा कर समर्थन हासिल करना चाहता है :** रक्षा मंत्री ने कहा कि इंडी लोगों में खौफ पैदा कर समर्थन हासिल करना चाहती है. भाजपा प्यार, मोहब्बत, मान सम्मान कर समर्थन चाहती है. झूठ बोलकर और जनता की आंखों में धूल झोंक कर लंबे समय तक राजनीति नहीं की जा सकती. इंडी के लोग यही काम कर रहे. राजनीति करनी है, तो जनता से आंख मिलाकर करनी होगी.

### देश को मोदी जैसा तपस्वी पीएम चाहिए : रक्षा मंत्री

राजनाथ ने जनता से अर्जुन मुंडा को तीन लाख वोटों से जिताने की अपील की. कहा कि देश को बनाने के लिए पीएम मोदी ने अपना जीवन समर्पित कर दिया है. 18-18 घंटे काम करते हैं. रोज 4-5 चुनावी सभाएं कर रहे हैं. ऐसा ही तपस्वी पीएम देश को चाहिए. पहले भारत को गरीबों का देश कहा जाता था, लेकिन मोदी के पीएम बनने के बाद 2014 से बदलाव आया है. भारत 10 साल पहले अर्थव्यवस्था के मामले में 11वें स्थान पर थी, जिसे मोदी सरकार 7 वर्षों में टॉप 5 में लायी. मोदी सरकार में भगवान बिरसा मुंडा, सिदो-कान्हू, चांद-भैरव जैसे नायकों को सम्मान दिया गया. जनजातीय मंत्रालय का बजट 6 गुना तक बढ़ाया गया. रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच 4500 स्टूडेंट्स को वापस लाया गया.

### हेमंत सोरेन ने झारखंड को खूब लूटा: बाबूलाल मरांडी

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड की हालत क्या है, यह जनता देख रही है. हेमंत ने राज्य की हर चीज को लूटने का काम किया. ईडी की चार्जशीट में उनका गुनाह दर्ज है. पीएम मोदी विकसित भारत की बात करते हैं, जबकि ये अपने घर-परिवार को विकसित करने का काम कर रहे हैं. 23 में 13 साल यहां भाजपा की सरकार रही, लेकिन हमारे काल में किसी आदिवासी की जमीन नहीं लूटी गई. ये लोग झूठा प्रचार करते हैं. उन्होंने लोगों से अपील की कि वे संकल्प लेकर जाएं कि अर्जुन मुंडा को खूंटी से जिता कर भेजेंगे और तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएंगे.

### एनएफएचएस-5 का सर्वे | 75% आबादी के पास एसी-कूलर नहीं, 30% ने कभी टीवी देखा ही नहीं...

## भारत में संपत्ति के मामले में कहां ठहरते हैं हिंदू-मुसलमान

- भारत की 20 प्रतिशत आबादी ही सबसे अमीर है

**शुभम संदेश नेटवर्क। नयी दिल्ली**

कांग्रेस के घोषणापत्र पर पीएम मोदी की टिप्पणी चर्चा में है. उन्होंने राजस्थान के बांसवाड़ा में कहा था कि अगर कांग्रेस सरकार आई, तो वो लोगों की संपत्तियां लेकर ज्यादा बच्चे वालों व घुसपैठियों में बांट देगी. मोदी ने कहा था, ये कांग्रेस का मेनिफेस्टो कह रहा है कि वो मां-बहनों के गोल्ड का भी हिसाब रखेंगे. और फिर बांट देंगे.

ये उनको बांटेंगे जिनको मनमोहन की सरकार ने कहा था संपत्ति पर पहला हक मुसलमानों का है. ये अर्बन नक्सल की सोच, मेरी मां-बहनों, ये आपका मंगलसूत्र भी नहीं बचने देंगे. हालांकि, कांग्रेस के मैनिफस्टों में संपत्ति लेकर उसे बांटने का कोई वादा नहीं. लेकिन राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस की सरकार बनने के बाद फाइनेंशियल और इंस्टीट्यूशनल सर्वे कराया जाएगा और पता लगाया जाएगा कि हिंदुस्तान का धन किसके हाथों में है.

उन्होंने कहा था कि जो आपका हक बनता है, वो हम आपको देने का काम करेंगे. ऐसे में जब संपत्ति की बात चल रही है, तो जान लेते हैं कि हिंदुस्तानियों के पास कितनी संपत्ति है? इसे लेकर कई आंकड़े हैं. सरकारी आंकड़े बताते हैं कि भारत की 20% आबादी ही सबसे अमीर है. जबकि, अंतरराष्ट्रीय संस्था के आंकड़े बताते हैं कि 1% भारतीयों का देश की 40% से ज्यादा लोगों की संपत्ति पर कब्जा है.

-शेष पेज 7 पर

### फैक्ट फाइल

**हिंदुओं का हाल**
अमीर-19
गरीब-21
मिडिल क्लास-20
सबसे अमीर-21
सबसे गरीब-21

**मुसलमानों का हाल**
अमीर-22
गरीब-20
मिडिल क्लास-19
सबसे अमीर-19
सबसे गरीब-20


**ईसाई**
अमीर-22
गरीब-17
मिडिल क्लास-19
सबसे अमीर-16
सबसे गरीब-26

**सिखों का हाल**
अमीर-21
गरीब-06
मिडिल क्लास-12
सबसे अमीर-59
सबसे गरीब-02

### कितने अमीर हैं भारतीय

नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे (एनएफएचएस-5) ने संपत्ति के आधार पर 5 हिस्से तय किए हैं. इनमें सबसे गरीब, गरीब, मिडिल, अमीर और सबसे अमीर है. इसके आंकड़ों के मुताबिक, शहरी इलाकों की 46% आबादी सबसे अमीर है. वहीं, गांवों की महज 8% आबादी ही सबसे अमीर की कैटेगरी में शामिल है. सर्वे से पता चलता है कि चंडीगढ़ में भारत के सबसे अमीर लोगों की संख्या सबसे ज्यादा है. यहां की 79% आबादी के पास सबसे ज्यादा संपत्ति है. इसके बाद दिल्ली (68%) और फिर हरियाणा (48%) है.

### हिंदू या मुसलमान... कौन ज्यादा अमीर



हिंदू और मुसलमानों में संपत्ति का अंतर बहुत ज्यादा नहीं है. दोनों ही धर्मों की लगभग 20% आबादी सबसे गरीब है. 19% आबादी सबसे अमीर. धर्म के आधार पर देखा जाए तो सबसे ज्यादा संपत्ति के मालिक जैन हैं. जैन धर्म को मानने वाले 80%से ज्यादा लोग सबसे अमीर हैं. दूसरे नंबर पर सिख हैं, जिनकी करीब 59% आबादी सबसे अमीर लोगों में शामिल है. जबकि, तीसरे नंबर पर ईसाई (26%) आते हैं. इसी तरह एससी की महज 12% आबादी ही सबसे अमीर है. जबकि, एसटी की 6% से भी कम आबादी ऐसी है, जो भारत के सबसे अमीर लोगों में आती है.

**40% संपत्ति पर 1% का कब्जा :** देश की 40% आबादी के धन पर 1% लोगों का कब्जा है. भारत सिर्फ अमीर लोगों का देश बनता जा रहा है. दलित, आदिवासी, मुस्लिम, महिलाएं और मजदूर पीड़ित हो रहे हैं और इससे अमीर और अमीर होते जा रहे हैं, गरीब और गरीब. कॉर्पोरेट टैक्स में छूट देकर अमीरों को लाभ पहुंचाया जा रहा है. दूसरी तरफ, गरीब और मिडिल क्लास सबसे ज्यादा टैक्स भर रहा है. 2022 में 64%जीएसटी सबसे कम कमाने वाली 50%आबादी से मिला था. जबकि, सबसे अमीर 10% लोगों से महज 4%जीएसटी आया था.

## रामनवमी पर जहां भड़की हिंसा, वहां नहीं होने देंगे चुनाव

**एजेंसी। कोलकाता**

**कलकत्ता हाईकोर्ट की चेतावनी**

- जहां लोग शांति से जश्न नहीं मना सकते, तो हमारी सिफारिश है कि वहां चुनाव न हों

रामनवमी पर भड़की सांप्रदायिक हिंसा को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है. मंगलवार को अदालत ने चेताते हुए कहा कि इस साल जिन निर्वाचन क्षेत्रों में सांप्रदायिक हिंसा भड़की है, उन जगहों पर वह लोकसभा चुनाव 2024 की मंजूरी नहीं देगी. अगर लोग शांति के साथ कोई जश्न नहीं मना सकते हैं, तब चुनाव आयोग से हमारी सिफारिश है कि ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव न हों.

हाईकोर्ट की ओर से ये टिप्पणियां रामनवमी के दौरान हुई हिंसा से जुड़ी घटनाओं का न्यायिक संज्ञान लेने के बाद आईं. न्यूज वेबसाइट लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक, मामले की सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस टीएस शिवगणनम ने कहा, हम चुनाव आयोग से सिफारिश करेंगे कि जब लोग कुछ घंटों के लिए शांति के साथ पर्व नहीं मना सकते हैं, तब उन्हें संसदीय प्रतिनिधि चुनने का अधिकार भी नहीं दिया जाना चाहिए. ऐसे में चुनाव (वहां पर) टाल दिए जाने चाहिए. हमें अब देखने दीजिए.

हाईकोर्ट की ओर से आगे कहा गया- कुछ तुच्छ घटनाओं के चलते बड़ा धमाका हो सकता है. ऐसा नहीं होता कि ये सारी घटनाएं पहले से सुनियोजित होती हैं. त्योहार के दिन...किसी आदमी के ऊपर कोई चीज सवार हो जाती है और वह (हो सकता है बाकी लोगों को भड़काए)...लेकिन इस तरह की असिहष्णुता दोनों तरफ से है.

# बालू और कोयला तस्करों में प्रशासन का खौफ खत्म!

सौरभ सिंह। रांची

उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश या हरियाणा में बालू तस्करों की दबंगई की खबरें काफी पहले से आती रही हैं. प्रशासन के अफसरों व कर्मियों पर हमले, यहां तक कि हत्या की खबरें भी सुनी जाती रही है. अब झारखंड में भी यही सब होने लगा है. बालू कारोबार से जुड़े तस्करों के पास जैसे-जैसे पैसे बढ़ रहे हैं, उनका साहस भी बढ़ता जा रहा है. कभी सत्ता संरक्षण तो कभी ब्यूरोक्रेसी से फ्री हैंड मिलने के कारण बालू तस्करों में कानून का डर खत्म सा हो गया है. बचा है तो कानून का पालन कराने वाले जिम्मेदारों के साथ उनका अवैध लेन-देन का रिश्ता. पिछले छह माह के भीतर कम से कम आठ ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिनमें अवैध काम करने वालों ने पुलिस-प्रशासन के अफसरों व कर्मियों पर हमला किया. इनमें छह घटनाओं को बालू तस्करों ने और दो घटनाओं को कोयला के अवैध कारोबारियों ने अंजाम दिया है.



### हमले के पीछे अवैध कमाई

एक तथ्य यह है कि अगर प्रशासन सिर्फ एक बार ना बोल दे तो उस जिले में बालू का अवैध कारोबार नहीं होगा. लेकिन यहां हो कुछ और ही रहा है. अवैध कारोबार करने वाले बालू तस्करों का प्रशासन के अफसरों का रिश्ता मधुर है. सबका हिस्सा बंधा हुआ है. इसी हिस्से के हासिल करने या खुद के हिस्से का रकम बढ़ाने की चाह रखने की परिस्थिति में छापेमारी जैसी अधिकांश कार्रवाई होने लगी है. कई बार ऐसा भी होता है कि पर्याप्त पुलिस बल लिए बिना चोरी-चुपके छापेमारी करने के लिए अफसर पहुंच जाते हैं और हमले की घटना होती हैं.

### जानें कब-कब हुई हमले की घटनाएं

**22 अप्रैल 2024:** धनबाद के टुंडी थाना क्षेत्र के बाजरा घाट पर अवैध बालू खनन के खिलाफ रेड करने गये जवानों पे बालू तस्करों ने हमला कर दिया.

**22 अप्रैल 2022:** बोकारो में खनन विभाग व बीएसएल की टीम पर भीड़ ने हमला बोल दिया. इसमें कई लोग चोटिल हो गए.

**12 अप्रैल 2024:** गिरिडीह में बालू तस्करों और ग्रामीणों ने सीओ-थाना प्रभारी को बंधक बना लिया, घंटों बाद छोड़ा.

**30 मार्च 2024:** हजारीबाग के इचाक में अवैध बालू तस्करों ने सीओ और पुलिस की टीम पर जानलेवा हमला कर दिया था.

**19 फरवरी 2024:** रामगढ़ जिला वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के काकली मोड़ के समीप हजारीबाग डीआईजी की टीम पर कोयला तस्करों ने हमला कर दिया था.

**11 अप्रैल 2023:** कोयला तस्करों द्वारा रामगढ़ जिला के मांडू रेंजर पर जानलेवा हमला कर दिया था, और कार को क्षतिग्रस्त कर दिया.

**12 अप्रैल 2023:** हजारीबाग में छापेमारी करने गई वन-विभाग की टीम पर तस्करों ने हमला बोल दिया और आंख में मिर्ची पाउडर फेंक दिया और कोयले से लदे आधा दर्जन वाहन को छुड़ा ले गए थे.

**18 अप्रैल 2023:** बालू माफिया ने खूंटी के एसडीओ को बीच सड़क पर कुचलने का प्रयास किया. जिसमें वह बाल-बाल बच गए.

**24 नवंबर 2023:** धनबाद में सीआईएसएफ टीम के द्वारा कोलियरी इलाके में पेट्रोलिंग के दौरान उनके साथ मारपीट की गई है.

# रांची से राजस्थान भेजा जा रहा 3950 किलो डोडा जब्त

संवाददाता। रांची



रांची से राजस्थान भेजा जा रहा 3950 किलो डोडा को पुलिस ने जब्त किया है. जब्त डोडा का बाजार मूल्य करीब 6 करोड़ है. एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने नामकुम थाना क्षेत्र के हुवागहातू स्कूल के पास से डोडा लदे ट्रक को पकड़ा है. पुलिस ने ट्रक मालिक सह चालक हरपाल सिंह को भी गिरफ्तार किया है. इस बात की जानकारी एसएसपी ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी.

**ट्रक से राजस्थान भेजा जा रहा था डोडा :** चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि सोमवार की रात सूचना मिली कि ट्रक में डोडा लोड कर राजस्थान भेजा जा रहा है. इसकी जानकारी ग्रामीण एसपी को दी गयी. सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्रामीण एसपी ने एक टीम का गठन किया. गठित टीम ने छापेमारी की और हुवागहातू स्कूल के पास से 3950 किग्रा डोडा लदे ट्रक को जब्त किया. साथ ही एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया. गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान हरियाणा निवासी हरपाल सिंह के रूप में हुई है. वह ट्रक मालिक के साथ-साथ ट्रक का चालक भी है. गठित टीम में डीएसपी वन और नामकुम थाना की टीम समेत और अन्य पदाधिकारी मौजूद थे.

## ब्रीफ खबरें

### हेमंत की बेल पर अब एक मई को सुनवाई

**रांची।** लैंड स्कैम केस के आरोपी व झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर मंगलवार को रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई. इस दौरान ईडी ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया. जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई के लिए एक मई की तिथि निर्धारित की है. 30 अप्रैल तक ईडी को जबाव दाखिल करना है. दरअसल जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री ने अपनी जमानत के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है. इस केस के प्रमुख आरोपी पूर्व सीएम हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं.

### सचिव के काम करने पर कोर्ट ने लगाई रोक

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट से प्रदूषण बोर्ड के सचिव वाई के दास को राहत नहीं मिली है. वाई के दास द्वारा दाखिल रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने उनके काम करने पर रोक का आदेश पारित किया है. इसके साथ ही अदालत ने उनकी जगह किसी अन्य व्यक्ति को वैकल्पिक रूप से पदस्थापित करने का निर्देश दिया है. उल्लेखनीय है कि पूर्व बोर्ड के सदस्य सचिव के रूप में वाई के दास की नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए झारखंड हाईकोर्ट में भी एक याचिका दाखिल की गई थी. जिसपर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की बेंच में सुनवाई हुई. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता नवीन कुमार ने बहस की.

### इजहार अंसारी की बेल पर फैसला सुरक्षित

**रांची।** लिंकेज का 86568 टन कोयला मंडी में बेचकर करोड़ों की अवैध कमाई करने के आरोपी व हजारीबाग के चर्चित कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की बेल पर मंगलवार को सुनवाई हुई. इस दौरान ईडी और आरोपी दोनों की ओर से बहस हुई. दोनों का पक्ष सुनने के बाद रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया. अब कोर्ट क्या फैसला सुनाता है, यह देखना काफी महत्वपूर्ण होगा. दरअसल कोल लिंकेज से जुड़े मामले को लेकर ईडी ने 16 जनवरी को इजहार अंसारी के ठिकाने पर छापेमारी की थी. छापेमारी के बाद ईडी ने उसे गिरफ्तार कर लिया था.

## तालाबों का पानी हो गया है खारा, पीएच मानक भी बढ़ा

# प्रदूषण की जद में राज्य के तालाब घट गई है ऑक्सीजन की मात्रा

रवि भारती। रांची

नदियों के साथ राज्य के तालाबों का पानी भी गंभीर रूप से प्रदूषण की जद में आ गया है. इन तालाबों में बायोकेमिकल ऑक्सीजन मात्रा (बीओडी) बढ़ गई है. जिसके कारण तालाबों का पानी पूरी तरह से प्रदूषित हो गया है. पानी में बायोकेमिकल ऑक्सीजन की मात्रा (बीओडी) प्रति लीटर तीन मिलीग्राम होनी चाहिए. लेकिन राज्य के कई तालाबों में यह पारामीटर बढ़ कर प्रति लीटर 34 मिलीग्राम तक जा पहुंचा है इसका खुलासा झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की जांच रिर्पोट में हुआ है. जांच रिर्पोट में यह पाया गया है कि जमशेदपुर कचहरी तालाब के पानी में बीओडी की मात्रा बढ़ कर पांच मिलीग्राम प्रतिलीटर पहुंच गई है. वहीं आदित्यपुर ब्रिज के नीचे के पानी में बीओडी मात्रा प्रतिलीटर चार मिलीग्राम तक पहुंच गई है. खरकई नदी का पानी भी प्रदूषित हो गया है.


**हजारीबाग झील का पानी है साफ :** हजारीबाग झील का पानी साफ है. इस झील के पानी का पीएच मानक 6.9 है. इस हिसाब से यह पानी पीने लायक है. वहीं बीओडी की मात्रा भी प्रतिलीटर 1.2 मिलीग्राम है. हजारीबाग के इंद्रपुरी चौक में स्थित छठ तालाब पूरी तरह प्रदूषित हो गया है. इस तालाब का पानी अम्लीय हो गया है. यहां के पानी का पीएच मानक 6.2 है. जबकि बीओडी की मात्रा प्रतिलीटर 14 मिलीग्राम हो गई है.

### धनबाद के तालाबों की क्या है स्थिति

| तालाब का नाम | बीओडी की मात्रा (प्रति लीटर, प्रति मिलीग्राम) |
|---|---|
| पंपू तालाब | 14 |
| रानी बांध तालाब | 18 |
| पॉलिटेक्निक तालाब | 30 |
| कुसुंडा तालाब | 16 |
| राजा तालाब झरिया | 34 |
| ताल पोखर | 14 |
| राजाबांध तालाब | 16 |
| रेजिल बांध तालाब | 16 |

### रांची के किस तालाब की क्या है स्थिति

| तालाब का नाम | बीओडी की मात्रा (प्रति लीटर, प्रति मिलीग्राम) |
|---|---|
| जगन्नाथपुर तालाब | 4.1 |
| बड़ा तालाब | 5.8 |
| करमटोली तालाब | 4.2 |
| नामकुम ब्रिज | 5.0 |



### धनबाद के सभी तालाब प्रदूषण की जद में

धनबाद के सभी तालाब प्रदूषण की जद में हैं. यहां के तालाबों के पानी में बीओडी की मात्रा प्रति लीटर 14 से 34 मिलीग्राम तक पहुंच गई है. झरिया का राजा तालाब सबसे अधिक प्रदूषित हो गया है इस तालाब में बीओडी की मात्रा प्रति लीटर 34 मिलीग्राम हो गई है. वहीं पॉलिटेक्निक तालाब के पानी में बीओडी की मात्रा प्रति लीटर 30 मिलीग्राम तक पहुंच गई है.

### प्रति लीटर तीन मिलीग्राम होनी चाहिए बीओडी की मात्रा, पारामीटर पहुंचा 34 पार

#### रांची के सभी तालाब में बढ़ा प्रदूषण का पारामीटर

राजधानी रांची के सभी तालाबों में प्रदूषण का पारा मीटर बढ़ गया है. इन तालाबों के पानी का पीएच मानक की कहीं अधिक तो कहीं कम हो गया है. साथ ही बीओडी की मात्रा भी बढ़ गई है. रांची के बड़ा तालाब के पानी क्षारीए हो गय़ा है. पानी का पीएच मानक सात होता है. जबकि बड़ा तालाब का पानी का पीएच मानक 7.4 हो गया है. वहीं बीओडी की मात्रा 5.8 हो गई है.



#### क्या है मानक

*मध्यम प्रदूषित नदियों का बीओडी मान 2 से 8 मिलीग्राम प्रति लीटर तक हो सकता है. जब बीओडी मान 8 मिलीग्राम प्रति लीटर से अधिक हो तो नदियों को गंभीर रूप से प्रदूषित माना जा सकता है.*

## भाजपा ने 16 दिन में चुनाव आयोग से आठ शिकायतें कीं

# प्रशासन पर मनमानी के लगाये आरोप

सत्य शरण मिश्रा। रांची



भाजपा ने 16 दिन के अंदर चुनाव आयोग से आठ शिकायतें की है. प्रदेश भाजपा की टीम ने राज्य स्तर पर आचार संहिता उल्लंघन और प्रशासनिक गड़बड़ी के मामलों को चिन्हित करने के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिल कर शिकायत पत्र सौंपा है और कार्रवाई करने की मांग की है. भाजपा ने गुमला जिला प्रशासन पर हेलीपैड का अधिक भाड़ा लेने का आरोप लगाया है. इंडिया गठबंधन की उलगुलान रैली में विपक्षी दलों के द्वारा आचार संहिता उल्लंघन करने का आरोप लगाया. भाजपा ने चुनाव आयोग से बोकारो के एसपी को भी हटाने की मांग की है. भाजपा ने राज्य के कई जिलों में प्रशासन पर धारा 107 का दुरूपयोग करने का भी आरोप लगाया है.

### भाजपा ने कब-कब क्या शिकायत की

**22 अप्रैल**- भाजपा ने चुनाव आयोग से शिकायत की कि गुमला जिला प्रशासन हेलीपैड का भाड़ा अधिक ले रहा है. भाजपा की टीम जब अपने नेताओ के लिए हेलीपैड भाड़ा पर लेने प्रशासन के पास गयी तो 53400 जमा करने को कहा गया. भाजपा का कहना है कि झारखंड में कही भी 53400 भाड़ा नहीं है. सब खर्च मिलाकर लगभग 10000 भाड़ा है.

**20 अप्रैल**- भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त से मिलकर इंडिया गठबंधन की उलगुलान रैली में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का आरोप लगाया. भाजपा ने कहा कि रैली को लेकर जिस तरह इंडिया गठबंधन की सहयोगी पार्टियों ने झंडा, बैनर, होर्डिंग, पोस्टर लगाया, वह आचार संहिता का उल्लंघन है.

**19 अप्रैल**- भाजपा ने चुनाव आयोग से बोकारो एसपी को हटाने की मांग की. प्रतिनिधिंडल ने शिकायत की कि बोकारो एसपी पूज्य प्रकाश सिंह का घर धनबाद में ही है और उनकी पोस्टिंग भी धनबाद लोस में हुई है. चुनाव आयोग की गाइड लाइन के अनुसार किसी पदाधिकारी का तबादला उसके गृह जिले से उसी लोकसभा क्षेत्र नहीं होना चाहिए.

**18 अप्रैल**- भाजपा ने चुनाव आयोग से शिकायत की कि 24 अप्रैल को पलामू के शिवाजी मैदान में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में सभा करने के लिए प्रशासन ने मैदान देने के लिए 92 हजार रुपए शुल्क निर्धारित किया है. भाजपा ने मांग की कि सभी मैदान का चुनाव के दौरान निर्धारित शुल्क उपलब्ध कराया जाए

**16 अप्रैल**- भाजपा ने मुख्य चुनाव आयुक्त (नई दिल्ली) से झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य नजरूल इस्लाम की शिकायत की. भाजपा ने कहा कि नजरुल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या की साजिश रच रहे हैं. उन्होंने कहा है कि नरेंद्र मोदी को 400 सीट नहीं दी जाएगी बल्कि 400 फीट जमीन के अंदर गाड दिया जाएगा. जिस प्रकार चुनाव के दौरान नजरुल इस्लाम ने न सिर्फ आदर्श चुनाव आधार सहिता का उल्लंघन किया है बल्कि भादवि की धारा 295ए, 153ए एवं 506 के तहत भी अपराध किया.

**14 अप्रैल**- सिंहभूम लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा पर हमला को लेकर भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन के साथ घटना के वीडियो का पेन ड्राइव भी दिया.. चुनाव आयोग ने इस मामले में जांच का आदेश दिया. प्रतिनिधिमंडल मे विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य रविनाथ किशोर एवं लक्ष्मी कुमारी मौजूद थे.

**9 अप्रैल**- भाजपा ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से राज्य में प्रशासन द्वारा धारा 107 का दुरूपयोग करने की शिकायत की. कहा कि 16 मार्च 2024 को लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है और उसी से पूरे देश में आचार संहिता प्रभावी है. चुनाव के घोषणा के बाद से ही राज्य में प्रशासन द्वारा मनमानी ढंग से संविधान की धारा 107 का दुरूपयोग किया जा रहा है. इस धारा का दुरूपयोग के पराकाष्ठा तब हो गई जब 04 अप्रैल को रांची जिला के बुण्डू थाना क्षेत्र के डामारी गांव के सूरज महतो ने आत्महत्या कर ली, आत्महत्या का कारण यह बताया जा रहा है कि चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रशासन द्वारा कुछ चिन्हित लोगों को 107 के द्वारा नोटिस दिया गाया था जिसमें सूरज का नाम भी था.

**7 अप्रैल**- भाजपा ने चुनाव आयोग से शिकायत की कि लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद से राज्य में प्रशासनिक पदाधिकारियों के आदेश पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के घर से जबरन पार्टी का झंडा-बैनर हटाया जा रहा है. प्रशासन केस का डर दिखा कर झंडा-बैनर हटवा रहा है.

## झारखंड विस नियुक्ति घोटाला, कोर्ट ने पूछा

# जस्टिस विक्रमादित्य कमेटी की रिपोर्ट पर क्या कार्रवाई हुई?

संवाददाता। रांची

झारखंड विधानसभा में अवैध नियुक्ति की जांच की मांग के लिए दाखिल जनहित याचिका पर मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार और विधानसभा से जस्टिस विक्रमादित्य कमिटी की रिपोर्ट आने के बाद की गई कार्रवाई से संबंधित फाइल प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है. इसके साथ ही अदालत ने राज्यपाल के प्रधान सचिव को इस मामले में प्रतिवादी बनाने का निर्देश दिया है. अब इस जनहित याचिका पर हाईकोर्ट 13 मई को सुनवाई करेगा. विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने बहस की. इस संबंध में शिव शंकर शर्मा ने जनहित याचिका दाखिल की है. याचिका में



कहा गया है कि वर्ष 2005 से वर्ष 2007 के बीच में विधानसभा में हुई नियुक्ति में गड़बड़ी हुई है. मामले की जांच के लिए पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद आयोग का गठन किया गया. आयोग ने जांच कर वर्ष 2018 में राज्यपाल को रिपोर्ट भी सौंपी थी. जिसके बाद राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई.

### वीरेंद्र के पिता व पत्नी के खिलाफ इश्तेहार जारी

**रांची।** जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पिता और पत्नी के खिलाफ रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने 82 (कुर्की का वारंट) का इश्तेहार जारी किया है. पिछले दिनों झारखंड हाईकोर्ट ने भी वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी. जिसके बाद से दोनों पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है. इतना ही नहीं रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट भी दोनों को अग्रिम बेल देने से इनकार कर चुका है. इस केस के मुख्य आरोपी वीरेंद्र राम फिलहाल न्यायिक हिरासत में है. बता दें कि ईडी ने 22 फरवरी 2023 को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था. इससे एक दिन पहले 21 फरवरी को ईडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी थी.

## पलामू से ब्रजेश तुरी और चतरा से श्रीराम सिंह लड़ेंगे चुनाव

# 8 सीटों पर चुनाव लड़ेगा राष्ट्रीय समानता दल

प्रमुख संवाददाता। रांची



राष्ट्रीय समानता दल झारखंड के 7 से 8 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने जा रहा है. चतरा और पलामू लोकसभा सीट से प्रत्याशी की घोषणा हो चुकी है. पलामू लोकसभा सीट से ब्रजेश तुरी और चतरा लोकसभा सीट से श्रीराम सिंह डाल्टनगंज से चुनाव लड़ेंगे. पलामू लोकसभा से दल के उम्मीदवार ब्रजेश तुरी गुरुवार को नामांकन करेंगे. इस मौके पर दल के प्रदेश अध्यक्ष कुमुद कुशवाहा, राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेंद्र यादव, प्रदेश महासचिव अशोक कुमार मेहता समेत दल के तमाम नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे. यह जानकारी प्रदेश महासचिव अशोक कुमार मेहता ने दी

प्रदेश अध्यक्ष कुमुद कुशवाहा ने कहा कि राष्ट्रीय पार्टी भाजपा और कांग्रेस के अलावा क्षेत्रीय पार्टी झामुमो, राजद के पास कोई मुद्दा नहीं है. इन पार्टियों ने देश और प्रदेश में समाज के हर वर्ग को ठगा है. बेरोजगारी, शिक्षा, पेंशन, कृषि, महिला उत्थान जैसे मुद्दों पर यह पार्टियां चुनाव के वक्त एक बार फिर मतदाताओं को बरगलाने की कोशिश कर रही हैं. झारखंड में भाजपा ने सबसे अधिक समय तक शासन किया है. उसके बाद झामुमो और कांग्रेस का शासन लंबे समय तक रहा है. इसके बावजूद इन लोगों ने राज्य के युवाओं और बेरोजगारों के लिए एक ठोस स्थानीय नीति तक नहीं बनाई प्रदेश के लाखों युवा शिक्षा और मजदूरी के लिए राज्य से हर साल पलायन करते हैं.

सत्ताधारी दल दावा करता है कि वह समाज के सभी वर्गों को पेंशन दे रहा है, लेकिन हकीकत ये है कि गरीब जरूरतमंदों को विधवा और वृद्धापेंशन का लाभ नहीं मिल रही है. सभी सरकारी योजनाएं बिचौलियों के कारण आम लोगों तक नहीं पहुंच पा रही हैं.

ऐसे में राष्ट्रीय समानता दल ही एक मात्र विकल्प है जो सत्ता के साथ व्यवस्था परिवर्तन करने की मुहिम शुरू कर रखी है, जो देश के मतदाताओं को मतदाता पेंशन और शैक्षणिक आजादी देने की बात करता है, जिससे देश का हर नागरिक आत्मनिर्भर और स्वावलंबी होगा.

### खास बातें

- सत्ता के साथ व्यवस्था परिवर्तन करेगा पार्टी : कुमुद
- झामुमो और राजद के पास कोई मुद्दा नहीं है

## चुनौती
## झामुमो की संपत्तियों की जांच पर 10 मई तक लगाई रोक, शिकायतकर्ता निशिकांत को जारी किया नोटिस

# दिल्ली हाईकोर्ट से पूर्व सीएम शिबू सोरेन को मिली फौरी राहत

संवाददाता। रांची/दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने झामुमो के अध्यक्ष शिबू सोरेन से जुड़ी दो संपत्तियों की जांच पर भारत के लोकपाल को 10 मई तक कोई भी कदम उठाने पर रोक लगाई है. न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने लोकपाल के समक्ष शिकायत दायर करने वाले भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को झामुमो की याचिका पर नोटिस जारी किया है. याचिका में लोकपाल के चार मार्च के आदेश को चुनौती दी गई है. लोकपाल ने अपने आदेश में झामुमो के स्वामित्व वाली दो संपत्तियों की जांच करने के लिए सीबीआई को निर्देश दिया था.



### 10 मई को होगी अगली सुनवाई

दिल्ली हाईकोर्ट में 10 मई को आगे की सुनवाई होगी. हाईकोर्ट ने कहा कि सीबीआई को अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में लोकपाल को देने की अनुमति है हालांकि, सुनवाई की अगली तारीख यानी 10 मई तक लोकपाल द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा.

**कोर्ट में वकीलों ने दिए ये तर्क :** उधर दिल्ली हाईकोर्ट में झामुमो की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अरुणाभ चौधरी पेश हुए. उन्होंने कहा कि दोनों संपत्तियां राजनीतिक दल की हैं, सोरेन की नहीं. यह भी तर्क दिया गया कि चार मार्च का आदेश लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम के तहत भारत के लोकपाल के अधिकार क्षेत्र से परे था. कपिल सिब्बल ने कहा कि कानून के तहत जांच केवल एक व्यक्ति के खिलाफ ही शुरू की जा सकती है, किसी राजनीतिक दल के खिलाफ नहीं. उन्होंने आगे कहा कि सीबीआई अपनी पिछली रिपोर्ट में पहले ही इस निष्कर्ष पर पहुंच चुकी है कि संपत्तियां झामुमो की हैं, इसलिए लोकपाल का आदेश जांच के दायरे से बाहर चला जाता है. बता दें कि लोकपाल ने निशिकांत दुबे की शिकायत पर सीबीआई को सोरेन से जुड़ी कथित बेनामी संपत्तियों की छह महीने के भीतर जांच करने का निर्देश दिया है.

### भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लगाए थे ये आरोप

इससे पहले लोकपाल को दी गई अपनी शिकायत में निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया था कि सोरेन और उनके परिवार के सदस्यों ने बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया है. आगे कहा गया है कि भ्रष्ट तरीकों को अपनाकर अपनी आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित की गई. इस बारे में लोकपाल ने सीबीआई से मासिक रिपोर्ट भेज कर अपनी जांच की प्रगति के बारे में जानकारी देने को भी कहा है. लोकपाल ने यह भी कहा है कि विचाराधीन दो संपत्तियां झामुमो के नाम पर हैं, जो राज्यसभा सांसद सोरेन द्वारा स्थापित एक राजनीतिक दल है और 2014 में उनके माध्यम से खरीदी गई थी. आगे कहा गया था कि जेएमएम को शिबू सोरेन और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा नियंत्रित किया जाता है.

### दायर याचिका में क्या कहा गया

दिल्ली हाईकोर्ट में झामुमो द्वारा दायर की गई याचिका में कहा गया है कि लोकपाल का आदेश प्रथम दृष्टया कानून की दृष्टि से खराब और अधिकार क्षेत्र के बिना है. दावा किया गया कि यह आदेश झामुमो की जानकारी के बिना पारित किया गया था. याचिका में कहा गया है कि आदेश पारित करने से पहले झामुमो को कोई नोटिस जारी नहीं किया गया था.

# अंतु, प्रियरंजन, विपिन और इरशाद से जारी रहेगी पूछताछ

संवाददाता। रांची

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले में ईडी अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद से अभी पूछताछ जारी रखेगी. कोर्ट ने इसकी अनुमति दे दी है. मंगलवार को चारों आरोपियों की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद एजेंसी के अधिकारियों ने कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया. इस दौरान ईडी के अधिवक्ता ने अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद की रिमांड बढ़ाने का आग्रह किया. जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया. ईडी ने सात दिनों की रिमांड मांगी थी. लेकिन कोर्ट ने छह दिनों (29 अप्रैल तक) की रिमांड दी.

**छापेमारी और लंबी पूछताछ के बाद हुई थी गिरफ्तारी :** गौरतलब है कि ईडी ने 16 अप्रैल यानी पिछले मंगलवार को अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद के ठिकानों पर छापेमारी और लंबी पूछताछ के बाद देर शाम अपने साथ ईडी ऑफिस ले गयी थी, जहां ईडी ने चारों को गिरफ्तार कर लिया था. जानकारी के अनुसार, ईडी ने फर्जी डीड बनाने के मास्टर माइंड मोहम्मद सद्दाम को रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी, जिसमें उसने कई अहम जानकारी ईडी को दी थी. उसी के आधार पर ईडी ने इन अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई की.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | बुधवार 24 अप्रैल 2024 बैशाख कृष्ण प्रतिपदा , संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 16 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र





### जमीन की उर्वरकता भी खतरा, मानव के लिए भी घातक- कई कोलियरी से सेटिंग-गेटिंग कर ईंट भट्ठा संचालक मंगवाते हैं कोल डस्ट

# कोलियरी की काली डस्ट से फैल रहीं बीमारियां, पर्यावरण के लिए भी खतरा

**रणजीत कुमार सिंह। धनबाद**

धनबाद में ईंट भट्ठों का संचालन करने वाले न सिर्फ यहां की जमीन बल्कि यहां के रहने वालों को भी गंभीर बीमारियों की सौगात दे रहे हैं. कोलियरी की काली डस्ट से पूरा इलाके को खतरनाक स्तर तक प्रदूषित करने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं. ये डस्ट न सिर्फ आदमी बल्कि पूरे पर्यावरण के ही बेहद खतरनाक हैं. इन बातों के बावजूद भी इनके धंधे को रोकने की ईमादार पहल नहीं की जा रही है. झरिया कोयलांचल में सबसे ज्यादा अवैध ईंट के भट्ठे बोर्रागढ़ ओपी में हैं, यहां करीब दो दर्जन से अधिक भट्ठे संचालित हो रहे हैं. इन भट्ठों को चलाने वाले आसपास की कोलियरियों से संपर्क कर किसी तरह वहां के डस्ट को मंगवा लेते हैं. इन डस्ट का प्रयोग ईंट भट्ठों में बतौर ईंधन किया जाता है. ईंटे पकाने का काम इन काली डस्ट के माध्यम से किया जाता है.

**खास बातें**

- महीनों जमीन पर पड़ी रहती है, हटने के बाद भी पौधे नहीं उग पाते
- फिर भी नहीं हो रही इस धंधे को रोकने की ईमानदार पहल



## इन कोलियरियों से मंगवाई जाती है डस्ट

झरिया के इंडस्ट्र, राजापुर कोलियरी, दोबारी खाद, लोदना और बरारी की कोलियरियों काली डस्ट मंगवाई जाती है. इन कोलियरियों से कोल डस्ट सेटिंग-गेटिंग कर मंगवाई जाती है. ट्रैक्टर से खुले में लाद कर डस्ट को अवैध भट्ठों तक पहुंचाया जाता है. हैरान करने वाली बात ये है कि इन डस्ट को लाने के क्रम में ट्रैक्टर को कई थानों से गुजरना पड़ता है. ट्रैक्टर में बगैर किसी चीज से कवर किए ही ये डस्ट विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुजरता हुआ भट्ठे तक पहुंच जाता है. महीनों तक जमीन पर पड़ा रहता है. इस कारण यहां की जमीन भी खराब हो जाती है. ऐसे में डस्ट के हटने के बाद भी उक्त जमीन पर काफी दिनों तक कोई भी पौधा नहीं उग पाता है.



### भट्ठा संचालकों के खिलाफ की जाए सख्त कार्रवाई : अहमद

पर्यावरण संरक्षण पर काम करने वाली संस्था यूथ कान्सपेट के संयोजक अखलाक अहमद ने कहा कि ईंट भट्ठों का संचालन पूरी तरह से अवैध है. लेकिन जिम्मेवारों की निगाह इस पर नहीं पड़ती है. ये भट्ठे पर्यावरण के साथ-साथ मानव जीवन के लिए भी खतरनाक हैं. झरिया क्षेत्र के लोग बीसीसीएल के रवैये के कारण बीमार हो रहे हैं, लेकिन ये भटठे स्वास्थ्य के लिए भी काफी हानिकारक हैं. ऐसे में प्रशासन से मांग है कि इन अवैध भट्ठों के संचालन को बंद किया जाए और इनके संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर इन्हें जेल भेजा जाए.

### रात में अपराधियों का अड्डा, दिन में पशुओं का चारागाह बना भवन

# 16 साल से अधूरा है 40 करोड़ का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

**राजा गुप्ता। धनबाद**

देश की कोयला राजधानी धनबाद में स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने के लिए वर्ष 2008 में चार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने के लिए योजना बनायी गई. ताकि धनबाद के लोगों को वर्तमान स्वास्थ्य केंद्रों के अलावा अन्य केंद्रों से भी चिकित्सा सेवा मिले. चारों स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास भी किया गया. टेंडर निकाल कर अस्पताल बनाने के लिए काम भी शुरू किया, लेकिन दो वर्ष के भीतर ही काम को रोक दिया गया. ठेकेदारों को बिल भी भुगतान कर दिया गया, लेकिन धनबादवासियों को अस्पताल नहीं मिला. 16 साल से 40 करोड़ का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधूरा पड़ा हुआ है, जो आज की तारीख में खंडहर में तब्दील हो रहा है. भवन रात में असामाजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है और दिन में पशुओं का चारागाह बन जाता है. जानकारों का कहना है कि 2008 में गोविंदपुर के अंबोना मोड़, बलियापुर के प्रधानखंता, टुंडी और निरसा में हेल्थ सेंटर बन रहा था. स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दो वर्षों बाद चारों स्वास्थ्य केंद्र को प्रदूषित व वीरान स्थान में बनने की बात कह रोक दिया.

**2008**

**में गोविंदपुर के अंबोना मोड़, प्रधानखंता, टुंडी और निरसा में बन रहा था हेल्थ सेंटर**

**दो वर्षों बाद चारों को स्वास्थ्य विभाग ने प्रदूषित व वीरान स्थान में बनने की बात कह रोका**



### नेताओं, अधिकारियों व ठेकेदारों पर मोटी रकम हड़पने का आरोप

जबकि नियमत: विभाग की ओर से स्थल का निरीक्षण करने और नक्शा बनने के बाद ही स्वास्थ्य केंद्र बनाने की अनुशंसा की जाती है. फिर मुख्यालय से सहमति मिलने के बाद ही भवन बनाने के लिए योजना को धरातल पर उतारा जाता है. लोगों का कहना है कि धनबाद में चार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने के नाम पर 40 करोड़ का घोटाला हुआ है. जनता के टैक्स के रुपये को नेताओं, अधिकारियों व ठेकेदारों के हड़प लिया. आम जनता वोट देकर नेताओं को चुनाव में जीत दिलाती है. ताकि उन्हें सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिल सके, लेकिन यहां नेता व अधिकारी मिलकर जनता को सुविधा दिलाने के नाम पर लूटने में लगे हैं. लोगों को सुविधा कम और निराशा अधिक मिलता है.

### गेट, दरवाजा व खिड़कियां हो गई चोरी

लोगों का कहना है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन तो खंडहर हो रहा है, लेकिन वहां के गेट, दरवाजा व खिड़की चोर चोरी कर ले गए. स्वास्थ्य केंद्र के आसपास जंगल-झाड़ उग आए है. 16 साल में स्वास्थ्य विभाग के न तो सिविल सर्जन निर्माणाधीन अस्पताल को देखने गए और न ही किसी वरीय या कनीय अधिकारियों ने जांच की. अस्पताल के बारे में कोई भी आधिकारिक बयान देने के लिए कोई तैयार नहीं है. सभी कहते हैं कि मामला 2008 है. जो लोग उस समय अधिकारी थे, वे अब रिटायर्ड हो चुके हैं. विभाग की ओर से कभी इस मामले की जांच तक नहीं की गई है.

## चाचा ने भतीजे की कुल्हाड़ी से मार कर की हत्या

**बहरागोड़ा।** बरशोल थाना क्षेत्र के खेड़या पंचायत अंतर्गत जयपुरा गांव में अपने वंशीय चाचा ने भतीजा रुद्र मोहन साउ (52) के सर पर



कुल्हाड़ी से वार कर की हत्या. मिली जानकारी के अनुसार आपसी जमीन विवाद को लेकर कई वर्षों से दोनों परिवार के बीच कलह था.ओर जिसको लेकर कई बार ग्रामीणों द्वारा सुलझाया गया था. लेकिन मंगलवार की सुबह चाचा संजीवन साव ने विवाद का अंत करते हुए सर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया. जिसकी सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंच कर घायल को अपनी निजी वाहन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लाया गया. जहां घायल के प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए उच्च चिकित्सा हेतु पीआर एम मेडिकल कॉलेज बारीपदा रेफर कर दिया गया. वहीं परिजन 108 एंबुलेंस द्वारा बारीपदा ले जाने के क्रम में रास्ते में ही घायल की मृत्यु हो गई. जिसके बाद मृतक को पुनः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लाया गया. उधर मौके पर पुलिस ने पहुंच कर लाश को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण हेतु घाटशिला भेज दिया. साथ ही हत्यारे को गिरफ्तार करके तथा हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी जब्त करके पुलिस अपने स्तर से जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है.

### पुरानी रंजिश में मारपीट, पहले सड़क पर फिर घर ले जाकर पीटा

# युवक का हाथ- पैर तोड़ कर फेंका

**संवाददाता। पुटकी**

वासुदेवपुर 14 के युवकों के गिरोह ने एकडा के सुजीत केवट का करकेंद बैंक ऑफ इंडिया के सामने बोकारो पथ से मारने की नीयत से अपहरण कर जम कर पिटाई कर फेंक दिया. लोयाबाद के एक मामले में वह फरार चल रहा था. पुलिस ने उसके घर सोमवार को इश्तहार चिपकाया था. हमलावर करीब 15 थे. हमलावरों ने युवक को पहले सड़क पर सुबह 8 बजे ईंट पत्थर, डंडे से पीटा फिर घर ले जाकर पीटा. बांया हाथ व बायां पैर तोड़ दिया.

सुजीत ने पुलिस को बताया कि हमलावरों ने पीटने के बाद 3.15 बोर का देसी कट्टा उसकी कमर में डाल दिया. जिसे केंदुआडीह पुलिस ने जब्त कर सुजीत पर आर्म्स एक्ट में केस दर्ज किया. सुजीत एकडा के सतेंद्र केवट का भतीजा है. दोनों पक्षों में एक पक्ष रागिनी सिंह तो दूसरा ढुल्लू महतो का समर्थक है. लोयाबाद थाने में सुजीत के खिलाफ 3 केस दर्ज है. केंदुआडीह के थानेदार आरएन ठाकुर ने कहा, एसआई कृष्णा पाहन की शिकायत पर सुजीत पर आर्म्स एक्ट का केस व अस्पताल में इलाजरत सुजीत के बयान पर 8 नामजद व 10 अज्ञात पर केस दर्ज हुा है. सुजीत ने सुनील रॉय, दिनेश,पारस राय, राजेश,जाटो रवानी,गोविंद बाउरी, अनिल,रोमा पर जानलेवा हमला कर हाथ पैर तोड़ने कर जख्मी करने का आरोप लगाया है. उसने बताया कि एक युवक ने उसे करकेंद मोड़ पर बुलाया. बाइक सवार कुछ युवक गल्ला पट्टी तो कुछ दूसरी तरफ से उसे घेर सड़क पर ही पीटने लगे. उसे बाइक पर बैठाया. फिर टेंपो पर बैठा कर वासुदेवपुर 14 नंबर ले गए. वहां पीटने के बाद मुहल्ले के पीछे फेंक दिया. युवक के परिजनों ने लोयाबाद थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार को इसकी सूचना दी. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर युवक को खून से लथपथ बरामद किया और केंदुआडीह पुलिस को बुलाया गया.



### सेल की जीतपुर कोलियरी में पानी के रिसाव से हड़कंप

# डीजीएमएस टीम ने 6 घंटे जांच की

- दूसरे दिन भी ठप रहा उत्पादन, यूनियन नेताओं ने मजदूरों की सुरक्षा को बताया अहम

**संवाददाता। झरिया**

सेल की जीतपुर कोलियरी के भूमिगत खदान में पानी रिसाव से हड़कंप मचा हुआ है. रिसाव की वजह से खदान में दूसरे दिन भी उत्पादन ठप रहा. खदान से दो सौ मजदूरों को रेस्क्यू कराया जा चुका था. घटना के दूसरे दिन मंगलवार को डीजीएमएस की टीम ने खदान का निरीक्षण किया. निदेशक एमके साहू ने टीम के साथ कोलियरी आकर खदान का नक्शा देखा और पानी रिसाव के कारणों की जांच की. प्रबंधन के साथ तीन घंटे बैठक कर जानने की कोशिश की कि आखिर रिसाव क्यों हो रहा है.

**कहीं टाटा की बंद खदान में पंपिंग न होना कारण तो नहीं :** बैठक के बाद डीजीएमएस के अधिकारी जीएम बादल मंडल, डीजीएम मनीष कुमार, सुरक्षा अधिकारी बागची के साथ खदान में जाकर टाटा कोलियरी के 6/7 नंबर की बंद खदान के बैरियर के पास और रिसाव स्थल का निरीक्षण किया. सूत्रों की मानें, तो सेल की जीतपुर खदान के अधिकारी टाटा बंद खदान में पंपिंग कार्य बंद होने से उसमें पानी जमा होने के कारण खदान में पानी रिसाव की आशंका जताई है. डीजीएमएस की टीम मामले में बिन्दुवार जांच कर रही है. डीजीएमएस की टीम ने कोलियरी में लगभग छह घंटे तक जांच की. प्रबंधन सहित डीजीएमएस के अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कुछ भी बताने से इंकार कर दिया है.

*डीजीएमएस की टीम पता लगा रही, आखिर क्यों हुआ कोलियरी में पानी का रिसाव?*



### चार दिनों से हो रहा है पानी का रिसाव

ज्ञात हो कि खदान की चाल से पिछले चार दिनों से पानी का रिसाव हो रहा था. कोलियरी अधिकारी रिसाव को मामूली मानकर हल्के में ले रहे थे. खदान में पहले कभी पानी का रिसाव नहीं होता था,अचानक रिसाव होने के मामले को यूनियन नेताओं ने गंभीरता से लेते हुए प्रबंधन पर सुरक्षात्मक कदम उठाने का दबाव बनाया. उप महाप्रबंधक मनीष कुमार ने सोमवार को दिन में यूनियन नेताओं से वार्ता कर सहयोग की अपील की.

## धनबाद: अधिकारियों ने की छापेमारी, 24 वाहन जब्त

**कतरास।** बीसीसीएल एरिया पांच के निचितपुर कोलियरी अंतर्गत गाड़ियों के कागजातों की जांच को लेकर मंगलवार को अधिकारियों के टीम ने छापेमारी की. इस दौरान 24 वाहनों को जब्त किया गया. निरीक्षण में एसडीएम उदय रजक, डीएमओ, डीटीओ चंद्रिका द्विवेदी, जीएल धुर्वे, बाघमारा सीओ रवि भूषण, पुटकी सीओ विकास आंनद आदि शामिल थे. वाहनों के कागजात, नंबर प्लेट में विसंगति पाई गई. ईस्ट बसुरिया ओपी प्रभारी ने बताया कि कोलियरी प्रबंधक द्वारा वाहन जब्ती को लेकर कोई शिकायत नही की गयी है.

### पुलिस ने गोलमुरी फायरिंग मामले में दो को किया गिरफ्तार

# आरोपियों के पास से हथियार और कारतूस जब्त



**संवाददाता। जमशेदपुर**



गोलमुरी थाना अंतर्गत केबुल टाउन के पास बीते 16 अप्रैल को संदीप सिंह पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में सुमित कुमार यादव उर्फ मूढ़ी और विक्की सिंह शामिल हैं. पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त देसी पिस्टल और एक गोली बरामद किया है. वहीं पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखा बरामद किया था. मामले का खुलासा करते हुए सिटी एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने बताया कि 16 अप्रैल को संदीप सिंह पर फायरिंग की गई थी. इस मामले में संदीप के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी. अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने सुमित और विक्की को गिरफ्तार किया. पूछताछ में सुमित ने बताया कि सभी कंपनी परिसर से लोहे की चोरी करते है. इसी बात को लेकर दोनो में विवाद चल रहा था. जिसके बाद सभी ने संदीप की हत्या का प्लान बनाया. सिटी एसपी ने बताया कि घटना में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है

**राजनीति** | राजद और कांग्रेस में सर्वमान्य नेता को चतरा के रण में उतारने पर भी चल रहा विचार-विमर्श, चर्चा है- केएन त्रिपाठी की जगह आ सकता है नया नाम !

# न्याय उलगुलान रैली लहूलुहान क्या हुई, उठने लगे सवाल...हो रहे बदलाव के चर्चे

**रवि भारती। रांची**

इंडिया गंठबंधन में कांग्रेस ने भले ही चतरा से केएन त्रिपाठी को प्रत्याशी बना दिया है, लेकिन उन्हें न तो कार्यकर्ता पचा पा रहे और न राजद के लोगा. चतरा को राजद अपनी सीट मानता रहा है. ऐसा इसलिए कि राजद ने यहां से कई दफा जीत दर्ज की है. कांग्रेस 1984 का चुनाव जीतने के बाद कभी इस सीट को अपने कब्जे में ले सकी.

कांग्रेस इस सीट से प्रत्याशी बदल - बदल कर चुनाव लड़ती-लड़ाती रही, लेकिन उसे जीत नहीं मिली. जातिगत समीकरण भी देखा जाए, तो राजद का पलड़ा भारी है. इसलिए राजद हमेशा चतरा पर दावा करता रहा है. कई दफा तो गठबंधन का हिस्सा होते हुए राजद ने यहां कांग्रेस से फ्रेंडली मैच खेला है. हालांकि इससे दोनों ही को नुकसान उठाना पड़ा है और भाजपा बाजी मार ले जाती रही है. इंडिया में सीट शेयरिंग की वजह से चतरा सीट कांग्रेस के खाते में चली गयी. गेटिंग-सेटिंग में माहिर कांग्रेस नेता केएन त्रिपाठी चतरा सीट से टिकट लेने में तो कामयाब रहे, लेकिन उनकी पार्टी के लोग ही उन्हें पचा नहीं पा रहे. रविवार को उलगुलान रैली को दोनों के नेताओं ने लहूलुहान कर यह बता दिया कि चतरा में अभी और गुल खिलना है. राजद वाले बाहरी वापस जाओं का नारा बुलंद करते हुए त्रिपाठी जी का विरोध कर रहे. रैली लहूलुहान होने के बाद दोनों पक्षों ने धुर्वा थाने में केस तो दर्ज कराया ही है, प्रशासन ने भी अलग से आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज कर इंडिया गठबंधन के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है.

**बड़ा सवाल**

- क्या गोड्डा की तरह चतरा से भी कांग्रेस प्रत्याशी का पत्ता साफ होगा
- राजद को सीट दी जाएगी या राजद के नेता को मिलेगा कांग्रेस का हाथ?



### टिकट की आस में गिरि ने राजद को नाथ बनाया, पर नहीं बनी बात

राजद के पुराने दिग्गज नेता गिरिनाथ सिंह हैं. दलबदल कर अपनी फजीहत खुद करा बैठे हैं. पिछले चुनाव (2019) के वक्त लालटेन बुझा कर अन्नपूर्णा के साथ कमल फूल खिलाने चले गये. उन्हें कोडरमा से टिकट मिल गया, लेकिन गिरिनाथ हाथ मलते रह गये. टिकट नहीं मिला, तो मन मसोस कर रह गये. पांच साल किसी तरह गुजार दिया. पिछली बार चूक गये थे, इसलिए इस बार उम्मीद थी कि चतरा से कमल फूल खिलाने का मौका मिलेगा, लेकिन फिर नहीं सके. भाजपा ने किनारे कर दिया. अंदर ही अंदर खिसियाये, पैर पटके. अन्नपूर्णा देवी से मदद की आस थी, लेकिन मदद नहीं कर सकीं, तो गिरिनाथ बाबू ने फिर से केरोसिन का जुगाड़ किया और लालटन जलाने चले गये. लेकिन लालटन ठीक से जला भी न सके थे कि सीट शेयरिंग की ऐसी हवा बही कि लालटन की लौ लटपटा गई. बेचारे गिरिनाथ बाबू के चतरा से चुनाव लड़ने के मंसूबे पर पानी फिर गया. वैसे अभियो गिरिनाथ बाबू उम्मीद लगाये बैठे हैं, शायद कोई चमत्कार हो जाए.

### अब गिरिनाथ सिंह को कांग्रेस का पंजा थमाने की हो रही चर्चा

कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी की चतरा सीट में कोई खास पकड़ नहीं है. वैसे उनके समर्थक दावा करते हैं कि त्रिपाठी जी ढेर दिन से टिकट के लिए लगल थे. लेकिन सच तो यह है कि चतरा में कांग्रेस है भी या नहीं, यह कांग्रेसियों को भी नहीं पता है. त्रिपाठी महोदय को तो चतरा के कांग्रेसी भी ठीक से जानते-पहचानते नहीं हैं. एक तो कांग्रेस में भितरघात की आशंका ऊपर से राजद की भौंहें टेड़ी होने के कारण भी कांग्रेस नेतृत्व इस सीट को लेकर भी टेंशन में है. क्योंकि कांग्रेस प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष ने गोड्डा में जो खेल खेला था, उसकी पोल खुल गई और अंततः राहुल गांधी की दखलअंदाजी के बाद गोड्डा से प्रत्याशी बदलना पड़ा. अब वैसी ही कुछ स्थिति चतरा में पैदा हुई है. ऐसे में इस सीट से राजद नेता गिरिनाथ सिंह को हायर कर पंजा थमाने की चर्चा चल रही है. सूत्रों की मानें तो गिरिनाथ सिंह पंजा (कांग्रेस) या लालटेन (राजद) से चुनाव लड़ सकते हैं.

### त्रिपाठी जी के भाई का सिर भी फट गया केस हुआ सो अलग, अब फजीहत भी हो रही

इंडिया की रविवार को रांची में हुई उलगुलान रैली में आरजेडी- कांग्रेस के कार्यकर्ता आपस में भिड़े गये. लात-घूसे चले, जमकर कुर्सियां भी फेंकी गईं. कांग्रेस प्रत्याशी केएल त्रिपाठी के भाई नंद गोपाल त्रिपाठी भी खूबे पिटाये. राजद वालों ने सिर फोड़ डाला. खिसियाये नंद के गोपाल जी ने भी कुर्सियां भांजी. भगदड़ मची. केस-मुकदमा भी हुआ. मारपीट की घटना के बाद दोनों पक्षों ने धुर्वा थाना में एफआईआर भी दर्ज कराया. उपर से प्रशासन ने भी आचार संहिता उल्लंघन का केस ठोक दिया है. पूरी घटना उस वक्त हुई, जब मंच से गठबंधन के नेता उलगुलान रैली के माध्यम से अपनी बातों को रख रहे थे.

### कांग्रेस नेतृत्व ने मांगी है रिपोर्ट बदल सकते हैं चतरा प्रत्याशी!

सूत्रों के अनुसार चतरा लोकसभा सीट के प्रत्याशी का बड़े पैमाने पर विरोध होने और रैली में मारपीट की घटना को कांग्रेस नेतृत्व ने गंभीरता से लिया है. कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने केएन त्रिपाठी की रिपोर्ट मांगी. यदि मांगी गयी रिपोर्ट सही नहीं हुई, तो एक-दो दिन में चतरा लोकसभा सीट के प्रत्याशी को बदला जा सकता है. इसके बाद अब पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ऐसे नाम की घोषणा कर सकती है, जिस पर कांग्रेस और राजद दोनों के कार्यकर्ता सहमत हों.

## ब्रीफ खबरें

### मेदिनीनगर: आज भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के नामांकन का दिन जैसे-जैसे नजदीक आता जा रहा है वैसे वैसे पलामू में चुनावी सरगर्मी भी बढ़ती जा रही है. अब चौथे चरण के नामांकन के दो दिन शेष बचे हैं. पलामू लोकसभा चुनाव में विभिन्न दलों के प्रत्याशी 24 अप्रैल को नामांकन करेंगे. जिससे शहर में अत्यधिक भीड़ होगी. भीड़ के अधिक होने की संभावना को देखते हुए पलामू जिला प्रशासन ने यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है. यातायत परिचालन की सुगमता को लेकर सभी छोटे-बड़े मालवाहक वाहनों का मेदिनीनगर शहर में प्रवेश वर्जित कर दिया गया है. प्रवेश वर्जित की समय सीमि पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 04 बजे तक है.

### अपना ढाबा में दीवार काटकर हजारों रुपये के सामान चोरी

**नावाबाजार/पलामू।** एनएच 75 मुख्य पथ के पड़वा विश्रामपुर मुख्य मार्ग पर ब्रहमोरिया-लादी गांव स्थित अपना ढाबा में चोरों ने दीवार काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है. इस घटना में लगभग 60 हजार रुपए मूल्य की सामग्री समेत नगद 5800 रुपए चोरों के हाथ लगे हैं. पीड़ित अजय विश्वकर्मा ने घटना की जानकारी नावाबाजार थाना को दे दी है. जानकारी के अनुसार अजय विश्वकर्मा के द्वारा एनएच 75 स्थित ब्रहमोरिया-लादी गांव में अपना ढाबा नाम से एक लाइन होटल संचालन किया जाता है.

### कोयला लदी ट्रक पलटा बाल-बाल बचे चालक

**लातेहार।** रांची-मेदनीनगर राष्ट्रीय उच्च पथ-75 पर स्थित झरिया डैम व दुग्ध शीतक केंद्र के पास एक कोयला लदा ट्रक (सीजी 15इए-6975) अनियंत्रित हो कर पलट गया. इस घटना में ट्रक का चालक व खलासी बाल बाल बच गया. जानकारी के अनुसार उक्त ट्रक कोयला लाद कर सिंगरौली से लातेहार के रास्ते जमशेदपुर जा रहा था. इसी दौरान झरिया डैम के पास अनियंत्रित होकर पलट गया. ट्रक में लदा कोयला सड़क पर बिखर गया. घटना की सूचना मिलते ही लातेहार पुलिस घटनास्थल पहुंची और सड़क में गिरे कोयला को हटा कर आवागमन दुरुस्त कराया.

### भाजपा मंडल महामंत्री का निधन, क्षेत्र में शोक

**बरवाडीह (लातेहार)।** पूर्व विधायक प्रतिनिधि व भाजपा मंडल महामंत्री प्रदीप सिंह (40) का रांची के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मंगलवार को निधन हो गया. ज्ञात हो कि रविवार कि रात प्रदीप सिंह की तबीयत अचानक से खराब हो गई थी. इसके बाद परिजनों ने इलाज के लिए बडवाडीह स्वास्थ्य केंद्र लाया. यहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए डालटनगंज रेफर कर दिया था.वहां से रांची रेफर कर दिया. भाजपा मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह ने प्रदीप सिंह को सोमवार को रांची के एक अस्पताल में भर्ती कराया. यहां इलाज के दौरान ही मंगलवार को उनका निधन हो गया.

### चादरपोशी के साथ सालाना उर्स शुरू

**मेदिनीनगर।** शाहपुर स्थित हाशिम शाह दाता का सालाना उर्स आज से शुरू हो गया है. मजार कमेटी के सदर जनाब इफ़तेखार अंसारी की सदारत में आज अहले सुबह गुसुलखानी चादरपोशी कर फातेहा पढ़ी गयी. कमेटी के सरपरस्त भाई रुस्तम अल्तमश ने बताया कि हाशिम शाह के दरबार में कोई भी सवाली खाली नहीं जाता. बाबा सबकी मुरादें पुरी करते हैं. यहां सभी जाति और धर्म के लोग अकीदत के साथ आते हैं. यहां दो दिनों का उर्स लगता है, जिसमें पलामू के अलावा अन्य जिलों और राज्यों के भी लोग शामिल होते हैं.

### 15 दिवसीय चैती नवरात्र विशेष पूजा -अर्चना के साथ संपन्न

**हैदर नगर/पलामू।** हैदर नगर माता दरबार में हर वर्ष की भांति इस वर्ष 15 दिवसीय चैती नवरात्र में विषेश पुजा अर्चना के साथ संपन्न हो गया है. कई राज्य से पहुंचे श्रद्धालुओं ने माता दरबार में मांथा टेक कर मन्नतें मांगी. साथ ही विधी विधान के साथ पुजा अर्चना की. हैदर नगर माता दरबार में वर्ष में दो बार मेला का आयोजन किया जाता है. चैत शुक्ल पक्ष एकम तिथि से पूर्णीमा तक वह आसीन शुक्ल पक्ष एकम तिथि से पूर्णीमा तक मेला का आयोजन किया जाता है. मेले में झारखंड व बिहार सहित ओडिशा, छत्तीसगढ़, एमपी, यूपी व बंगाल से भी भक्तों का आना जाना लगा रहता है. मंदिर के महंत सुरेंद्र दास त्यागी के अलावा धाम कमिटी के सचिव राम अशरेष सिंह, रवींद्र कुमार सिंह, गुरु प्रताप नाथ साहीदेव आदि ने कहा कि मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को ठहरने की व्यवस्था भी दी जाती है.

---

6000 एमटी क्षमता वाले गोदाम का निर्माण 2011 में शुरू किया गया था, पर अबतक नहीं बना

# 13 साल बीते, दो करोड़ खर्च... पर निर्माण कार्य अधूरा

**आशीष टैगोर। लातेहार**

शहर के मोंगर रोड में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के सामने साल 2010-11 में छह हजार मिट्रिक टन की क्षमता वाले एक कृषि गोदाम का निर्माण कार्य शुरू किया गया था. लेकिन विडंबना यह है कि इन 12-13 वर्षों में इस गोदाम का निर्माण कार्य पूरा नहीं कराया जा सका. झारखंड राज्य कृषि विपणन पर्षद द्वारा इस गोदाम का निर्माण कार्य शुरू किया गया था. लेकिन आज तक इसे पूरा नहीं कराया जा सका. जबकि निर्माण कार्य में दो करोड़ रूपये खर्च हो चुके हैं.

**क्या है योजना कौन है एजेंसी :** किसानों की फसलों को सुरक्षित



रखने के नेक उदेश्य से इस गोदाम का निर्माण कार्य झारखंड राज्य कृषि विपणन पर्षद द्वारा वर्ष 2010-11 में शुरू किया गया था. निर्माण कार्य के लिए कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य प्रमंडल, रांची को जवाबदेही दी गयी थी. संबंधित एजेंसी ने उक्त कार्य के लिए मेसर्स सेठ कंस्ट्रक्शन, ग्राम सिरहा, नगरउंटारी से एकरारनामा किया था. इस योजना के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना एवं झारखंड राज्य कृषि विपणन पर्षद द्वारा 50-50 के अनुपात में राशि मुहैया करायी थी. एकरारनामा के अनुसार योजना को 27 अक्तूबर 2012 में ही पूर्ण करना था. लेकिन इन 12-13 सालों के बाद भी योजना अधूरी है. बताया जाता है कि राशि की निकासी की जा चुकी है. उक्त योजना का निर्माण कार्य जनवरी 2014 से बंद है.

**किसानों में घोर निराशा राशि का दुरूपयोग**

गोदाम का निर्माण कार्य पूरा नहीं होने से लातेहार समेत आसपास के जिलों के किसानों में घोर निराशा है. किसानों का कहना है कि यह सरकारी राशि का दुरूपयोग है. योजना भी पूरी नहीं हुई और राशि की निकासी कर ली गयी. लोगों का कहना है कि जिले में एक भी गोदाम या कोल्ड स्टोरेज नहीं है, जहां वे अपने फसलों को सुरक्षित रख सकते हैं.

**खास बातें**

- 13 वर्षों में गोदाम का निर्माण कार्य पूरा नहीं कराया जा सका
- राशि की निकासी की जा चुकी है,काम 2014 से बंद

**क्या कहते हैं अधिकारी**

इस संबंध में पूछे जाने पर जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश कुमार सिंह ने कहा कि यह योजना काफी पुरानी है और उनकी यहां पदस्थाना हाल में हुई है. उन्होने कहा कि इस बाबत जानकारी इकट्ठा कर ही कुछ बताया जा सकता है.

---

बसपा से कामेश्वर बैठा,भाकपा से अभय कुमार व वृंदा राम ने भरा पर्चा

# पांचवें दिन तीन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

पलामू लोकसभा सीट से नामांकन को लेकर गम गामी शुरू हो गई है. पांचवें दिन मंगलवार को तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किया. मंगलवार को नामांकन करने वालों में बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के अभय कुमार भुइयां व पीपुल्स पार्टी ऑफ़ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के वृंदा राम शामिल हैं. इन्हें मिलाकर अब तक कुल चार प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं. नामांकन के चौथे दिन सोमवार को लोकहित अधिकार पार्टी के सनन कुमार ने पलामू लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल किया था. नामांकन को लेकर कचहरी परिसर क्षेत्र में काफी भीड़ देखी गई . वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल के साथ दंडाधिकारी भी तैनात दिखे. सबसे ज्यादा भीड़ नामांकन करने पहुंचे बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी कामेश्वर बैठा के साथ देखी गई.पलामू लोकसभा सीट से मंगलवार को एक नामांकन पत्र बिका है. बहुजन मुक्ति पार्टी के रामवचन राम ने नामांकन पत्र खरीदा है. अब तक 10 नामांकन पत्र बिका है. नामांकन पत्र खरीदने वालों में भारतीय जनता पार्टी के विष्णुदयाल राम, राष्ट्रीय जनता दल की ममता भुइयां, सीपीआई के अभय भुइयां, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक के वृंदा राम और पीके सत्येंद्र कुमार पासवान शामिल हैं.



### ममता भुइयां ने लोगों से नामांकन में शामिल होने की अपील की



**पाटन(पलामू)।** महागठबंधन की पलामू संसदीय क्षेत्र की प्रत्याशी ममता भुइयां ने पाटन प्रखंड के विभिन्न गांवों का भ्रमण किया और लोगों को नामांकन में शामिल होने की अपील की. इस दौरान ममता भुइयां के साथ राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष रहमतुल्ला अंसारी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्ययक्ष पाटन, उमाशंकर सिंह, सुरेंद्र सिंह, रणजीत सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे.बता दें कि राजद ने पलामू लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की ओर से ममता भुइयां को अपना उम्मीदवार बनाया है. वहीं भाजपा ने झारखंड के पूर्व डीजीपी विष्णु दयाल राम को अपना उम्मीदवार बनाया है. इस सीट पर फेज चार यानी 13 मई को चुनाव होना है.

### भाजपा प्रत्याशी वीडी राम आज करेंगे नामांकन

**मेदिनीनगर।** अबकी बार 400 पार के नारा के साथ डाल्टनगंज विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने पलामू लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के समर्थन में चैनपुर प्रखंड अंतर्गत मझिगावा, पूर्णमझिगावा, कटुअल, तेनला, कोसियारा, लिधकी, मैरा, लोकया, पतरिया, नरसिहपुर पथरा आदि गांव का दौरा किया. साथ ही उन्होंने 24 अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी के नामांकन कार्यक्रम में लोगों से शामिल होने की अपील की. विधायक श्री चौरसिया ने कहा कि एक तरफ विपक्ष सभी एकजुट होकर सत्ता के खिलाफ षड्यंत्र करने पर आमादा है और आरोप की झड़ी लगा रहे हैं. पार के नारा को पूरा करें. इस दौरान ज़िला पार्षद रामलव चौरसिया, पूर्व ज़िला पार्षद संटू चौरसिया, भीष्म चौरसिया, अशेष प्रसाद, रामकरेश प्रसाद, रामकृष्ण प्रसाद, विनोद चौरसिया, अशोक चौरसिया, दिलीप प्रसाद, सोशल मीडिया प्रभारी पथरा मंडल भानु, गोपाल प्रसाद, नागेन्द प्रसाद, उदय चौरसिया समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे.

### चार स्वर्ण पदक विजेता छात्र किए गए सम्मानित

**मेदिनीनगर।** एमके डीएवी पब्लिक स्कूल में स्वर्ण पदक विजेता चार छात्र-छात्राओं को मंगलवार को विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया. विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों की उपस्थिति में प्राचार्य सह डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ जीएन. खान ने उन्हें स्वर्ण पदक प्रशस्ति पत्र एवं 5100-5100 रुपए का चेक दिया. सम्मानित किए गए छात्र-छात्राओं में विद्यालय की बारहवीं कक्षा की छात्रा रिया कुमारी, प्रिया कुमारी,छात्र आर्यन कुमार एवं आदर्श कुमार शामिल है. इन्होंने एम.के.डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स-2023 में भारोतोलन में स्वर्ण पदक प्राप्त किया था. इन विद्यार्थियों को महात्मा हंसराज जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में 20 अप्रैल को डीएवी थर्मल कॉलोनी पानीपत हरियाणा में यह सम्मान प्राप्त हुआ था.

### नगर प्रशासक के निर्देश पर चलाया गया अभियान

**लातेहार।** नगर प्रशासक राजीव रंजन के निर्देश पर नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न सड़कों पर गृह निर्माण के लिए गिराये गये बालू, छरी व अन्य सामग्रियों हटाने के लिए अभियान चलाया गया. इस अभियान में नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा, सहायक अभियंता कुमार रवि, कनीय अभियंता संजीव कुमार एवं कर-संग्रहकर्ता राजू प्रसाद शामिल थे. टीम ने शहर के बाइपास रोड, रेलवे स्टेशन क्षेत्र समेंत अन्य जगहों पर अभियानक चलाया. श्री वर्मा ने बताया कि सड़क पर गृह निर्माण सामग्रिंया गिरा कर रखने पर तीन लोगों से जुर्माना वसूला गया जबकि पांच लोगों को नोटिस दे कर 24 घंटा के अंदर सामग्रियां हटाने का निर्देश दिया गया.

---

# 230 ग्राम अफीम के साथ दो तस्करों को पुलिस ने दबोचा



**संवाददाता। मेदिनीनगर**

लेस्लीगंज थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत भकासी मध्य विद्यालय के पास से दो युवकों को 230 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अभियुक्तो में डबरा के मुडाथानटोला निवासी आशिष कुमार रंजन व अविनाश कुमार यादव शामिल है. पुलिस ने आशिष कुमार रंजन के पास से 120 ग्राम व अविनाश कुमार यादव के पास से 110 ग्राम अफीम बरामदगी के साथ स्पेलेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद किया है. लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि सोमवार को दिन के लगभग 12.30 बजे गुप्त सूचना मिली कि बतासे मध्य विद्यालय के आस-पास सुनसान जगह पर दो व्यक्ति अफीम बेचने के लिए खड़े है. सूचना के बारे में पलामू एसपी व लेस्लीगंज एसडीपीओ को जानकारी देने के बाद गठित दल ने उक्त स्थल पर छापामारी की जहां से दोनों को गिरफ्तार किया गया. छापामारी दल में लेस्लीगंज (पांकी) एसडीपीओ मनोज कुमार झा, लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता, पुअनि मनेश पासवान, एएसआई अजय कुमार, पुलिस जवान विनोद उरांव, शक्ति कुमार सिंह, सिन्टू लाल यादव, प्रेम कुमार सोनी, हयुम खान शामिल थे.

---

उपायुक्त ने आम चुनाव के तैयारी की समीक्षा की, कहा-

# बूथों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों

**संवाददाता। लातेहार**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह ने क्लस्टर एवं मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की. समीक्षा के क्रम में मतदान के दिन कलस्टर एवं बूथों पर पेयजल, बिजली, शौचालय,पेयजल, रैम्प सहित उपलब्ध न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की जानकारी ली. जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं निश्चित रूप से उपलब्ध रहे. वैसे मतदान केंद्र जहां न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं है उनकी सूची तैयार कर प्राथमिकता के आधार पर सुविधाएं उपलब्ध कराएं. उपायुक्त ने कहा कि संबंधित विभाग को भी उक्त मतदान केंद्रों की सूची उपलब्ध करा दी जाए ताकि संबंधित विभाग अपने स्तर से आवश्यक कार्रवाई कर सके. बैठक में डीसी ने प्रखंड विकास पदाधिकारियों से पोलिंग पार्टी तथा सीआरपीएफ के जवानों के रुकने के लिए कलस्टरों एवं मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की क्रम वार जानकारी ली.



**बिजली-पानी की व्यवस्था करने का निर्देश**

उपायुक्त ने निर्देशित किया कि कलस्टरों पर आवश्यकता के अनुरुप पेयजल के लिए टैंकरों, पंखा, बिजली, लाइट आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाए. बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल शमशाद आलम, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल कमलेश कुमार, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, दीपक कुमार महतो, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा के श्रेयांश एवं वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी जुड़े थे.

---

**आयोजन** वर्ल्ड टेबल टेनिस डे के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

# टेबल टेनिस में गढ़वा को पहचान दिलाना लक्ष्य: अलखनाथ

**संवाददाता। गढ़वा**

वर्ल्ड टेबल टेनिस डे के पर गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ की और से एक दिवसीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन सामुदायिक भवन वन विभाग में किया गया. प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि सह प्रतियोगिता के संरक्षक अलख नाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, उपाध्यक्ष सुशील केशरी, अशोक कुमार दुबे, नप विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र सिन्हा, कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे, जेपीएस सेंट्रल स्कूल के निदेशक चन्द्र भूषण सिन्हा,सह सचिव प्रिंस सोनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. इस मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए अलख नाथ पांडेय ने कहा कि गढ़वा जिला में टेबल टेनिस के खिलाड़ी अच्छा कर रहे हैं, हम सबका लक्ष्य गढ़वा से अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकाला है.

अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि कम संसाधन में खिलाड़ी अपनी मेहनत के बदौलत जिस मुकाम तक पहुंचे हैं . अगर उन्हें और बेहतर संसाधन उपलब्ध करा दिया जाए तो निश्चित ही यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं में भी मेडल प्राप्त करेंगे. नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि जिस प्रकार की भी सहायता की आवश्यकता होगी सरकार आपके साथ है और जरूरी चीजों को उपलब्ध कराने में हमारी जब भी जरूरत हो आप कहें मैं आपके साथ हूं.उपाध्यक्ष सुशील केशरी ने कहा कि संघ बच्चों के लिए बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध करा रहा है खिलाड़ी लगातार मेहनत करें निश्चित ही सफलता प्राप्त करेंगे. इस अवसर पर बालिका उच्च विद्यालय के शिक्षक सुशील तिवारी, एनटी सी ए के प्रधानाध्यापक अभय कुमार, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित थे .कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे ने एवं धन्यवाद ज्ञापन संघ के उपाध्यक्ष अशोक कुमार दुबे ने किया.



---

## न्यूज अपडेट

### मेरे पूर्वज राजा मेदिनीराय के पुरोहित थे : केएन त्रिपाठी



**चंदवा, लातेहार।** इंडिया गठबंधन से चतरा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने कहा कि पलामू प्रमंडल में मेरे पूर्वज राजा मेदिनीराय के पुरोहित रहे हैं. मेदिनीनगर से चतरा जाने के क्रम में केएन त्रिपाठी होटल मयूर में गठबंधन के नेताओं से बातचीत कर रहे थे. उन्होंने अपने विरोधियों के द्वारा यह शगूफा छोड़े जाने पर कि केएन त्रिपाठी स्थानीय प्रत्याशी नही हैं. इस पर उन्होने कहा कि साल 1532 के समय से ही हमारे पूर्वज राजा मेदिनी राय के पुरोहित थे. इससे पहले केएन त्रिपाठी के चंदवा पहुंचने पर गठबंधन के नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया. मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान, दीपू सिन्हा, नन्द गोपाल त्रिपाठी,शेर मोहम्मद समेत कई लोग उपस्थित थे.

### पुलिस कार्रवाई करे,नहीं तो करेंगे आंदोलन : रामप्यारे साहू



**लातेहार।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन, लातेहार के जिला अध्यक्ष रामप्यारे साहू ने कहा कि बालूमाथ थाना में कार्यरत सहायक पुलिसकर्मी जयराम साव गत आठ अप्रैल से कंचन मिश्रा के घर से लापता हैं. कंचन मिश्रा के घर के आसपास खून के निशान भी पाये गए हैं. लापता जयराम साव के परिजनों ने आशंका जताई है कि कंचन मिश्रा व उनके परिजनों के द्वारा जयराम साव की हत्या कर दी गई है. दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस प्रशासन आरोपी कंचन मिश्रा और उनके परिवारजनों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है. इस बात को लेकर तेली समाज और अन्य पिछड़ी जातियों में रोष व्याप्त है. रामप्यारे साहू ने बताया कि राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन ने प्रमुख पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श करने के बाद यह निर्णय लिया गया कि यदि पुलिस अविलंब कठोर कार्रवाई नहीं करती है तो महासंगठन आंदोलन करेगा.

### प्रिंसिपल ने बच्चों को स्कूल भेजने का आग्रह किया



**पाटन, पलामू।** पाटन प्रखंड के किशनपुर स्थित राजकीय मध्य विद्यालय किशनपुर की प्राचार्या रीना दुबे घर-घर गईं और अभिभावकों को जागरूक किया. अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आग्रह किया. रीना दुबे ने बताया कि बच्चों की उपस्थिति के मामले में जागरूकता आई है. सभी अपने-अपने विभाग अपने-अपने बच्चों को विद्यालय भेजते हैं. वहीं स्वयं और विद्यालय की शिक्षिका डोर टू डोर जाकर बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील करते हैं. उन्होंने कहा कि बच्चों को नियमित समय से प्रतिदिन विद्यालय भेजें.

### हनुमान जयंती पर मंदिर में हुई विशेष पूजा अर्चना



**लातेहार।** हनुमान जयंती के अवसर पर शहर के थाना चौक स्थित मनोकामना सिद्धि हनुमान मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई. पुजारी त्रिभुवन पांडेय के सानिध्य में विशेष पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गयी. इस अवसर पर सुंदरकांड का पाठ भी किया गया. त्रिभुवन पांडेय ने कहा कि हनुमान जयंती का विशेष महत्व है. इस दिन राम भक्त हनुमान की पूजा अर्चना करने से मनोकामना पूर्ण होती है. हनुमान जयंती पर विशेष आरती कर महाप्रसाद का वितरण किया गया. मौके पर कल्याणी पांडेय समेत कई लोग मौजूद थे.

### शौर्य दिवस पर याद किए गए बाबू वीर कुंवर सिंह



**गुमला।** स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह की शौर्य दिवस पर मंगलवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ गुमला द्वारा शौर्य शोभा यात्रा, ध्वजारोहण, प्रतिमा पर माल्यार्पण व मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. बड़ाएक मुहल्ला करंज बारी से आरंभ शोभा यात्रा डीएसपी रोड में वीर कुंवर सिंह भवन पहुंची जहां क्षत्रिय ध्वज स्थापित किया गया मंचीय कार्यक्रम में सांसद सुदर्शन भगत ने बाबू वीर कुंवर सिंह का जीवन देश और आत्मसम्मान की रक्षा के लिए समर्पण का संदेश देता है. कार्यक्रम को पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव, प्रदेश संगठन मंत्री सूरजदेव सिंह,जिला अध्यक्ष जगनारायण सिंह, प्रदेश युवा मोर्चा के मनीष सिंह, कोषाध्यक्ष प्रदीप सिंह, संरक्षक लाल केशव नाथ शाहदेव, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम सिंह, विजय बहादुर सिंह, पूनम सिंह आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए.

### वीर कुंवर सिंह सिपाही विद्रोह के क्रांति दूत थे : अभिषेक



**मेदिनीनगर।** स्वतंत्रता सेनानी वीर कुंवर सिंह की जयंती मनायी गयी. कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो नेता सह समाज सेवी अभिषेक सिंह व संचालन झामुमो युवा मोर्चा के सचिव आशुतोष विनायक ने किया. वीर कुंवर सिंह की तस्वीर पर फूलमाला चढाक़र कार्यक्रम की शुरुआत की गयी. मौके पर झामुमो नेता सह समाज सेवी अभिषेक सिंह ने कहा कि वीर कुंवर सिंह सिपाही विद्रोह के क्रांति दूत थे. आशुतोष विनायक ने कहा उज्जैन वंशी होने के नाते मुझे उन पर गर्व है और उनसे आज भी ताकत मिलती है. श्रद्धांजलि करने वालों में सूरज प्रताप सिंह, बिशु सिंह, रोहित सिंह, विकास सिंह, प्रशांत सिंह, ललित सिंह समय क्षत्रिय समाज के कई सदस्य शामिल थे.

### बिस्कोमान के लिए निर्विरोध चुने गये प्रफुल्ल

**मेदिनीनगर।** बिस्कोमान (बिहार-झारखंड) की विशेष आम-सभा का निदेशक पार्षद के प्रतिनिधि निर्वाचन का चुनाव पलामू निवासी प्रफुल्ल कुमार सिंह ने निर्विरोध जीत लिया है. इस चुनाव को लेकर सोमवार को नामांकन पर्चा दाखिल किया गया. डाल्टनगंज सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक परिसर स्थित बिस्कोमान भवन में उन्होंने बिस्कोमान के जिला मतदान पदाधिकारी सह निर्वाचन प्रभारी विवेक कुमार सिंह के समक्ष नामांकन पर्चा दाखिल किया. किसी अन्य व्यक्ति द्वारा नामांकन नहीं किए जाने के बाद हुसैनाबाद के पिपरा प्रखंड निवासी प्रफुल्ल कुमार सिंह को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया. प्रफुल वर्तमान में भूमि विकास बैंक (बिहार-झारखंड), बिहार स्टेट हाउसिंग को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड (बिहार-झारखंड) में निदेशक पद पर कार्यरत हैं. साथ ही बिस्कोमान (बिहार स्टेट को-ऑपरेटिव मार्केटिंग यूनियन लिमिटेड), झारखंड स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक में भी पलामू का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं. चुनाव जीतने के बाद, प्रफुल सिंह ने झारखंड सरकार से यूरिया, दलहन, तिलहन आदि की खरीद के लिए बिस्कोमान को आधिकारिक रूप से स्टेट नोडल एजेंसी घोषित करने की मांग कि ताकि किसानों को यूरिया की कमी का सामना न करना पड़े और उन्हें लाभकारी मूल्य पर खाद मिल सके.

**Court Notice**

**Court of Sri Rajiv Tripathi, A.C.J.M. Dhanbad**
**C.P. case no, 1974/2011(S)**
**Form No. 4**
**Proclamation Requiring the Appearance of a Person Accused**
(See Section 82 of the Criminal Procedure Code)

WHEREAS complaint has been made before me that **Sudhir Kalindi**, S/o Gour Kalindi, R/o Co-operative Colony, Jamadoba, PS Jorapokhar, District Dhanbad has committed the offence punishable under section **U/S 498(A) of the I.P.C.** and it has been returned to a warrant of arrest thereupon issued that the said **Sudhir Kalindi** cannot be found, and whereas it has been shown to my satisfaction that the said **accused** has absconded (or is concealing himself to avoid the service of the said warrant);

Proclamation is hereby made that the said **Sudhir Kalindi**, S/o Gour Kalindi, R/o Co-operative Colony, Jamadoba, PS Jorapokhar, District Dhanbad is required to appear before this Court to answer the said complaint at 07.30 A.M. on the **2Oth day of May' 2024**.

I) Time of Appearance : **07.30 A.M.**
(II) Date of Appearance : **20.05.2024**
(III) Place of Appearance : Court of **Sri Rajiy Tripathi**, **A.C.J.M.** Dhanbad

Dated, this 9th day of April' 2024.

**signature**
A.C.J.M.
09.04.2024

## ब्रीफ खबरें

### गैरेज पर गिरा गूलर का पेड़, बाल-बाल बचे लोग

**नोवामुंडी।** गुवा के कल्याण नगर में स्व दिनेश करुवा के घर के बगल में बने गैरेज के ऊपर बड़ा गूलर का पेड़ गिर जाने से गैरेज पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया हैं. इस दुर्घटना में घर के लोग बाल बाल बच गए. दुर्घटना मंगलवार सुबह 7:30 की है. अचानक से तेज हवा चलने के दौरान उसके घर के आंगन में लगा बड़ा गूलर का पेड़ टीन सेड से बना गैरेज के ऊपर गिर पड़ा. गैरेज के अंदर रखा चार चक्का वाहन बाल बाल बच गया. साथ ही बिजली के तार भी टूटकर गिर गया है. जिससे कल्याण नगर में सुबह से बिजली बाधित है.

### हल्की बूंदाबांदी से गर्मी से लोगों को मिली राहत

**किरीबुरु।** बादलों का डेरा, हल्की बूंदा बांदी एवं तेज ठंडी हवाओं ने लू और गर्मी से लोगों को भारी राहत दी है. सारंडा की सबसे ऊंची पहाड़ी पर बसा किरीबुरु-मेघाहातुबुरु शहर के लोगों को गर्मी के इस मौसम में भी दिन में ठंड का एहसास हो रहा है. बिना पंखा चलाये रात में लोगों को कंबल ओढ़ सोना पडा. था. आज सुबह से हीं तेज व ठंडी हवाएं लोगों के शरीर को भारी ठंडक व शांति दे रही है.

### बहरागोड़ा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**बहरागोड़ा।** प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय बहरागोड़ा में मंगलवार को बीडीओ -सह-सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी केशव भारती के अध्यक्षता में स्वीप का कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर बीडीओ-सह-सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने बताया कि स्वीप भारत में मतदाता जागरूकता फैलाने और मतदाता साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए भारत निर्वाचन आयोग का प्रमुख कार्यक्रम है.जिसमें मतदाता जागरूकता हेतु सभी उपस्थित कर्मी को बताया गया कि अपने स्तर से जागरूकता अभियान चलाकर वोट करने हेतु मतदाताओं को जागरूक करें तथा शत प्रतिशत मतदान करवाने हेतु प्रोत्साहित करें.

### मानगो शंकोसाई में निःशुल्क क्रिकेट समर कैंप आठ मई से

**जमशेदपुर।** मानगो शंसकोसाई रोड नंबर पांच स्थित राजीव नायर क्रिकेट एकेडमी में आठ मई से निःशुल्क क्रिकेट समर कैंप का आयोजन किया जायेगा. उक्त जानकारी एकेडमी के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद ने दी. मौके पर असित, अमित, आनंतो, परमजीत, पूनम कुमारी, राजेश, सत्यप्रकाश, अवाम अनन्या व अन्य लोग मौजूद थे. इस समर कैंप में बच्चों को पूर्व रणजी क्रिकेटर क्रिकेट की तकनीक के बारे में बतायेंगे. साथ ही बच्चों के लिए फिटनेस, योगा, मेडिटेशन व अन्य स्पोर्टिंग एक्टिविटी का भी आयोजन होगा.


### महिलाओं ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली

**किरीबुरु।** किरीबुरु कलस्टर की महिला समूह की महिलाओं ने किरीबुरु-मेघाहातुबुरु शहर में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत जागरूकता रैली सह कैंडल मार्च निकाला. यह मतदाता रैली मुर्गापाड़ा स्थित महिला समूह के कार्यालय प्रांगण से करुवा हाटिंग, आरसी सिंह हाटिंग, बैंकमैड़, चर्च हाटिंग, सिविल आफिस, नेताजी चौक,मंदिर तालाब, थाना रोड आदि होते अंबेडकर चौक, बैंकमोड़ तक पहुंचा. अंबेडकर चौक पर पहुंच सारी महिलाओं ने कैंडल जलाकर शहर के तमाम लोगों को हर हाल में अपने-अपने बूथों पर जाकर 13 मई को मतदान कराने की अपील की.

आरटीआई कार्यकर्ता ने कहा- स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत से हो रहा गुपचुप निर्माण

# तालाब पाटकर बन रही बहुमंजिली बिल्डिंग, रात में होता है काम

संवाददाता। आदित्यपुर




आदित्यपुर में मुख्य मार्ग के किनारे गुपचुप तरीके से रात के अंधेरे में तालाब को भरकर बहुमंजिला बिल्डिंग का निर्माण कार्य किया जा रहा है. तालाब भरकर हो रहे बहुमंजिला बिल्डिंग निर्माण पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत रोक लगी हुई है. इस संबंध में आरटीआई कार्यकर्ता प्रो. सुरेंद्र कुमार महतो ने स्थानीय प्रशासन पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा है कि उक्त निर्माण पर रोक लगी है. इसके बावजूद बिल्डर रात के अंधेरे में गुपचुप तरीके से काम करवा रहे हैं. उन्होंने इसकी शिकायत पुनः झारखंड सरकार के मुख्य सचिव, कोल्हान आयुक्त और सरायकेला-खरसावां के उपायुक्त से की है. शिकायत में आरटीआई कार्यकर्ता ने कहा है कि सिटी रेसीडेंसी प्राइवेट लिमिटेड के प्रोपराइटर सौरभ अग्रवाल द्वारा पुनः शेरे पंजाब चौक, आदित्यपुर स्थित स्वर्णरेखा भवन के ठीक उत्तर की ओर मुख्य सड़क से सटे लोकनाथ कॉम्प्लेक्स बिल्डिंग ओर सुमन टावर के बीचो-बीच तालाब की भूमि को भरकर बिल्डिंग का निर्माण करवा रहे हैं. यह भूमि झारखंड के मूल निवासी महतो जाति की भी है.

### शिकायत पर कुछ दिनों तक काम बंद था

इस बड़े भूखंड पर एक बड़े जी प्लस 15 तल्ले का आवासीय सह व्यावसायिक भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है. उन्होंने बताया कि उनकी शिकायत पर कुछ दिनों तक इसका निर्माण कार्य बंद था. जो फिर से जेसीबी एवं अन्य मशीनों तथा मजदूरों के सहारे शुरू कर दिया गया है. तालाब की भूमि को भरकर उसपर निर्माण कार्य करना माननीय सुप्रीम कोर्ट के उस निर्णय (सिविल अपील No. 4787/2001. Hinch lal Tiwary Vrs Kamla Devi and others) का उल्लंघन है. साथ ही CNT Act 1908 की धारा 46 (a) का भी उल्लंघन है. क्योंकि यह भूमि CNT Act की प्रतिबंधित भूमि है. यह दूसरी जाति और दूसरे थाना एवं दूसरे जिला के व्यक्ति के हाथों बेची/हस्तानांतरित नहीं की जा सकती है. उन्होंने सरकार से अनुरोध किया है कि इस कार्य को रुकवाते हुए शीघ्र दंडात्मक कार्रवाई करने की कृपा करें. बता दें कि आरटीआई कार्यकर्ता प्रो. सुरेंद्र कुमार महतो आदित्यपुर में जलस्रोतों के पर्याय तालाब को भरकर बने भवनों के विरुद्ध अभियान चला रहे हैं. इसके तहत कई बिल्डर्स के साथ शम्भू संध्या ट्रस्ट द्वारा स्थापित की गई श्रीनाथ कॉलेज की जमीन को भी पुन: तालाब में तब्दील करने की मांग देश के राष्ट्रपति से कर चुके हैं.


## न्यूज अपडेट

### वारंटी व दागियों का सत्यापन करें थानेदार : सिटी एसपी



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में लोकसभा चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है. ऐसे में जिला पुलिस भी लगातार अपनी तैयारियों में जुट गई है. मंगलवार को सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने पुलिस उपाधिक्षक और थाना प्रभारियों के साथ एक बैठक की. बैठक में मुख्य रुप से लंबित वारंट, इश्तेहार एवं कुर्की निष्पादन, थाना के दागियों के सत्यापन और आरोपपत्रित अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया. सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि लोकसभा चुनाव नजदीक है. ऐसे में आदतन अपराधियों की एक लिस्ट तैयार की गई है.

### जादूगोड़ा रेंजर कार्यालय के समीप लगी आग



**मुसाबनी।** जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के राखा रेंजर कार्यालय के लगभग 150 मीटर की दूरी पर सुरक्षित वन क्षेत्र के जंगल में मंगलवार को दोपहर करीब 3:00 बजे अचानक आग लग गई. धीरे-धीरे आग ने विकराल रूप ले लिया. आग की ऊंची लपटे उठने लगी. हवा चलने से आग और तेजी से बढ़ती गई दोपहर लगभग 3:30 बजे तक आग बुझाने की दिशा में कोई पहल नहीं हुई. आग इतनी तेज़ थी की आधे घंटे में ही जंगल के बड़े भू-भाग में आग फैल गई. सैकड़ो पेड व पौधे झूलस कर बर्बाद हो गये. तेज आग को देखते हुए स्थानीय लोगों ने तत्काल वन विभाग कार्यालय, राखा रेंज और जादूगोड़ा थाना प्रभारी अभिषेक कुमार को इसकी जानकारी दी.

### मां काली मंदिर मेघाहातुबुरु में महाभोग वितरित



**किरीबुरु।** मां काली मंदिर कमिटी, मेघाहातुबुरु के तत्वावधान में आज हर्षोउल्लास के साथ हनुमान जयंती मनाया गया. इस दौरान मंदिर के पुजारी द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना की गई. इस पूजा में दर्जनों भक्त शामिल हुये. पूजा पश्चाताप दोपहर में प्रसाद के रूप में खिचड़ी महाभोग का आयोजन किया गया. इस महाभोग में शहर के विभिन्न धर्म व समुदाय के सैकड़ों आम से लेकर खास वर्ग के लोग शामिल हुये.

### मारवाड़ी सम्मेलन ने वृद्ध को दी व्हील चेयर



**घाटशिला।** श्रीहनुमान जन्मोत्सव पर मंगलवार को मारवाड़ी सम्मेलन घाटशिला शाखा के अध्यक्ष सुनील जैन के नेतृत्व में कृष्णानगर निवासी वृद्ध को व्हील चेयर दिया गया. श्री जैन ने बताया कि समाचार पत्र के माध्यम से जानकारी मिली थी कि वृद्ध व्यक्ति चल फिर नहीं पता था. मारवाड़ी सम्मेलन के सदस्यों ने निर्णय लिया कि उन्हें घूमने फिरने के लिए एक व्हीलचेयर प्रदान किया जाए. मौके पर मुख्य रूप से उपाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, महासचिव सौरव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ललित अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, विकाश आनंद, आनंद गोयल आदि शामिल थे.

### मैट्रिक के टॉपरों को किया गया सम्मानित



**बहरागोड़ा।** मैट्रिक परीक्षा में बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालय के शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक निर्मला बरेलिया ने सम्मानित किया.इस सम्मान समारोह बहरागोड़ा के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के देख रेख में विद्यालय प्रांगण में आयोजित की गई . समारोह में सभी हाई स्कूल के शीर्ष विद्यार्थियों,अभिभावक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड के सभी सीआरपी, बीआरपी तथा सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक तथा लिपिक सम्मिलित हुए. सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए आरडीडीइ बोरलिया ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बहरागोड़ा हमेशा अव्वल रहा है तथा यहां के विद्यालयों की माध्यमिक परीक्षा में परीक्षाफल बेहतर रहा है .

### सीआरपीएफ ने मतदान के लिए लोगों को जागरुक किया



**किरीबुरु।** सीआरपीएफ की 26वीं बटालियन के कमांडेंट राजीव रंजन के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया. एफ/26 वाहिनी के सहायक कमांडेंट सुवीर कुमार मंडल की उपस्थिति में नक्सल प्रभावित सारंडा के चेरवालोर, बालेहातु, जम्बाईबुरु आदि गांवों के मतदाताओं को 13 मई को होने वाले मतदान में हर हाल में शामिल होकर निष्पक्ष तरीके से मतदान करने की अपील की गई. सुवीर कुमार मंडल ने ग्रामीणों से कहा कि आपका बहुमूल्य वोट न सिर्फ अहम् है, बल्कि लोकतंत्र को मजबूत करेगा एवं आपके गांव व क्षेत्र के विकास की धुरी बनेगा.

### जेम्को मैदान घेरने आई यूआईएसएल की टीम का विरोध



जमशेदपुर। जमशेदपुर के टेल्को थाना अंतर्गत जेम्को मैदान को घेरने पहुंची टाटा स्टील यूआईएसएल की टीम को स्थानीय लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा. इस कार्रवाई का बस्तीवासियों ने जमकर विरोध किया. लोगों का कहना था कि इस मैदान में बहुत सारे सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते है . मैदान में सुबह-शाम बस्ती वासी मॉर्निंग वॉक करते आ रहे हैं. बच्चे इस मैदान को खेलने के लिए उपयोग करते है.अगर उक्त मैदान को घेर लिया जाएगा तो कई लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा. बस्ती के लोगों ने बताया कि क्षेत्र के लिए एक ही खेल मैदान है.

### वर्कर्स कॉलेज में विश्व पुस्तक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज में मंगलवार को विश्व पुस्तक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ सत्य प्रिय महालिक ने कहा कि पुस्तकें हम सबका जीवन हैं इसलिए प्रत्येक घर में पुस्तकें होनी आवश्यक है. वरिष्ठ शिक्षक डॉ प्रभात कुमार पाणी ने कहा कि पुस्तकों से विमुख नहीं होना चाहिए . प्रो डॉ वी के मिश्र ने एक दूसरे को पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित करने की सबसे अपील की. डॉ अनिल चंद्र पाठक ने कहा कि अच्छी पुस्तकों का अध्ययन करें. इस कार्यक्रम में प्रो. साहिना नाज़, प्रो. एस. मीनाक्षी, प्रो. सुनीता गुड़िया, डॉ. वाजदा तबस्सुम तथा छात्रा विनीता कुमारी ने भी अपने अपने विचार प्रस्तुत किये.

जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन चुनाव

# स्क्रूटनी में 28 प्रत्याशियों का नामांकन रद्द, आक्रोश

**खास बातें**

- 64 उम्मीदवार अब चुनाव मैदान में दिखायेंगे दम
- नामांकन रद्द किए जाने से अधिवक्ताओं में आक्रोश
- नाम वापसी की तिथि आज,कल जारी होगी लिस्ट

संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन की चुनाव कमेटी ने मंगलवार को स्क्रूटनी के बाद उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है. हालांकि, स्क्रूटनी के दौरान कुल 28 उम्मीदवारों का नामांकन रद्द कर दिया गया है. वहीं, 64 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी गई है. इधर, जिन उम्मीदवारों का नामांकन रद्द किया गया है उनमें काफी रोष देखा जा रहा है. जनरल सेक्रेटरी पद के लिए नामांकन रद्द किए जाने से अधिवक्ता अनिल कुमार तिवारी ने आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि चुनाव कमेटी ने कई उम्मीदवारों का नाम स्क्रूटनी में हटा दिया गया है. जिसमें पिछली कमेटी 2016–18 के प्रेसिडेंट रहे रतींद्र नाथ दास और पूर्व कोषाध्यक्ष राजीव सैनी का भी नाम भी शामिल है.




### पत्र लिखकर मांगी जाएगी जानकारी

अनिल कुमार तिवारी ने बताया कि चुनाव कमेटी को पत्र लिखकर नामांकन रद्द करने कि जानकारी मांगी जाएगी. जानकारी मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी.

### इनका नामांकन हुआ रद्द

प्रेसिडेंट पद के लिए शंभू दयाल, रतींद्रा नाथ दास, जनरल सेक्रेटरी के लिए अनिल कुमार तिवारी, असिस्टेंट ट्रेजरर पद से महेश कुमार वर्मा, ज्वाइंट सेक्रेटरी पद के लिए श्री प्रकाश समेत 19 कार्यकारणी सदस्य का नामांकन रद्द किया गया है.

### 25 को फाइनल लिस्ट होगा जारी

चुनाव कमेटी के प्रवक्ता रंजनधारी सिंह ने बताया कि आज स्क्रूटनी के बाद लिस्ट जारी की गई है. बुधवार को उम्मीदवार नाम वापस ले सकते है, इसके बाद गुरुवार को फाइनल लिस्ट जारी की जायेगी. 10 मई को चुनाव होगा और उसी दिन मतगणना भी को जायेगी.

## अधिवक्ताओं ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के व्यवहार न्यायालय में मंगलवार को बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती एवं हनुमान जयंती पर अधिवक्ताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ किया. इसके साथ ही जिला बार एसोसिएशन के चुनाव सत्र 2024–2026 में होने वाले चुनाव की स्क्रूटनी होने के बाद लिस्ट लग गई। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशी, महासचिव के लिए तीन प्रत्याशी, उपाध्यक्ष के लिए पांच प्रत्याशी, कोषाध्यक्ष के लिए तीन प्रत्याशी, सह कोषाध्यक्ष के लिए 6 प्रत्याशी , संयुक्त सचिव के लिए 11 प्रत्याशी एवं एग्जीक्यूटिव मेंबर के लिए 32 प्रत्याशी इस तरह कुल 64 प्रत्याशी का नाम चयनित हुआ है.



### लॉयर्स डिफेंस प्रतिनिधिमंडल में खुशी की लहर

लिस्ट जारी होने से लॉयर्स डिफेंस की पूरी प्रतिनिधिमंडल में खुशी की लहर है. इसको लेकर कोर्ट परिसर में द्वितीय तल्ले पर अधिवक्ता अक्षय कुमार झा, परमजीत कुमार श्रीवास्तव, रमन जी ओझा, ओम प्रकाश मिश्रा के साथ अधिवक्ता श्याम मोहन गुप्ता, सुधीर प्रसाद, राजीव रंजन, बलाई पांडा, विनीता सिंह, प्रवीण कुमार, नीरज कुमार सहित कई अधिवक्ताओं ने मिलकर हनुमान चालीसा का पाठ किया.

### मतदाता जागरूकता रथ को किया रवाना

**आदित्यपुर।** सरायकेला समाहरणालय परिसर से मंगलवार को टीवी स्क्रीन, वीआर यंत्र, ध्वनि विस्तारक यंत्र युक्त मतदाता जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. यह जागरूकता वाहन जिले के सभी प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण कर आम लोगों को ऑडियो – वीडियो के माध्यम से मतदान के महत्व और आगामी 13 मई को सिंहभूम तथा खूंटी लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र तथा 25 मई को रांची लोकसभा निर्वाचन संसदीय क्षेत्र में मतदान करने के लिए प्रेरित करेगा. मौके पर एसडीओ सुनील कुमार प्रजापति ने कहा कि वैन के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जाएगा. मीडिया कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी अविनाश कुमार ने कहा कि वाहन नियमित रूट चार्ट के अनुसार जिला के सभी प्रखंड में मतदाताओं को मतदान तिथी पर मतदान करने के लिए प्रेरित करेगा.

### टेबल टेनिस: दिनेश रक्षित बने चैंपियन

**जमशेदपुर।** विश्व टेबल टेनिस दिवस के उपलक्ष्य में जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स में टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है. सोमवार को वेटिंग मॉम इवेंट के अलावा 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग का फाइनल मैच खेला गया. 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के फाइनल में दिनेश रक्षित ने तरणजीत सिंह को हराकर खिताब जीता. वहीं,अंडर-13 बालक एकल वर्ग के फाइनल में शिवेन गांगुली ने सिद्धार्थ राज को हराया. अंडर-15 बालिका वर्ग में पर्लीन भामरा ने स्नेहा को हराकर खिताब जीता. 23 अप्रैल तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 130 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं.

## दो नाबालिग लड़की का नामांकन नोवामुंडी कैंप स्कूल में कराया गया



संवाददाता। किरीबुरु

किरीबुरु थाना क्षेत्र की दो नाबालिग लड़कियों को बाल विवाह से मुक्त कराने के बाद दोनों का नामांकन मंगलवार को स्कूल में कराया गया. किरीबुरु कलस्टर की महिला समूह की अध्यक्ष यशोदा गुप्ता, किरीबुरु, न्याय सलाह केन्द्र की पारा लीगल रीना दास, जेंडर सीआरपी हीरामणि बारला आदि ने दोनों लड़कियों का नामांकन नोवामुंडी स्थित कैंप स्कूल में कराया. महिला समूहों की इस कार्य की प्रशंसा सभी कर रहे हैं. उल्लेखनीय है कि महिला समूह की उक्त पदाधिकारियों ने बेहतर कार्य करते हुये दो गरीब नाबालिग लड़कियों का बाल विवाह को रुकवाया था. दोनों लड़कियां सहेली हैं तथा अपने घर से भागकर प्रेमी के घर में रह रही थी. दोनों लड़की की उम्र लगभग 12-12 वर्ष है. दोनों नाबालिग मंगला उषा पर्व के समय से अपने-अपने घर से भागकर प्रेमी के घर रह रही थी . इसमें से एक युवती के पिता की मौत पहले हो गई थी तथा उसकी मां दूसरी शादी कर अन्यत्र रहती है .

## बीएसएफ जवान को दी गई अंतिम सलामी

संवाददाता। घाटशिला



धालभूमगढ़ प्रखंड के सरफडांगा गांव निवासी बीएसएफ के जवान मटकुराम हेंब्रम का निधन कोलकाता के सरोज गुप्ता कैंसर अस्पताल में रविवार की शाम को हो गयी. जवान मटकू राम हेंब्रम के पार्थिव शरीर को उनके यूनिट के जवानों और दो अफसरों ने सीमा सुरक्षा बल के वाहन से कोलकाता से लेकर आए और उनके पैतृक आवास पर समाज की रीति रिवाज के अनुसार अंतिम संस्कार पूरे सम्मान के साथ करवाया. सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने अपने जवान को सेना के नियमानुसार गॉड ऑफ ऑनर देकर सम्मान प्रकट किया. गार्ड ऑफ ऑनर में 24 गोलियों की सलामी दी गई. उसके बाद उनके बड़े पुत्र ने मुखाग्नि दी. जानकारी हो कि मटकू राम हेंब्रम सुरक्षा बल में एएसआई के पद पर त्रिपुरा में नियुक्त थे. नियुक्ति के दौरान एक बार मछली खाने से जीभ में काटा फंस गया था. यह घटना नवंबर 2023 की है. शुरुआत में इन्होंने इसे एक बहुत ही हल्की-फुल्की घटना माना जबकि वह खुद शुगर के मरीज थे. धीरे-धीरे घाव ने दूसरा रूप ले लिया और लंबी इलाज के बाद बिते दिनों कोलकाता के सरोज गुप्ता कैंसर अस्पताल में अपने जीवन लीला को विराम दे दिया. मटकू राम हेंब्रम अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं. पत्नी सहित दो पुत्र और एक पुत्री भी है. बड़ा बेटा घर पर रहता है जबकि छोटा बेटा कार्तिक हेंब्रम घाटशिला संत नंदलाल में 12वीं कक्षा में अध्यनरत है और वही बहन मंजू हेंब्रम रांची में निर्मला कॉलेज में आईटी की पढ़ाई कर रही है. मटकू राम हेंब्रम लगभग 25 वर्षों तक सीमा सुरक्षा बल के यूनिट में अपना योगदान दिए. उनकी अंतिम संस्कार में सीमा सुरक्षा बल के इंस्पेक्टर महावीर प्रसाद एवं जय राम सिंह अपने 11 जवानों के साथ मौजूद थे. वहीं जिला प्रशासन की ओर से घाटशिला थाना प्रभारी मधुसूदन दे , धालभूमगढ़ थाना प्रभारी राजेश कुमार मुंडा अपने-अपने जवानों के साथ उपस्थित थे.

**जलसंकट** सिंहभूम कॉलेज, चांडिल में पेयजल संकट गहराया, लेकिन किसी का ध्यान नहीं

# चिलचिलाती धूप, पीने के पानी के लिए भटक रहे छात्र

संवाददाता। चांडिल



ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र का एकमात्र डिग्री कॉलेज के विद्यार्थी भीषण जल संकट का सामना कर रहे हैं. सिंहभूम कॉलेज चांडिल के साढ़े छह हजार विद्यार्थी अध्ययन करते हैं. सभी पेयजल से जुझ रहे हैं. वर्तमान समय में कॉलेज में स्नातक प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा चल रही है. इस दौरान एक-एक दिन करीब 11 सौ परीक्षार्थी कॉलेज पहुंच रहे हैं. कॉलेज परिसर परीक्षार्थियों से भरा रहता है. ऐसे में कॉलेज में जल संकट उन्हें परेशान कर रहा है. एक तो विधानसभा क्षेत्र के दूर-दराज से परीक्षार्थी गरम हवा का झोंका झेलते हुए कॉलेज पहुंच रहे है. चिलचिलाती धूप, गर्म हवा के झोंकों के बीच कॉलेज पहुंचने के बाद उन्हें स्वच्छ पेयजल के लिए तरसना पड़ रहा है. यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन का लाभ विद्यार्थियों को नहीं मिल रहा है.

### सोलर जल मीनार में कभी-कभी उठता पानी

पेयजल समस्या पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सरोज कुमार कैवर्त ने बताया कि कॉलेज परिसर में कुल तीन चापाकल लगाए गए है. इनमें एक पर पानी टंकी का कनेक्शन है, एक पर सोलर जल मीनार है और एक चापाकल हैंडल वाला है. पानी टंकी वाला नल मोटर जल जाने के कारण अब बंद है. वहीं सोलर जल मीनार और हैंडल वाले चापाकल में कभी पानी निकलता है और कभी नहीं निकलता है. इसका कारण जलस्तर का नीचे जाना है.

### तीन में एक सरकारी चापाकल

चार साल पहले आजसू पार्टी के नेता, समाजसेवी हरेलाल महतो ने निजी स्तर से कॉलेज परिसर में पानी टंकी का निर्माण कराया था. जलस्तर नीचे जाने के कारण अब उस टंकी से पानी निकलना बंद हो गया है. बताया गया कि उसका मोटर जल गया है. वहीं कॉलेज परिसर में चांडिल निवासी समाजसेवी आशीष कुंडु द्वारा एक चापानल का निर्माण कराया गया था. सरकार की ओर से कॉलेज में एक सोलर जल मीनार का निर्माण कराया गया है. वर्तमान में इसका उपयोग भी ना के बराबर हो रहा है.

प्रशासक ने कहा- पूरे आदित्यपुर में पानी की समस्या, समाधान में लगे हैं

# लोगों ने पानी के लिए नगर प्रशासक को घेरा

संवाददाता। आदित्यपुर



आदित्यपुर नगर निगम कार्यालय के बगल में स्थित कल्पनापुरी मुहल्ले में भीषण जल संकट है. मंगलवार को कॉलोनी वासियों ने पानी की समस्या को लेकर नगर प्रशासक कार्यालय पर प्रदर्शन किया और प्रशासक को घेराव किया. कॉलोनी के लोगों ने बताया कि वे लोग रोज पानी खरीदकर खाना पीना कर रहे हैं, जिसमें महीने का 18 से 20 हजार खर्च हो रहा है. कॉलोनी वासियों ने प्रशासक से अनुरोध किया कि उन्हें पुराने पाइप लाइन से ही कनेक्शन देकर समस्या का समाधान करें. लोगों ने प्रशासक को यह भी बताया कि कुछ लोगों को उनके मुहल्ले में पुराने पाइप लाइन से कनेक्शन दिया भी गया है. जिस पर अपनी मजबूरी बताते हुए प्रशासक आलोक कुमार ने कहा कि ऐसा संभव नहीं है. चूंकि पुराने पाइप लाइन पहले से ओवरलोड है. प्रशासक ने कहा पूरे आदित्यपुर में जल समस्या है जिसके स्थायी समाधान में वे लगे हुए हैं, आठ से नौ महीने में कुछ अच्छा जरूर होगा. मैंने प्रस्ताव भेजा है. इस आंदोलन में रुपा झा, रितेश जायसवाल, रंजीत सांडिल, पूर्व पार्षद जुली महतो, अवधेश कुमार सिंह, घनश्याम यादव, शैलेंद्र सिंह, एच एन सिंह, माला सिंह आदि शामिल थे.

## हजारीबाग लोस क्षेत्र के राजग प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने मांडू क्षेत्र के 18 गांवों का किया दौरा

# मोदी है तो देश में विकास की गारंटी है : जायसवाल

संवाददाता। रामगढ़

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के राजग उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने कहा कि जनता पूरी तरह मूड बना चुकी है. जब भी लोगों से वार्ता करते हैं तो उनके पास दो ऑप्शन होते हैं. एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दूसरी ओर महागठबंधन है, जिसका अब तक पीएम का चेहरा तक नहीं है. ऐसे में लोग सीधे तौर पर मोदी को अपना पीएम बनाने को आतुर दिखते हैं. मोदी है तो देश में विकास की गारंटी है और जो विकास की रफ्तार चल रही है उसे बरकरार रखने के लिए तीसरी बार मोदी सरकार को चुनना जरूरी है. जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस ने देश और देश के गरीबों को वर्षों तक छला है, लेकिन अब जनता उनके लुभावने वादे में कतई नहीं फंसेगी. देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनेगी और हजारीबाग में भी प्रचंड मतों से कमल खिलेगा.



**मौके पर ये गणमान्य लोग रहे मौजूद :** मौके पर आजसू नेता तिवारी महतो, भाजपा रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, भाजपा मांडू मंडल अध्यक्ष लोकेश सिंह, आजसू प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो, भाजपा नेता रंजित सिन्हा, अमरेंद्र गुप्ता, सर्वेश सिंह, बिपिन गुप्ता, सुरेश चंद्र साहू, खिरोधर साहू, रतन साहू, रवि साहू, आशीष साहू, डिंपल प्रजापति, सुरेश चंद्र साहू, पवन साहू, परमेश्वर महतो, मनोहर गुप्ता, मुकेश कुमार, मुन्नू महतो, सुरन महतो, दिनेश्वर साहू, किरण देवी, राजेंद्र कुशवाहा, बालगोविंद बेदिया, सूरज बेदिया, सन्नी बेदिया, संतोष पाठक, आजसू नेता लालचंद महतो, बैजनाथ राम, सुरेंद्र महतो, मनोज गोप, रवि कुमार, संजीत गोप, बीरेंद्र गोप, मनोज महतो, ओमप्रकाश पटेल, पिंटू महतो, जगेश्वर महतो, भोला तुरी, खुशीलाल महतो, सुरेंद्र कुमार, कालीचरण महतो, राजेश राणा, मुकेश, शिव आदि मौजूद रहे.

### राजग प्रत्याशी का तूफानी जनसंपर्क अभियान

राजग प्रत्यशी मनीष जायसवाल ने मंगलवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र के करीब 18 गांवों का दौरा कर भाजपा और अपने पक्ष में मतदान करने की अपील मतदाताओं से की. जायसवाल ने मांडू प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गोविंदपुर से सुबह निर्धारित समय पर अपने दौरे की शुरुआत की. इससे पूर्व मांडू ब्लॉक के समीप स्थानीय भाजपा और आजसू के कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया. इसके बाद गरगाली, मांडू डीह, हेसगढ़ा, बोगाहारा, बुमरी, कंजगी, पंडरिया, मंझला चुम्बा, बड़का चुम्बा, बहेरा टांड़, ओरला माइंस, तोपा, पिंडरा, डटमा बस्ती, तोयरा और कुजू न्यू कॉलोनी में जनसंपर्क और जनसंवाद किया. सभी गांवों में मनीष जायसवाल का स्थानीय ग्रामीणों ने स्वागत किया.

### निर्दलीय प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**हजारीबाग।** बड़ा अखाड़ा परिसर के सामने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी शशि भूषण केशरी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन मंगलवार को किया गया. इस दौरान उन्होंने कहा कि राजनीति में आने का मेरा उद्देश्य समाजसेवा, समस्त हिंदू परिवार को एकसूत्र में बांधना, हमारे देश की बहन-बेटियों की सुरक्षा, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी दूर करना है. आज के नेता अपने राजनीतिक हितों के लिये हम हिंदू परिवारों को अलग-अलग जातियों व अलग-अलग धर्मों में बांटा जा रहा है. रोजगार के नाम पर बेरोजगार युवकों को छला जा रहा है.

# स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले बच्चों को किया गया सम्मानित



संवाददाता। रामगढ़

बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा एवं डीएवी कालेज प्रबंधकर्ती समिति की ओर से प्रत्येक वर्ष डीएवी नेशनल में स्वर्ण पदक लाने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाता है. इस वर्ष हरियाणा के पानीपत में आयोजित महात्मा हंसराज के जन्म स्मृति समारोह के दौरान सभी डीएवी नेशनल स्पोर्टस में विभिन्न खेलों में स्वर्ण पदक पाने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया. इस अवसर पर डीएवी बरकाकाना के कराटे में स्वर्ण पदक लाने वाले पांच बच्चे शामिल हुए. इनमें वर्ग चतुर्थ के आर्यन कुमार, षष्ठ की वेदिका अग्रवाल दशम की रक्षा रानी, आर्या और कनिष्का शामिल थे. बच्चों को प्रशस्ति पत्र के साथ-साथ 5100 रुपये का चेक प्रदान किया गया. मंगलवार को विद्यालय की प्रार्थना सभा के दौरान सभी सम्मानित बच्चों को प्राचार्य मुस्तफा मजिद ने प्रशस्ति पत्र और 5100 का चेक प्रदान किया.

## ब्रीफ खबरें

### पदाधिकारियों ने किया मतदान केंद्रों का दौरा

**केरेडारी।** मतदान पदाधिकारी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर की जा रही तैयारी का जायजा ले रहे हैं. अंचलाधिकारी राम रतन वर्णवाल, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमीत कुमार ने मंगलवार प्रखंड के बालेदेवरी, बसरिया, बेंगवरी, बेलतू, कंडाबेर, सिरमा इतीज, बारियातू, गरीखुर्द, पतराखूर्द, देवरिया खूर्द स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर पानी, बिजली, रैंप, लाइट, पंखा, कमरे की उपलब्धता, शौचालय, छाया आदि की भौतिक स्थिति की जांच की. अंचलाधिकरी ने इसके साथ ही प्रखंड मुख्यालय में आंगनबाड़ी सेविका और प्रखंड मुख्यालय में दूरदराज से आये ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिये जागरूक करने की अपील की.

### दिनदहाड़े घर में घुसकर लूटपाट व मारपीट

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के ग्राम कोनहारा कला में एक घर में घुसकर लूटपाट, छेड़छाड़ और मारपीट का मामला प्रकाश में आया है. इस बाबत पीड़िता नितू कुमारीने बरकट्ठा थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है. लिखित आवेदन में बताया कि गांव के ही दबंग मनोज सोनी, मनोज सोनी की पत्नी, पुत्र चंदन सोनी और पुत्री राखी कुमारी ने मंगलवार सुबह 09:30 बजे के करीब मेरे घर में घुसकर लूटपाट की, अलमारी में रखे सामान को तोड़ दिया. साथ ही घरेलू सामान को रोड पर फेंक दिया. घर पर लगे अल्बेस्टर को दबंगों ने तोड़ दिया. वहीं घर में शादी के लिए रखे दो लाख पैंसठ हजार रुपये और जेवरात भी लूट कर चले गए. साथ ही नाबालिग पीड़िता ने चंदन सोनी पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है.

### सड़क हादसे में युवक की मौत, हत्या की आशंका

**हजारीबाग।** सर्किट हाउस के पास मंगलवार को सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी. मृतक की पहचान इटखोरी नवरंग प्रक्रिया निवासी अमित कुमार (24) के रूप में हुयी है. अमित घर का इकलौता चिराग था. इस संबंध में परिजनों ने बताया कि अमित हजारीबाग में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहा था. वहीं कुछ दोस्त कह रहे हैं कि वह रूम में सोमवार को सोया हुआ था. वहीं कुछ दोस्तों का कहना था कि वह बरात जा रहा था. परिजनों ने यह भी कहा कि दोस्तों की बात सुनकर लग रहा है कि उसकी हत्या हुई है. इधर, पुलिस अमित के दोस्तों से पूछताछ कर रही है. मकान में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है.

### जर्जर पीसीसी सड़क बनाने की हुई मांग

**जयनगर।** प्रखंड के गोपालडीह-बेलदाराबागी पीसीसी के जर्जर होने का कारण लोगों को परेशानियों के सामने करना पड़ रहा है.उक्त गोपालडीह जाने वाले पीसीसी सड़क का निर्माण 25 वर्ष पूर्व कराया गया था. घटिया निर्माण होने के कारण निर्माण के 2 साल वा कोडरमा गोपालडीह के अलावा अन्य गांव के आने जाने वाले लोगों को हमेशा हादसे का डर बना रहता है. उक्त पीसीसी सड़क पर ना तो स्थानीय जनप्रतिनिधि के अलावा विधायक, सांसद व प्रशासन का ख्याल नहीं है. सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि छोटे बड़े वाहन तो दूर, लोगों को सड़क पर पैदल चलना भी मश्किल बना हुआ है.

## बिजली विभाग की कार्यशैली से हर वर्ग के लोग नाराज

# कहीं लो वोल्टेज, तो कहीं शॉर्ट सर्किट से उपभोक्ता परेशान

**खास बातें**

- लोगों ने कहा-लापरवाह हैं अधिकारी व कर्मचारी
- घटना होती है तो हाथ खड़ा कर देता है बिजली विभाग

संवाददाता। हजारीबाग

बिजली विभाग इन दिनों सुर्खियों में है, जिसकी कार्यशैली से उपभोक्ता परेशान हैं. कहीं लो वोल्टेज की समस्या तो कहीं शॉर्ट सर्किट ने भीषण गर्मी में लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है. हरनगंज के बंशीधर और कुमारटोली पार्लर दुर्गा मंडप के पास रहने वाले रविरंजन, सुनील कुमार, कुमार, कुमार, राजेश कुमार ने बताया कि छह माह से ट्रांसफार्मर के पास कुछ तकनीकी खराबी है, जिसके कारण लो वोल्टेज की समस्या का सामना करना पड़ रहा है. इसकी सूचना बिजली विभाग को कई बार दी गई, मिस्त्री आया और ट्रांसफार्मर खराब होने की बात कह कर चला गया. इसके बाद से आज तक विभाग उक्त खराब ट्रांसफार्मर की सुध लेना उचित नहीं समझा. अकसर जब कोई घटना होती है तो बिजली विभाग हाथ खड़ा कर देता है. इस संबंध में बिजली विभाग के एसडीओ, जिनके मोबाइल नंबर 94311 3571 6 पर पक्ष लेने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कई प्रयासों के बावजूद एक बार भी फोन नहीं उठाया.







### न मोटर से पानी भर पा रहे, न ही फ्रिज, कूलर, पंखा चला पा रहे हैं

मोहल्लावासियों ने यह भी कहा कि छह माह से वोल्टेज नहीं रहने के कारण इस क्षेत्र में रहने वाले लोग परेशान हैं. न मोटर से पानी भर पा रहे हैं और न ही फ्रिज, कूलर, पंखा चला पा रहे हैं. वहीं हरण गंज के दर्जनों दुकानदारों ने बताया कि बिजली विभाग पूरी तरह से लापरवाह है. वह सरकार को ही चूना लगा रहा है. यहां तक कि बिजली विभाग को व्यवसाय बना दिया गया है. अब बिजली का चाहे नया कलेक्शन लेना हो या फिर रिपेयरिंग कार्य करवाना हो, उसके लिए मिस्त्री से लेकर अधिकारियों तक का भी चार्ज जुड़ा हुआ रहता है. दुकानदारों ने यह भी बताया कि अगर बिजली विभाग सही से काम करता तो शायद 20 दुकानों में आग नहीं लगती और 50 लाख से ऊपर का दुकानदारों का नुकसान नहीं हुआ होता.

### बिजली का कनेक्शन करने वाले भी खूब कर रहे मनमानी

वहीं ग्रामीण जगदेव कुमार, संतोष मेहता ने बताया कि बिजली विभाग को अगर एक खंभा भी बदलना पड़े तो उसके लिए वह कभी मिस्त्री चार्ज तो कभी मजदूर या तो फिर ले जाने की गाड़ी का किराया जोड़ लेता है. पूर्व में इचाक प्रखंड के तिलरा गांव में एक ट्रांसफार्मर बदलने के लिए गाड़ी और मजदूर के नाम पर 5000 रुपये मांगे गये. अंत में 4000 रुपये लेने के बाद नया ट्रांसफार्मर दिया गया. वहीं इचाक प्रखंड के नावाडीह पंचायत के कई ग्रामीणों ने बताया कि बिजली का कनेक्शन करने वाले भी खूब मनमानी कर रहे हैं. जिन्होंने कनेक्शन नहीं लिया है उनके घर बिना कागजात के बिजली देकर महीने का बिजली बिल वसूलते हैं. एक नहीं, बल्कि कई ऐसे घर हैं जिनका बिजली बिल खुद कनेक्शन करने वाले अपनी जेब में रख लेते हैं.

## एक अपराधी को किया गया जिला बदर

# तीन को प्रतिदिन लगानी होगी पुलिस थाने में हाजिरी

- उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी चंदन कुमार के न्यायालय ने दिया आदेश

संवाददाता। रामगढ़

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी चंदन कुमार के न्यायालय ने झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम के तहतएक अपराधी को जिला बदर और तीन अपराधियों को प्रतिदिन थाने में हाजिरी लगाने का आदेश दिया है. अपराधी दीपक करमाली उर्फ नेपाली (पतरातू प्रखंड), अपराध कर्मी सुनील राम उर्फ सुनील मोची (पतरातू प्रखंड), अपराध कर्मी मोनू सोनी (पतरातू प्रखंड) को आगामी 6 महीने के लिए प्रतिदिन 10:00 बजे पूर्वाह्न में थाना प्रभारी पतरातू के समक्ष हाजिरी लगानी होगी.

इसके अलावा यदि कोई अनुज्ञप्ति आधारित शस्त्र है तो अविलंब उसे स्थानीय थाने में जमा करने एवं इस अवधि में किसी भी स्थिति में शस्त्र धारित नहीं करने का भी आदेश दिया गया है. वहीं विधि व्यवस्था बनाए रखने तथा आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कुख्यात अपराधी निशांत सिंह को तीन महीने अथवा आदर्श आचार संहिता की अवधि समाप्त होने तक रामगढ़ जिला क्षेत्राधिकार से निष्कासित (जिला बदर) किया गया है. अभियुक्त को आदेश पारित होने के 24 घंटे के अंदर जिले की सीमा को छोड़ने एवं अगले छह माह तक जिले की सीमा में बगैर लिखित पूर्वानुमति के प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी. सभी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है एवं आदेश की अवमानना अथवा उल्लंघन करने पर झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम की धारा 25 तथा भारतीय दंड संहिता के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत दंडनीय माना जायेगा.

### बैंक में खिड़की तोड़कर घुसने का आरोपी गिरफ्तार



**रामगढ़।** बैंक ऑफ़ इंडिया पतरातू शाखा में खिड़की तोड़कर प्रवेश करने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. इस संबंध में पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 अप्रैल को बैंक ऑफ़ इंडिया पतरातू शाखा के प्रबंधक ने पतरातू थाने को लिखित आवेदन देकर सूचित किया था कि बीती रात एक व्यक्ति ने चोरी की मंशा से खिड़की तोड़कर बैंक में प्रवेश किया है मामले को लेकर पतरातू थाना में प्राथमिक दर्ज की गई. रामगढ़ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार ने पतरातू थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिया. पुलिस टीम ने बैंक आफ इंडिया पतरातू शाखा सीसीटीवी फुटेज खंगाल इसके बाद छापेमारी करते हुए पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया.

# सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों ने मारी बाजी



संवाददाता। हजारीबाग

कोरा बाबू गांव स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2023-24 में परिणाम शत-प्रतिशत रहा. परीक्षा में कुल 83 बच्चे शामिल हुए थे, जिनमें 71 बच्चे प्रथम श्रेणी एवं शेष द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए. कुमकुम कुमारी (480) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. द्वितीय स्थान पर सुरुचि कुमारी (474) कर रही. निशा 471) ने तृतीय स्थान हासिल किया. चतुर्थ स्थान रुपेश कुमार (467) ने प्राप्त किया. पांचवें स्थान पर रिषु कुमारी (466) रही. चंदन दांगी (460) ने छठा स्थाल हासिल किया. वरुण कुमार (453) सातवें स्थान पर रहा. अष्टम स्थान विद्योत्तमा भारती (451) ने हासिल किया. नवम स्थान एश्वर्य राज (446) ने प्राप्त किया. दशम स्थान पर नेहा व राजन संयुक्त रूप से 441 अंक प्राप्त कर रहे.

### सफल बच्चों को इन्होंने दी बधाई व शुभकामनाएं

विद्यालय प्रबंधन समिति के संरक्षक डॉ. जटाधर दूबे, अध्यक्ष डॉ. ब्रज कुमार विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष, राम बहादुर सिंह, सहसचिव अनूप कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष हरि शंकर सिंह, सदस्य महेंद्र राम, सत्यभामा, गंगाधर दुबे, विद्यालय परीक्षा प्रमुख पवन कुमार गुप्ता, अल्पना सिन्हा, राज कुमार सिंह, रेवत लाल प्रसाद, मुकेश कुमार सिन्हा, आनंद किशोर प्रजापति, विवेक कुमार, अर्चना सिन्हा, शिव शरण ठाकुर, राहुल कुमार पांडेय, सचिन कुमार पांडेय, रवींद्र कुमार, पिंटू कुमार राय, रविकांत पाठक, पप्पू कुमार पांडेय, सुशील सौरभ, निखत प्रवीण, बेबी कुमारी इत्यादि ने सफल बच्चों के साथ शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं दी.

## हनुमान जन्मोत्सव पर प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

# हनुमान के बाल रूपों ने मन मोहा

संवाददाता। हजारीबाग



विजय शंखनाद की ओर से पैराडाइस रिसोर्ट में आयोजित हनुमान बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए बालक-बालिकाओं ने हनुमान के बाल रूप धारण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के 3 से 6 वर्ष के बच्चों में तीनों विद्यार्थी अव्वल रहे, जिसमें प्रथम पुरस्कार कश्मीर वस्त्रालय द्वारा 7100 रुपये आदिशक्ति मौर्य, द्वितीय पुरस्कार विजय शंखनाद द्वारा 5100 रुपये अक्षत कुमार और तृतीय पुरस्कार हर्ष अजमेरा द्वारा 3100 रुपये प्रथम शर्मा तथा ग्रुप बी 6 से 9 वर्ष में प्रथम पुरस्कार हर्ष अजमेरा द्वारा 7100 रुपये अभिमन्यु, द्वितीय पुरस्कार विजय शंखनाद द्वारा 5100 रुपये प्रभाकर कुमार पांडे तथा तृतीय पुरस्कार रामकिशोर सावंत द्वारा 3100 रुपये आध्या गुप्ता ने प्राप्त किया. सभी को संस्था के चेक के माध्यम से पुरस्कार राशि दिया गया. मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक आशुतोष भारती, विशिष्ट अतिथि के रूप में आर्य कन्या गुरुकुल के पुष्पा शास्त्री दीदी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया. विशिष्ट अतिथि के रूप में रेणुका साहू, चंद्रदीप यादव, अजीत गुप्ता आदि थे. जज पैनल में अमरेंद्र विद्यार्थी झूम झा व सोनी ने प्रतिभागियों के पुरस्कार घोषणा की. बाकी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में मेडल प्रदान किया गया.

## भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

# जयंती पर याद की गई कुंवर सिंह की वीरता

संवाददाता। हजारीबाग

सर्किट हाउस के समीप भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू कुंवर सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को समाजसेवी व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया. इस मौके पर सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में जिन कुछ तिथियों का विशेष महत्व है उसमें एक वीर कुंवर सिंह की जयंती का भी है. 1858 में इसी दिन बाबू कुंवर सिंह ने लीग्रैंड को पराजित कर जगदीशपुर को पुनः स्वतंत्र किया था. इसीलिए प्रति वर्ष इस तिथि को 'विजयोत्सव दिवस' के रूप में मनाया जाता है. उन्होंने कहा कि 80 वर्ष की उम्र में भी इस महायोद्धा ने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी, जो सभी लोगों को युगों-युगों तक प्रेरित करती रहेगी। इस दौरान इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी जेपी भाई पटेल मौजूद रहे.



कार्यक्रम में मुख्य रूप से अशोक देव, बिनोद सिंह, भगवान सिंह, शत्रुघ्न सिंह, मिथलेश सिंह, अवधेश सिंह, सीडी सिंह, पंकज सिंह, विकास सिंह, डॉ मिथलेश कुमार, शंकर सिंह, राजू सिंह, अनुपम सिन्हा, मनोज कुमार सरोज, गुड्डू सिंह, मनोज सिंह, प्रेम शंकर सिंह, वीरेंद्र सिंह, अजय सिंह, अर्जुन सिंह, शंभु सिंह, बबलू सिंह, आलोक सिंह, गोपाल सिंह, रवि सिंह, टुनटुन सिंह, शत्रुघ्न सिंह आदि उपस्थित थे.

### चरही में मनाई गई वीर कुंवर सिंह की जयंती

**चरही।** चुरचू प्रखंड के चरही में मंगलवार को चरही बिरसा ग्राउंड स्थित वीर कुंवर सिंह भवन में वीर कुंवर सिंह की जयंती मनाई गई. इस मौके पर क्षत्रिय समाज के लोगों ने बारी-बारी से कुंवर सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की. मौके पर समाजसेवी उमेश कुमार सिंह ने वीर कुंवर सिंह के इतिहास पर प्रकाश डाला. मौक़े पर उमेश कुमार सिंह, धीरेंद्र सिंह, पप्पू कुमार सिंह, आनंद कुमार सिंह, पप्पू सिंह आदि उपस्थित थे.

## गड़बड़झाला आवास कोओर्डिनेटर और जनप्रतिनिधि की मिलीभगत

# अबुआ आवास के आवंटन में भारी अनियमितता

संवाददाता। कटकमसाडी

प्रखंड क्षेत्र में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रखंड के आवास कोओर्डिनेटर की मिलीभगत से उल्टा सीधा कर लाभुकों को खाते में किस्त की राशि का भुगतान करने का काम किया जा रहा है. ताजा मामला कटकमसाडी प्रखंड विकास पदाधिकारी सविता सिंह द्वारा लुपुंग और खुटरा पंचायत के पांच लाभुकों को अबुआ आवास योजना में भुगतान पर रोक लगाने के बावजूद प्रखंड आवास कोओर्डिनेटर द्वारा लाभुकों के खाते में प्रथम किस्त की राशि का भुगतान किया गया. प्रखंड मुख्यालय में कार्यरत आवास कोओर्डिनेटर और स्थानीय जनप्रतिनिधि की मिलीभगत से ओबीसी को जनरल, अनुसूचित जनजाति को ओबीसी में, अनुसूचित जाति को ओबीसी श्रेणी से आवास का आवंटन किया गया। ताज़ा मामला कटकमसाडी प्रखंड क्षेत्र के बाझा पंचायत का है.




प्रियंका देवी, पति हरिश्चंद्र महतो ओबीसी के अंतर्गत आती है लेकिन उन्हें सामान्य श्रेणी से आवास का आवंटन किया गया. वहीं सरस्वती देवी, पति जादो आगेरिया अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अंतर्गत आती है लेकिन उन्हें सामान्य वर्ग से आवास आवंटित किया गया है. इससे पात्र सामान्य वर्ग का व्यक्ति इस लाभ से वंचित हो गया, जबकि बाझा पंचायत में दो ही आवास सामान्य वर्ग के लिए आवंटित किया जाना था, हुआ है एक भी नहीं. इसके अलावा छोटी देवी, पति सूरज भुइयां अनुसूचित जाति में शामिल है, लेकिन उन्हें ओबीसी में शामिल किया गया है. अबुआ आवास योजना में स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रखंड कर्मी के द्वारा गड़बड़झाला कर लाभुकों से अवैध रूप से उगाही की जा रही है. इसी तरह रोमी पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना में भी एक ही परिवार को बार-बार योजनाएं मुखिया और पंचायत सचिव द्वारा स्वीकृत की गयी है, जो जांच का विषय बना हुआ है.

**खास बातें**

- ताजा मामला कटकमसाडी का प्रकाश में आया
- जनरल, एसटी को ओबीसी श्रेणी में आवास का आवंटन

### दनुवा घाटी की खाई में गिरा कंटेनर, चाचा की मौत, भतीजा घायल

**चौपारण।** प्रखंड के दनुआ घाटी में मौत का खेल जारी है. मंगलवार को फिर से एक बड़ा हादसा हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी. वहीं एक व्यक्ति घायल बताया जा रहा है. मंगलवार की रात कोलकाता की ओर से एक कंटेनर बनारस की ओर जा रहा था. इसी बीच चौपारण के दनुवा घाटी में कंटेनर एनएचएआई के किनारे 30 फीट गहरी खाई में गिर गया. गहरी खाई में गिरने से कंटेनर का पुरजा पुरजा अलग हो गया, जिससे गाड़ी के चालक विवेक कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. मृतक की पहचान पिता मान सिंह ग्राम इकहारा, बरनाहल, मैनपुरी, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है. वहीं उप चालक सचिन कुमार, पिता अशोक गंभीर रूप से घायल हो गया. वह फिलहाल खतरे से बाहर बताया जा रहा है. दोनों रिश्ते में चाचा भतीजा हैं.

# तस्करी के लिये घर में रखा पांच लाख का 9.4 किलो गांजा बरामद

संवाददाता। चौपारण

चौपारण पुलिस ने एक घर से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है. इस संबंध में थाना प्रभारी दीपक सिंह ने बताया कि रात्रि में गुप्त सूचना मिली कि ग्राम अहरी निवासी लक्ष्मण सिंह अपने घर में भारी मात्रा में गांजा तस्करी करने हेतु रखा है. इस सूचना से वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराने के उपरांत आदेशानुसार एक छापामारी दल कर गठन कर मंगलवार अहले सुबह लक्ष्मण सिंह के घर में छापामारी की गयी. छापामारी के क्रम में लक्ष्मण सिंह अंधेरा और जंगल का लाभ उठाकर अपने घर से भागने में सफल हो गया. छापामारी दल ने लक्ष्मण सिंह के घर की तलाशी ली. इस क्रम में चौकी के नीचे छिपा कर रखे तीन प्लास्टिक के बोरे बरामद हुये. खोलकर देखने पर उसमें गांजा भरा हुआ मिला. इसका वजन 9 किलो चार सौ ग्राम है. पता चला कि लक्ष्मण सिंह आस-पास के क्षेत्रों से गांजा खरीदकर अपने घर में लाकर जमा करता है और बाद में उसे दूसरे राज्यों में ले जाकर बिक्री करता है. इस संदर्भ में मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है. छापामारी दल में थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, पुअनि बिन्देश्वरी महतो, पुअनि दिव्य प्रकाश, चौपारण थाना, चौपारण थाना सशस्त्र बल मौजूद थे.





## राशिफल

**आचार्य प्रणव मिश्रा**

**मेष** – समय लाभ का मौका देगा पर आज सतर्क रहें. धन तो आएगा पर व्यापार में कुछ हानि हो सकता है. साथ ही वाहन सावधानी से चलाएं. कोर्ट-कचहरी में अनुकूलता रहेगी. पूजा-पाठ में मन लगेगा. व्यवसाय ठीक चलेगा. झंझटों में न पड़ें.

**वृषभ** – पेट के रोग से बचें. आवास संबंधी समस्या हल होगी. आलस्य न करें. सोचे काम समय पर नहीं हो पाएंगे. चोट, चोरी व विवाद से हानि संभव है. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. कुसंगति से हानि होगी.

**मिथुन** – गलत दोस्तों से बचें. प्रेम में धोखा मिल सकता है. कई रुके हुए काम समय पर पूरे होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा. राजकीय बाधा दूर होकर लाभ होगा. प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी. क्रोध पर नियंत्रण रखें. लाभ होगा.

**कर्क** – किसी महिला से विवाद होगा. बहस से बचें. माता के लिए सामान्य समय है. रोजगार में उन्नति एवं लाभ की संभावना है. पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी. लाभदायक समाचार मिलेंगे. भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभ देंगे. रोजगार मिलेगा. शत्रु भय रहेगा.

**सिंह** – आय होगा और पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा. व्यवसाय ठीक चलेगा. विवाद न करें. सामाजिक एवं राजकीय ख्याति में अभिवृद्धि होगी. आर्थिक अनुकूलता रहेगी. रुका धन मिलने से धन संग्रह होगा.

**कन्या** – क्रोध से बचें. दिन बेकार जायेगा. व्यावसायिक चिंता रहेगी. संतान के व्यवहार से कष्ट होगा. सहयोगी मदद नहीं करेंगे. व्ययों में कटौती करने का प्रयास करें. वाहन चलाते समय सावधानी रखें. उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. शत्रु सक्रिय रहेंगे.

**तुला** – समय बहुत ही अच्छा है. कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी. व्यवसाय ठीक चलेगा. प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा. व्यापार के कार्य से बाहर जाना पड़ सकता है. कार्यपद्धति में विश्वसनीयता बनाएं रखें.

**वृश्चिक** – धन खर्च होगा. भूमि व संपत्ति संबंधी कार्य होंगे. पूर्व कर्म फलीभूत होंगे. परिवार में सुखद वातावरण रहेगा. व्यापार में इच्छित लाभ होगा. अतिथियों का आवागमन रहेगा. उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी. स्वाभिमान बना रहेगा.

**धनु** – प्रियजनों का पूर्ण सहयोग मिलेगा. व्यावसायिक चिंताएं दूर होंगी. आर्थिक स्थिति मजबूत होगी. बेरोजगारी दूर होगी. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी. नए कार्य का जोखिम न लें.

**मकर** – आय के लिए दिन बहुत ही अच्छा है. अपरिचितों पर विश्वास न करें. प्रयास में आलस्य व विलंब नहीं करना चाहिए. रुके हुए काम समय पर होने की संभावना है. विरोधी परास्त होंगे. यात्रा कष्टप्रद हो सकती है.

**कुंभ** – समय अनुकूल है. भाग्योन्नति के अवसर आएंगे. कुछ अच्छा होगा . जीवन मे लाभ मिलेगा. संतान के कार्यों में उन्नति के योग हैं. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. रुका हुआ धन मिलेगा. प्रसन्नता रहेगी. काला वस्तु का दान करें.

**मीन** – व्यवसाय ठीक चलेगा. कोई नया कार्य करने से पहले विचार कर लें. स्वास्थ्य के प्रति सावधानी रखें. कार्यक्षमता एवं कार्यकुशलता बढ़ेगी. कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह रखें. मन खिन्न होगा. पिला वस्तु दान करें.

## पेज एक का शेष...

### भारत में संपत्ति के मामले में...

**75% आबादी के पास एसी-कूलर तक नहीं :** दूसरी ओर, एनएफएचएस-5 का सर्वे ये भी बताता है कि आज भी भारत की एक बड़ी आबादी ऐसी है, जिसके पास जरूरी सामान तक नहीं है. इस सर्वे के मुताबिक, 30 फीसदी आबादी के पास प्रेशर कुकर भी नहीं है. वहीं, 15 फीसदी आबादी के पास कुर्सी और 40 फीसदी आबादी के पास टेबल भी नहीं है. इतना ही नहीं, 30 फीसदी से ज्यादा आबादी ऐसी है, जिसके पास कोई टीवी नहीं है. लगभग 75 फीसदी आबादी के पास न एसी है और न ही कूलर. जबकि, 22 फीसदी लोग तो ऐसे हैं जिनके पास कोई घड़ी तक नहीं है.

- **बौद्धों का हाल**
अमीर-27
गरीब-21
मिडिल क्लास-24
सबसे अमीर-18
सबसे गरीब-10
- **जैनों का हाल**
अमीर-10
गरीब-03
मिडिल क्लास-05
सबसे अमीर-80
सबसे गरीब-02
- **अन्य समुदाय का हाल**
अमीर-07
गरीब-15
मिडिल क्लास-11
सबसे अमीर-09
सबसे गरीब-58

### राज्यवार अमीरों का प्रतिशत

| | | |
|---|---|---|
| ज. कश्मीर-25 | मिजोरम-25 | हरियाणा-48 |
| लद्दाख-06 | बंगाल-08 | तेलंगाना-22 |
| हिमाचल-29 | त्रिपुरा-03 | कर्नाटक-19 |
| पंजाब-61 | मेघालय-4 | आंध्र प्रदेश-16 |
| चंडीगढ़-79 | झारखंड-8 | दादरा नगर हवेली-17 |
| उत्तराखंड-34 | छत्तीसगढ़-12 | गोवा-61 |
| दिल्ली-68 | बिहार-05 | लक्षदीप-36 |
| हरियाणा-48 | उत्तर प्रदेश-18 | केरल-40 |
| सिक्किम-13 | राजस्थान-22 | तमिलनाडु-25 |
| असम-04 | मध्य प्रदेश-15 | पुडुचेरी-46 |
| अरुणाचल-05 | ओडिशा-09 | अंडमान निकोबार-18 |
| नगालैंड-07 | महाराष्ट्र-28 | |
| मणिपुर-08 | गुजरात-27 | |

18 वर्ष के योग्य नागरिक 25 अप्रैल तक जोड़वा सकते हैं वोटर लिस्ट में अपना नाम, वोटर हेल्पलाइन एप पर मिलेगी जानकारी

# झारखंड में तीन महीने में जोड़े गए तीन लाख नए मतदाता

**शुभम किशोर। रांची**

झारखंड में चौथे चरण से लोकसभा चुनाव की शुरुआत होनी है. झारखंड में प्रत्याशियों के नामिनेशन की प्रक्रिया चल रही है. साथ ही नए मतदाताओं को जोड़ने का भी काम जारी है. भारतीय निर्वाचन आयोग (इसीआई) के अनुसार, झारखंड में 18 वर्ष के योग्य नागरिक 25 अप्रैल तक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं. इसके लिए बीएलओ के माध्यम से फॉर्म-6 या ऑनलाइन https://voters.eci.gov.in/ माध्यम से आवेदन कर सकते है. इसके साथ नागरिक वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं.

### 3 लाख 61 हजार 911 लोगों ने आवेदन दिया था



इसीआई झारखंड के अनुसार पिछले तीन महीने में झारखंड में 2 लाख 97 हजार 223 नए मतदाता जोड़े गए हैं. वहीं इस दौरान 3 लाख 61 हजार 911 लोगों ने आवेदन दिया था, जिसमें 55 हजार 581 आवेदन पेंडिंग है. 16 मार्च को आम चुनाव के घोषणा के बाद इसीआई ने झारखंड में मतदाताओं की संख्या जारी कि थी. जिसके अनुसार झारखंड में कुल 2,55, 18,642 मतदाता हैं. इनमें 1,29,97,325 पुरुष, 1,25,20,910 महिला और 407 थर्ड जेंडर के मतदाता हैं। इनमें 18-19 साल के 8,08,371 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे. आम चुनाव 2024 में 80 साल से ऊपर के 3,22,709 मतदाता और 85 साल से ऊपर के 1,39,445 मतदाता. लोकसभा चुनाव में झारखंड में 29,521 मतदान केंद्र बनाए गये हैं. यह पिछले आम चुनाव की तुलना (29,464) में 57 ज्यादा है. झारखंड में 13 मई को खूंटी, सिंहभमू, लोहरदगा और पलामू, 20 मई को चतरा, कोडरमा, हजारीबाग में चुनाव होना है.

| लोकसभा | नए फॉर्म 6 जमा | फॉर्म का निपटान | पेंडिंग |
|---|---|---|---|
| सिंहभूम | 17209 | 15144 | 1852 |
| खूंटी | 18772 | 16708 | 1690 |
| लोहरदगा | 20005 | 16988 | 2718 |
| पलामू | 24633 | 21790 | 1979 |
| चतरा | 24412 | 20275 | 3083 |
| कोडरमा | 26509 | 21645 | 4469 |
| हजारीबाग | 25902 | 21441 | 3428 |
| गिरिडीह | 27221 | 22689 | 3943 |
| धनबाद | 36732 | 31465 | 4206 |
| रांची | 40023 | 33200 | 6224 |
| जमशेदपुर | 28339 | 21854 | 3881 |
| राजमहल | 23820 | 19193 | 3741 |
| दुमका | 19941 | 15085 | 4551 |
| गोड्डा | 30393 | 19746 | 9816 |

### लोस चुनाव

- कुल 2,55,18,642 मतदाता हैं झारखंड राज्य में
- 1,29,97,325 पुरुष और 1,25,20,910 महिला वोटर हैं

**झारखंड में किस वर्ष कितने मतदाता**

2009 – 1,79,34,095
2014 – 2,03,26,743
2019 – 2,23,64,439
2024 – 2,55,18,642
(16 मार्च को जारी आंकड़े के अनुसार)

जोबा मांझी के नामांकन को लेकर चाईबासा के खुटखुटी मैदान में सभा हुई

# जोबा मांझी ने किया शक्ति प्रदर्शन

**सुकेश कुमार/शंभू कुमार। चाईबासा**



सिंहभूम सीट से इंडिया गठबंधन की साझा प्रत्याशी जोबा मांझी ने मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय में नामांकन करने के बाद शक्ति प्रदर्शन किया. इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी के नामांकन को लेकर चाईबासा के खुटखुटी मैदान में सभा आयोजित की गई. जहां राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, झामुमो के प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य, मंत्री दीपक बिरुवा, मंत्री बन्ना गुप्ता, चक्रधरपुर के विधायक सह झामुमो जिलाध्यक्ष सुखराम उरांव, जगन्नाथ विधायक सोनाराम सिंकू, मझगांव विधायक नीरल पूर्तिऔर जिला परिषद् अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन उपस्थित थे. सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि केंद्र की जुमलेबाजी करने वाली सरकार ने लोगों को सिर्फ ठगा है. जबकि राज्य की सरकार ने गरीब-असहाय जनता के लिए कई प्रकार की योजना चलाकर लाभ प्रदान किया है. उन्होंने कहा कि झारखंड में जल, जंगल, जमीन बचाने का हमने काम किया है. मानकी-मुंडा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार बनी है. झारखंड में लंबे समय तक भाजपा ने राज किया, लेकिन आदिवासी हित के लिए कभी भी बात नहीं की. कहा कि हमारी सरकार ने सर्वजन पेंशन, अबुआ आवास योजना जैसे लाभ झारखंड में लोगों को पहुंचाया है.

सभा को संबोधित करते हुये कल्पना सोरेन ने इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी जोबा के पक्ष में 13 मई को वोट करने की बात कही. उन्होंने कहा कि सिंहभूम की जनता शेर के सामान है. यहां की जनता पूर्व में अंग्रेजों के सामने नहीं झुकी और अब भी तानाशाह सरकार के सामने झुकेगी. उन्होंने कहा कि यहां की जनता में वीरों का खून बसा है. यहां के आंदोलनकारियों का खून बसा है. केंद्र सरकार यहां के लोगों का विकास नहीं देखना चाहती है. इसलिए इस केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकना है. उन्होंने मणिपुर की घटना का जिक्र करते हुये कहा कि जब पूरा मणिपुर जल रहा था, तब भाजपा के कोई भी नेता वहां नहीं गये. उन्होंने कहा कि झारखंड बनने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हो भाषा को आठवीं सूची में शामिल करने के लिए प्रस्ताव केन्द्र सरकार को दिया था, लेकिन केन्द्र सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया. सरना आदिवासी धर्म कोड को भी नकारने का काम किया गया.

### इंडिया गठबंधन

- झारखंड में जल, जंगल, जमीन बचाने का हमने काम किया
- मानकी-मुंडा व्यवस्था को मजबूत करने का काम किया
- यहां की जनता पूर्व में भी अंग्रेजों के सामने नहीं झुकी

इस मौके पर झामुमो के प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य, मंत्री दीपक बिरुवा, जगन्नाथपुर विधायक सोनाराम सिंकू, मझगांव विधायक नीरल पूर्ति ने भी भाजपा की केंद्र सरकार पर निशाना साधा. साथ ही प्रत्याशी जोबा मांझी की छवि के पक्ष में वोट कर भारी मतों जीत दिलाकर दिल्ली भेजने की बात कहीं. सभा के दौरान जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छुटेगा..इंडिया रुकेगा नहीं...झारखंड झुकेगा नहीं..का नारा जमकर लगा. इस मौके पर झामुमो के जिला सचिव सोनाराम देवगम, झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सह गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरि, कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर दास, कांग्रेस पार्टी के युवा प्रदेश महासचिव सौरभ अग्रवाल, झामुमो जिला उपाध्यक्ष राहुल आदित्य समेत कांग्रेस, झामुमो, राजद, माले इंडिया गठबंधन के नेता व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे. सभा के दौरान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन व पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने स्थानीय भाषा में ही ज्यादातर संबोधित किया. सभा के दौरान उन्होंने विभिन्न संगठनों के लोगों से मुलाकात भी की. जोबा मांझी के नामांकन के बाद आयोजित सभा के दौरान भीषण गर्मी में भी देर तक नेता व कार्यकर्ता डटे रहे. सभा को सुनने के लिए ज्यादातर दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्र से लोग पहुंचे थे. वहीं कई कार्यकर्ता पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का मुखौटा भी लगाये हुये थे. इस दौरान दूसरे दल से भी कई लोग झामुमो पार्टी में शामिल हुये. खुटखुटी मैदान में आयोजित नामांकन सभा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन मंच से उतरकर मंच के नीचे बैठे बिरसाई समाज के लोगों से मुलाकात की. जहां उन्होंने बिरसाईत समाज के बुजुर्ग व्यक्ति का पैर छूकर आशीर्वाद भी लिया.

# महिलाओं के लिए राजनीति करना आसान नहीं: दीपिका

**संवाददाता। गोड्डा**

गोड्डा लोकसभा सीट से महगामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह को पहले टिकट दिया गया था. विरोध के बाद दीपिका पांडेय सिंह की जगह विधायक प्रदीप यादव को टिकट दे दिया गया. इस प्रकरण के बाद दीपिका पांडेय का दर्द भले ही सामने ना दिखता हो, मगर अंदर एक टिस तो जरूर है और यह उनकी बातों से परिलक्षित भी होती है. सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट में वह कह रही है कि महिलाओं के लिए राजनीति करना उतना आसान नहीं है. टिकट मिलने के बाद चार-पांच दिन लोगों द्वारा मिल रहे समर्थन से ऐसा लगा कि मैं विनिंग कैंडिडेट हो गई हूं. अपने ही कुछ लोगों के विरोध पर उन्होंने कहा कि नए लोग पार्टी से जुड़े हैं, उनकी ट्रेनिंग अधूरी है. कुछ दिनों का प्रशिक्षण मिलने के बाद सब ठीक हो जाएगा. आगे उन्होंने कहा कि पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता होने के नाते ऐसे कई टिकट वह कुर्बान करने को तैयार है. हाथ से टिकट निकलने के बाद श्रीमती पाण्डेय अपने क्षेत्र में ही लोगों से मिल रही हैं. मंगलवार की दोपहर महगामा बाजार से निकलने के दौरान स्कूली बच्चों से मुलाकात की. स्कूल बस में बैठकर बच्चों के साथ बातें की और उनके साथ सेल्फी भी ली. विधायक दीपिका ने अपने कार्यकर्ताओं से यह कहा है कि महगामा विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी को अवश्य लीड दिलाएंगे. सभी मिलकर प्रयास करेंगे, आपसी प्रतियोगिता थी वैमनस्य नहीं था.

# सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए नीति में बदलाव हो: पोद्दार

**संवाददाता। रांची**



पूर्व राज्यसभा सदस्य महेश पोद्दार ने झारखंड में सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने को लेक राज्य की नीति में संशोधन के लिये ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार व उद्योग सचिव प्रवीण टोप्पो को पत्राचार कर सुझाव दिया. सुझाव दिया है कि गुजरात व छत्तीसगढ़ की नीति उपभोक्ताओं, विशेषकर एमएसएमई वर्ग के लिए मददगार साबित हो सकती है, जो बिजली की कमी और महंगी बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं. उन्होंने कहा कि निःसंदेह झारखंड की सौर नीति नेक इरादे वाली और निवेशक अनुकूल है. किंतु झारखंड के अंदर और बाहर उनके संरचनात्मक परिवर्तन के लिए एक कार्ययोजना की जरूरत है. अपने निजी अनुभवों को देखते हुए उन्होंने अवगत कराया कि सौर ऊर्जा को सरकार द्वारा उत्पन्न करने की जरूरत नहीं है, औद्योगिक उपयोगकर्ता के रूप में स्वयं कंपनियां भी ऐसा कर सकती हैं, लेकिन इसके लिए राज्य में गुजरात या छत्तीसगढ़ जैसी सहायक नीतियों की जरूरत है. झारखंड में बिजली के मामले में हम नियमित रूप से घाटे से जूझ रहे हैं. इसलिए राज्य की अर्थव्यवस्था के साथ-साथ राज्य की उपयोगिता के लिए भी कैप्टिव उत्पादन की जरुरत है. राज्य के दीर्घकालिक लाभ के लिए इस विचार को आगे बढाने के लिए कार्रवाई आवश्यक है.

# कार्यकर्ता पूरा दम लगाकर प्रत्याशी को जिताएं : संजय




**संवाददाता। चांडिल**

रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ मंगलवार को चुनाव प्रचार करने चांडिल पहुंचे. इस दौरान संजय सेठ भाजपा नेताओं के साथ चिलगु स्थित आजसू पार्टी के ईचागढ़ विधानसभा प्रधान कार्यालय पहुंचे. आजसू पार्टी के कार्यालय में उन्होंने पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो से भेंटकर लोकसभा चुनाव संबंधी चर्चा किया. उन्होंने आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी चुनावी मैदान जीतने के लिए कमर कसने की अपील की. उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अपना पूरा दम लगा दें और इस बार जीत का अंतर को दोगुना बढ़ाकर रिकॉर्ड बनाएं. मौके पर उन्होंने बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने, अधिक मतदान कराने आदि को लेकर भी चर्चा किया. आजसू नेताओं से मुलाकात के दौरान उन्होंने केंद्र सरकार के उपलब्धियों को गिनाया. इसके साथ ही उनके द्वारा ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर किए गए ऐतिहासिक उपलब्धियों को भी बताया. मौके पर उन्होंने कांग्रेस और झामुमो को जमकर कोसा. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राज्य को पीछे ढकेलने का काम कर रही है. राज्य सरकार की उपलब्धि शून्य है.

कालीचरण ने तमाड़ के दिउड़ी मंदिर पहुंच पूजा कर मांगा आशीर्वाद

# खूंटी से कालीचरण मुंडा ने भरा परचा

### परचा दाखिल

- बड़े अंतर से अर्जुन मुंडा को देंगे हम मात
- यह चुनाव हेमंत सोरेन के सम्मान का चुनाव है

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

खूंटी से कांग्रेस उम्मीदवार कालीचरण मुंडा और सिंहभूम से झामुमो उम्मीदवार जोबा मांझी ने मंगलवार को परचा दाखिल किया. परचा दाखिल करने के बाद कालीचरण मुंडा ने कहा कि भाजपा ने को जनता ने भांप लिया है. अर्जुन मुंडा को बड़े अंतर से मात देंगे. नामांकन से पहले कालीचरण मुंडा ने तमाड़ के दिउड़ी मंदिर पहुंच पूजा अर्चना की. माता के चरणों में मत्था टेक जीत के लिए आशीर्वाद मांगा.

### संविधान को समाप्त करना चाहती है भाजपा

जोबा मांझी ने कहा कि आदिवासियों के हक और अधिकार संविधान में निहित है. भाजपा संविधान ही खत्म करना चाहती है. उसे बचाना होगा. यदि भाजपा फिर से सत्ता में आई तो जंगल से हमारा मालिकाना अधिकार खत्म कर देगी. जांच एजेंसी के जरिए नेताओं को जेल में डालकर हमारा हक छीना जा रहा है, लेकिन हम हिम्मत नहीं हटेंगे. हमें हिम्मत को वोट में बदलकर इंडिया गठबंधन को मजबूत बनाना है. देश बचाना है तो इंडिया गठबंधन को मजबूत करना होगा. बीजेपी को देश से हटाना होगा.चुनाव के दिन अपने घरों से निकलें और जमकर वोट करें. इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीत दिलाएं. तभी हम सफल होंगे.

खूंटी में पहले चरण में 13 मई को चुनाव होगा. वहीं सिंहभूम सीट से झामुमो उम्मीदवार जोबा मांझी ने परचा दाखिल किया. इस दौरान सीएम चंपाई सोरेन, मंत्री दीपक बिरूआ, कल्पना सोरेन सहित पार्टी के कई विधायक मौजूद थे. नामांकन दाखिल करने के बाद जोबा मांझी ने कहा कि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के सम्मान का चुनाव है. ये चुनाव साधारण नहीं है ये हमारे अस्तित्व की रक्षा का चुनाव है. हमारे प्रदेश में जल, जंगल और जमीन की रक्षा के सवाल का चुनाव है. हमारी लड़ाई जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए है. दिवंगत देवेंद्र मांझी ने आदिवासी और मूलवासी के हक और अधिकार की लड़ाई में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया. उन्होंने झारखंड में आदिवासी हक के लिए दिशोम गुरु शिबू सोरेन के साथ कंधे से कंधा मिला कर संघर्ष किया.

**In The Court of Executive Magistrate, Ramgarh**

**AFFIDAVIT**

I, **Deepak Kumar Dangi** S/o **Ramkishun Kushwaha**, age about 46 yrs, by faith Hindu, by occupation Cultivation, by Nationality Indian, Resident At - MahtoTola, Piri, P.0.- Barkakana, PS- Patratu, Distt. Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly declare as under:-

**1.** That my actual and correct name is **Deepak Kumar Dangi** which has been mentioned in my PAN Card and Aadhar card bearing Aadhar no. is 6376 8685 7475 and PAN No. is CVZPD2258M.

**2.** That due to inadvertancy my name as **Deepak Kumar** has mentioned in my 10 years National Savings Certificate, vide Registration no. is 255 and nomination registered no. is 230 dated 24.10.2013 and also Registration no. is 256 and nomination registered no. is 231 dated 24.10.2013.

**3.**That **Deepak Kumar Dangi** and **Deepak Kumar** is a same and singleperson i.e. myself.

**4.** That this affidavit has been sworn to rectify and to mention my name **Deepak Kumar Dangi** instead of **Deepak Kumar**, read and treat my name **Deepak Kumar Dangi** since.

**5.** That above statements are true and correct.

**Affidavit No : 4642**
**Date : 22.04.24**

**आसपा** | रांची प्रेस क्लब में आसपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष काशिफ ने की प्रेस वार्ता

# बदलाव की राजनीति पर विश्वास करते हैं : काशिफ

**रोहित कुमार। जमशेदपुर**



रांची प्रेस क्लब में आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रज़ा ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया. इस दौरान पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव में अपने दो प्रत्याशियों को उतारने की घोषणा की. जिसमें लोहरदगा से पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं एक दशक से आदिवासी मूलवासी के हक़ और अधिकार के लिए लड़ रहे अर्जुन टोप्पो को पार्टी का प्रत्याशी बनाया गया. धनबाद लोकसभा सीट से डॉ परवेज़ नय्यर को प्रत्याशी बनाया गया है. डॉ परवेज एक दशक से स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में लोगों के बीच काम कर रहे हैं और बदलाव की राजनीति पर विश्वास करते हैं.

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ़ रज़ा ने कहा कि आज़ाद समाज पार्टी (आसपा) झारखंड में एक दलित, पिछड़े, मुसलमान, सिख, ईसाई, शोषितों और वंचितों को राजनीतिक विकल्प देने के लिए और उनको हक और अधिकार दिलाने के लिए संघर्षरत है. पिछले एक दशक से भीम और एक साल से आसपा ने झारखंड के उन मुद्दों पर उठाया है, जिन मुद्दों को राजनैतिक पार्टियां उठाने से डरती हैं. उन्होंने कहा कि झारखंड में मुसलमानों की जनसंख्या 16% और दलितों की जनसंख्या 12.5% है, पर किसी भी मुसलमानों को पिछले तीन लोकसभा चुनाव में केंद्रीय और क्षेत्रीय पार्टियों ने प्रत्याशी नहीं बनाया. केवल एक आरक्षित सीट पर दलित को प्रत्याशी बनाया जाता है. काशिफ ने कहा कि झारखंड निर्माण के 23 सालों के बाद भी आज भी आदिवासी अपने जल और जंगल बचाने की लड़ाई लड़ रहा है. ना यहां रोजगार है. कहा कि आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, मुसलमानों, सिखों और ईसाइयों के लिए पक्के मकान, अच्छे स्कूल, अच्छी स्वास्थ्य व्यवस्था, पीने का साफ पानी भी अब तक यहां के सांसद मुहैय्या नहीं कर पाए हैं. आज़ाद समाज पार्टी में जिसकी जितनी संख्या है, उतनी उसकी हिस्सेदारी की विचारधारा पर विश्वास करती है. सामाजिक न्याय, भूख और ख़ौफ़ से आज़ादी, मोब लिंचिग को लेकर सख्त कानून, रोजगार, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक भागीदारी दिलाने जैसे मुद्दों पर पार्टी काम करेगी. मौके पर मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रज़ा, भीम आर्मी प्रदेश अध्यक्ष संजय रविराज, आसपा प्रदेश मुख्य महासचिव मदुसूदन कुमार, प्रदेश सचिव नसीम साज़, प्रदेश महासचिव शरीफ खान, सरफराज अंसारी मौजूद थे.

# कथारा में हर्षोल्लास से मनाई गयी हनुमान जयंती

**संवाददाता। कथारा**

कथारा चार नंबर कॉलोनी ग्राउंड स्थित हनुमान चबूतरे पर बड़े हर्षोल्लास के साथ हनुमान जन्मोत्सव का पूजा अनुष्ठान संपन्न कराया गया. पुरोहित रवि पांडे द्वारा भगवान बजरंगबली के जन्म उत्सव पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ तसमई एवं खिचड़ी महाप्रसाद का भोग लगाया गया. इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने कॉलोनी सहित पूरे क्षेत्र के लोगों के लिए शांति समृद्धि और खुशहाली के लिए भगवान से प्रार्थना की. मालूम हो कि श्री श्री सार्वजनिक हनुमान जयंती पूजा समिति के संरक्षक एवं मुख्य यजमान शिव शंकर नोनिया उर्फ पप्पू चौहान ने कहा कि सभी लोगों के सहयोग से प्रत्येक वर्ष हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बड़े ही धूमधाम से पूजा कार्यक्रम संपन्न किया जाता है. इस दौरान लगभग डेढ़ से दो हजार श्रद्धालुओं के बीच तसमई एवं खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया. इस स्थल पर मन्नत वाले हनुमान के नाम से प्रसिद्ध इस चबूतरे पर लोगों की बहुत आस्था जुड़ी हुई है. कार्यक्रम को सफल बनाने में पप्पू चौहान, रणजीत सिंह, संजू चौहान, चंदन कुमार, विजय चौहान, पप्पू रवानी, प्रहलाद मेहता, रवि चौहान, रमेश चौहान, रामजी चौहान, मुकेश चौहान, पूना कुमार, विजय नोनिया, दीपक चौहान का योगदान रहा.

## नफरती बयानों का मौसम

हेट स्पीच चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन है. सर्वोच्च अदालत भी कह चुका है कि हिंसा भड़काने या नफरत फैलाने वाले भाषण की अनुमति नहीं दी जा सकती है. अतीत में देखा गया है कि शिवसेना के सुप्रीमो बाल ठाकरे को हेट स्पीच के कारण ही छह सालों के लिए चुनाव लड़ने या मतदान करने से रोका जा चुका है. हर बार की तरह इस बार भी केन्द्रीय चुनाव आयोग ने चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू की है, जिसमें एक स्पष्ट नियम यह है कि किसी भी चुनावी रैली में धर्म या जाति के नाम पर वोट नहीं मांगे जाएंगे. इसी तरह लोकतंत्र में चुनाव की शुचिता बनाए रखने के लिए जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 के तहत कुछ नियम बनाए गए हैं, जिनका उल्लंघन भ्रष्ट आचरण के दायरे में आता है. इस अधिनियम की धारा 123 के अनुसार, 'भ्रष्ट आचरण' वह है जिसमें एक उम्मीदवार चुनाव जीतने की अपनी संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिये कुछ इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल हो जाते हैं, जिसके अंतर्गत रिश्वत, अनुचित प्रभाव, झूठी जानकारी, और धर्म, नस्ल, जाति, समुदाय या भाषा के आधार पर भारतीय नागरिकों के विभिन्न वर्गों के बीच घृणा तथा'दुश्मनी की भावनाओं को बढ़ावा देना अथवा ऐसा प्रयास करना शामिल है. इस बार के चुनाव में भी जिस तरह एक समुदाय को निशाने पर लेने वाले हेट स्पीच हो रहे हैं, वह बेहद चिंता की बात हैं. इस संदर्भ में केंद्रीय चुनाव आयोग के समक्ष दर्जनों शिकायतें दर्ज की गयीं हैं. बावजूद इसके चुनाव आयोग की खामोशी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के साथ समतल भूमि देने के नजरिए से अनेक सवाल पैदा कर रही है. चुनावों में जिस तरह झूठा प्रोपेगेंडा किया जा रहा है, वह भी लोकतंत्र की प्रक्रिया के लिए स्वस्थ नहीं है. बेहतर होता कि सत्ता पक्ष तथ्यात्मक तर्कों के सहारे विपक्ष पर हमलावर होता. लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राजस्थान के बांसवाड़ा में दिया गया भाषण कई संजीदा सवाल उठाते हैं. पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमाहेन सिंह के एक भाषण को जिस तरह तोड़ मरोड़ कर पेश करते हुए प्रधानमंत्री ने ज्यादा समुदाय विशेष का जिक्र किया, वह भारतीय संविधान की धर्मनिरपेक्ष प्रतिबद्धता और चुनावी प्रचार में आचार संहिता के उल्लंघन की श्रेणी में ही आता है. इसके अलावे कांग्रेस के न्याय घोषणा पत्र का गलत हवाला भी दिया गया. कितना अच्छा होता भाजपा कांग्रेस के घोषणा पत्र पर सार्थक बहस कर मतदाताओं को प्रभावित करती. भारत एक समावेशी, प्रगतिशील विकासोन्मुख समाज है. भारत का प्रत्येक नागरिक चाहे वह किसी भी जाति, धर्म, क्षेत्र और भाषा बोलता हो, सब के अधिकार एक समान हैं. इसके पहले भी श्मशान,कब्रिस्तान, अस्सी बनाम बीस और होली के प्रतीकों का इस्तेमाल कर वोटरों को सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की ओर धकेला गया है. तब भी चुनाव आयोग खामोश ही रहा था. क्या चुनाव आयोग इस बार की कड़ी प्रतिक्रिया को देखते हुए हेट स्पीच के खिलाफ सख्त होगा. यह एक ऐसा सवाल है जिसका जवाब केवल और केवल चुनाव आयोग ही दे सकता है.

> भारत का प्रत्येक नागरिक चाहे वह किसी भी जाति, धर्म, क्षेत्र और भाषा बोलता हो, सब के अधिकार एक समान हैं. इसके पहले भी श्मशान, कब्रिस्तान, अस्सी बनाम बीस और होली के प्रतीकों का इस्तेमाल कर वोटरों को सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की ओर धकेला गया है.

### सुभाषित

**श्रोतं श्रुतनैव न तु कुण्डलेन दानेन पाणिर्न तु कंकणेन।**
**विभाति कायः करुणापराणाम् परोपकारैर्न तु चंदनेन॥**

कान की शोभा कुण्डल से नहीं, बल्कि ज्ञानवर्धक वचन सुनने से है, हाथ की शोभा कंकण से नहीं, बल्कि दान देने से है और काया (शरीर) चन्दन के लेप से दिव्य नहीं होता, बल्कि परोपकार करने से दिव्य होता है.

# बेरुखी छोड़कर किसानों की सुनवाई करे हुकूमत

**किसानों द्वारा आधिकारिक इमारतों पर खाद बिखेरने और हाईवे पर कीचड़ डालने के बावजूद किसी जगह उन पर पुलिस बर्बरता करती नजर नहीं आई. यहां तक कि यूरोप में देश के प्रमुख भी आंदोलनकारी किसानों से मिले और सार्वजनिक तौर पर कहा कि किसानों को प्रदर्शन का अधिकार है, सुने जाने का हक है. यूरोपियन कमीशन ने असके उपरांत उन पर्यावरणीय नियमों में बदलाव किये जिनके किसान खास तौर से खफा थे.**

• देश-काल



देविंदर शर्मा

पंजाब और हरियाणा में, जो किसानों के विरोध का केंद्र है, आंदोलित किसान गांवों में सत्ताधारी पार्टी के उम्मीदवारों के प्रवेश को रोक रहे हैं, जिससे भाजपा उम्मीदवारों को वोट मांगने में मुश्किल पैदा हो रही है. वे अक्सर कहते हैं- 'अगर आपने नई दिल्ली जाने का हमारा रास्ता रोका, तो हम अपने गांवों में आपकी एंट्री रोक देंगे.'

इतना ही नहीं, हरियाणा में भाजपा के साथ गठबंधन सरकार बनाने वाली जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की माता नैना चौटाला ने किसानों से गुजारिश की कि उन्हें उनके बेटे के गांवों में प्रवेश को नहीं रोकना चाहिए. वहीं उन्होंने किसानों से कहा, 'भाजपा राज्य और केंद्र दोनों में सत्ता पर काबिज है. इसके अलावा, दुष्यंत ने लगातार कृषक समुदाय की वकालत की है, यहां तक कि हिसार से सांसद के रूप में अपने पिछले कार्यकाल के दौरान भी.' साथ ही नैना चौटाला ने मसले को हल करने के लिए बातचीत में शामिल होने के लिए उनका स्वागत किया. हिसार के नारा, गामरा, खानपुर और सिंधर गांवों में प्रचार करने पहुंचे दुष्यंत चौटाला को किसानों के गुस्से का सामना करना पड़ा. मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि भाजपा के हिसार से उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला को किसानों के एक समूह से भिड़ने के बाद एक गांव में एक सभा बीच में ही छोड़नी पड़ी और चुनाव संबंधी एक अन्य कार्यक्रम भी रद्द करना पड़ा. सिरसा से चुनाव लड़ रहे अशोक तंवर को भी अपने प्रचार के दौरान किसानों के गुस्से का सामना करना पड़ा है.

बीजेपी सांसद और रोहतक से उम्मीदवार अरविंद शर्मा को कोसली विधानसभा क्षेत्र के एक गांव से कार्यक्रम छोड़कर जाना पड़ा क्योंकि स्थानीय लोगों ने उनकी बात सुनने से इनकार कर दिया. पड़ोसी पंजाब में, भाजपा उम्मीदवार हंस राज हंस को बठिंडा के पास रामपुरा फूल में किसानों की नाराजगी का सामना करना पड़ा. जहां पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए बैरियर लगाए थे, वहीं पुलिस के साथ झड़प हो गई. इसी तरह पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह की पत्नी प्रणीत कौर को भी किसानों के विरोध का सामना करना पड़ा. अमेरिका में पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह संधू, जो अब अमृतसर सीट से भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं, को भी अपने चुनाव अभियान के दौरान नारेबाजी करने वाले किसानों का सामना करना पड़ा. वास्तव में,



समाचार रिपोर्टों में कहा गया है कि किसानों ने करीब 60 गांवों में भाजपा उम्मीदवारों के प्रवेश को रोक दिया है. किसी भी हालत में, भारती किसान यूनियन (बीकेयू) के विभिन्न गुटों ने, जिन्होंने 2020-21 में नई दिल्ली की सीमाओं पर साल भर चले विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था, जिसके परिणामस्वरूप तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को वापस लिया गया था, उन्होंने किसानों से उम्मीदवारों का विरोध करने की अपील की है. वे उनके द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों के जवाब मांग रहे हैं. संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने पंजाब के किसानों से भाजपा नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने और अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं के समक्ष सवाल उठाने की अपील की है.

सबको मालूम है कि कृषि क्षेत्र लगातार गहरा रहे खेती के संकट से जूझ रहा है. लेकिन किसानों का गुस्सा काफी हद तक काहिली और निष्ठुरता के परिणामस्वरूप पैदा उदासीनता को लेकर है. हर चुनाव-चाहे राज्य स्तर पर हो या केंद्र स्तर पर- किसानों को लुभाने के लिए बहुत सारे वादे किए जाते हैं. साल 2014 में, यह आम तौर पर स्वीकार किया जाता है कि जब नरेंद्र मोदी ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी देने का वादा किया था, तो किसानों ने भाजपा के पक्ष में भारी मतदान किया था. उन्होंने स्वामीनाथन आयोग द्वारा सुझाए गए एमएसपी नुस्खे का पालन करने की आवश्यकता पर स्पष्ट रूप से बात की थी. लेकिन, किसान यूनियनों का कहना है कि एक बार सत्ता में आने के बाद, सरकार ने वास्तव में सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दायर किया था जिसमें कहा गया कि एमएसपी को कानूनी बनाना संभव नहीं है क्योंकि यह बाजारों की व्यवस्था बिगाड़ देगा.

जिस तरह से तीन कथित 'काले' कृषि कानून पेश किए गए और फिर संसद के जरिये पारित किए गए, उससे भी किसान समुदाय नाराज है. लंबे समय तक चले विरोध के बाद आखिरकार कानूनों को वापस ले लिया गया. लेकिन अभी भी पिछले दरवाजे से इन कानूनों को वापस लाने की कोशिश की जा रही है. इससे भी बदतर, नई दिल्ली तक किसानों के मार्च को रोकने के लिए हाईवे की किलेबंदी के हालिया प्रयास, और आंदोलनकारी किसानों पर आंसू गैस के गोले फेंकने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल करने से किसानों की पीड़ा बढ़ गयी है. गांवों में नेताओं की एंट्री रोककर किसान समूहों द्वारा की गयी प्रतिक्रिया उनके साथ हो रहे अनुचित व्यवहार पर बढ़ते आक्रोश का प्रतिबिंब है.

जबकि चुनाव प्रचार अभियान के लिए आने वाले उम्मीदवारों से सवाल करना एक वैध लोकतांत्रिक तरीका है लेकिन इसके लिए बलप्रयोग का निश्चित तौर पर समर्थन नहीं करना चाहिये. किसानों को ही अकेले दोषी नहीं ठहराया जा सकता है जब सरकार ने भी जुलूस के रूप में नयी दिल्ली जा रहे किसानों के रास्ते में बैरिकेड लगा दिये थे. किसानों द्वारा आधिकारिक इमारतों पर खाद बिखेरने और हाईवे पर कीचड़ डालने के बावजूद किसी जगह उन पर पुलिस बर्बरता करती नजर नहीं आई. यहां तक कि यूरोप में देश के प्रमुख भी आंदोलनकारी किसानों से मिले और सार्वजनिक तौर पर कहा कि किसानों को प्रदर्शन का अधिकार है, सुने जाने का हक है. यूरोपियन कमीशन ने असके उपरांत उन पर्यावरणीय नियमों में बदलाव किये जिनके किसान खास तौर से खफा थे.

• बोधि-वृक्ष

ओशो



## मन कभी शांत नहीं होता

मन कभी शांत नहीं होता,अ-मन शांत होता है. मन अपने आप में कभी भी शांत, मौन नहीं होता. क्योंकि मन का स्वभाव ही है तनावग्रस्त होना, उलझन में पड़ रहना. मन कभी भी स्पष्ट नहीं होता, उसे स्पष्टता नहीं मिल सकती, क्योंकि मन स्वभाव से उलझन है, अस्पष्टता है. स्पष्टता तभी संभव है जब मन ना हो, मौन तभी संभव है जब मन ना हो, इसलिये कभी भी शांत मन को पाने की चेष्ठा ना करें. यदि तुम ऐसा करते हो, तो तुम आरम्भ से ही एक असंभव आयाम में जा रहे हो. सदा स्मरण रखें कि जो कुछ भी तुम्हारे आस-पास घट रहा है उन सब की जड़े तुम्हारे मन में निहित है. मन ही सदा कारण होता है. वह एक प्रक्षेपण करने वाला यंत्र है, और बाहर केवल पर्दे ही पर्दे हैं-तुम उन पर्दों पर अपने आप को प्रक्षेपित कर लेते हो. यदि तुम्हें यह भद्दा प्रतीत होता है तो अपने मन को परिवर्तित कर लो. यदि तुम्हें प्रतीत होता है कि जो कुछ भी मन से आ रहा है वह नारकीय है और भयानक है, तो मन को गिरा दो. मन पर कार्य करना है, परदे पर नहीं, उस पर बार-बार चित्रकारी कर के उसे बदलते मत रहो. मन पर कार्य करो. मन का ठहर जाना ऐसा होता है जैसे एक जल-निकास जोलगातार तुम्हे खाली कर था, रुक जाये. अचानक तुम ऊर्जा से भर गए. तुम और संवेदनशील हो गए. यदि तुम क्षण भर के लिए भी इस बात के प्रति सचेत हो जाओ कि मन नहीं है, केवल "मैं हूँ", तुम सत्य के भीतरी केंद्र तक पहुंच गए. तब मन को गिरा देना सरल हो जाएगा. तुम मन नहीं हो अन्यथा तुम अपने आप को गिराओगे कैसे? पहले तादात्म को गिराना होगा, तब मन को गिराया जा सकता है. जब मन के साथ सारे तादात्म गिरा दिए जाये, जब तुम पर्वत पर बैठे एक द्रष्टा रह जाते हो और मन अंधेरी घाटियों कि गहराइयों में छूट जाता है. जब तुम सूर्य से प्रकाशित शिखरों पर होते हो, बस शुद्ध साक्षी, द्रष्टा मात्र, देखते हुए, परंतु किसी भी चीज़ से कोई तादात्म्य ना बनाते हुए-अच्छा या बुरा, पापी या पुण्यात्मा, यह या वह, केवल एक शुभ उपस्थिति-एक श्वांस, एक धड़कता हुआ ह्रदय, उस द्रष्टा भाव में सब प्रश्न मिट जातें हैं. मन मिट जाता है, पिघल जाता है, भाप बन कर उड़ जाता है. तुम बस एक शुद्ध आत्मा की तरह रह जाते हो, एक शुद्ध अस्तित्व-एक श्वास, एक ह्रदय की धड़कन, पूर्णता क्षण में, ना अतीत, ना भविष्य इसलिए वर्तमान भी नहीं. इसे प्रयोग या दुरूपयोग में लाने का प्रश्न नहीं है. मन अपने आप में एक समस्या है, न कि इसका प्रयोग या दुरूपयोग. और स्मरण रहे, तुम मन का प्रयोग तब तक नहीं कर सकते जब तक कि तुम्हे यह न पता चल जाए कि मन के बिना कैसे हुआ जाए.

# चुनावों में मतदान अनिवार्य क्यों है?

• चुनाव

प्रमोद जोशी

चुनाव में भागीदारी को स्वस्थ लोकतांत्रिक-व्यवस्था के लिए ज़रूरी और मतदाता का अधिकार माना जाता है. कुछ देशों में इसे कर्तव्य भी माना जाता है और उसमें भाग लेना कानूनन अनिवार्य होता है. मतदान में भाग नहीं लेने पर वोटर की भर्त्सना या जुर्माने की व्यवस्था भी होती है. यदि कोई वैध मतदाता, मतदान केन्द्र पहुंचकर अपना मत नहीं देता है तो उसे पहले से घोषित कुछ दंड का भागी बनाया जा सकता है. यह कोई नई अवधारणा नहीं है. बेल्जियम में सबसे पहले 1893 में पुरुषों के लिए और फिर 1948 में स्त्रियों के लिए भी अनिवार्य मतदान का प्रावधान किया गया था. अर्जेंटीना में 1914 में और ऑस्ट्रेलिया में 1924 में. इनमें ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना और बेल्जियम के अलावा सायप्रस, सिंगापुर, बोलीविया, कोस्टारिका, इक्वेडोर, फिजी, थाईलैंड, मिस्र, उरुग्वाय, लक्ज़ेम्बर्ग, चिली और ब्राज़ील के नाम भी शामिल हैं.कुछ ऐसे भी उदाहरण हैं, जिनमें अनिवार्य मतदान की व्यवस्था कुछ समय लागू रही और फिर बाद में उसे खत्म कर दिया गया. ऐसे देशों में वेनेजुएला और द नीदरलैंड्स के नाम शामिल हैं. जनवरी 2023 तक की जानकारी के अनुसार दुनिया के 21 देशों में मतदान अनिवार्य है. कई देशों में मतदान ना करने पर दंड का प्रावधान है. हालांकि कुछ राजनीति शास्त्री मानते हैं कि मतदान एक महत्वपूर्ण अधिकार है, पर मतदान में भाग नहीं लेना भी उस अधिकार का हिस्सा है. भारत में नोटा (नन ऑफ द एबव) भी इसका एक रूप है. वोटर वैरीफायबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) या वैरीफाइड पेपर रिकार्ड (वीपीआर) इलेक्ट्रॉनिक वोटर मशीन का उपयोग करते हुए मतदाताओं को फीडबैक देने का एक तरीका है. यह एक स्वतंत्र सत्यापन प्रणाली है, जिससे मतदाताओं को जानकारी मिल जाती है कि उनका वोट सही ढंग से डाला गया है. इसमें वोट का बटन दबने के बाद एक पर्ची छपकर बाहर आती है. मतदाता सात सेकंड तक यह देख सकता है कि उसने जिस प्रत्याशी को वोट दिया है उसका नाम और चुनाव चिह्न क्या है. भारत में, 2014 के चुनाव में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 543 में से 8 संसदीय क्षेत्रों में वीवीपैट प्रणाली की शुरुआत की गई थी. ये क्षेत्र थे लखनऊ, गांधीनगर, बेंगलुरु दक्षिण, चेन्नई सेंट्रल, जादवपुर, रायपुर, पटना साहिब और मिजोरम. इनका पहली बार इस्तेमाल सितंबर 2013 में नगालैंड के नोकसेन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हुआ था. सन 2017 में गोवा विधानसभा चुनाव में संपूर्ण राज्य में इनका इस्तेमाल किया गया था. चुनाव आयोग ने इस वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में हरेक संसदीय क्षेत्र के हरेक विधानसभा क्षेत्र के एक पोलिंग स्टेशन पर वीवीपैट के इस्तेमाल का निर्देश जारी किया है. भारत में सन 1999 के लोकसभा चुनाव में आंशिक रूप से और 2004 के चुनाव में पूरी तरह से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का इस्तेमाल किया गया था. उस चुनाव में 10 लाख से ज्यादा वोटिंग मशीनों का इस्तेमाल किया गया. इन मशीनों के इस्तेमाल के पहले हमारे देश में कागज के बैलट पेपरों का इस्तेमाल होता था. उन चुनावों में बूथ कैप्चरिंग की शिकायतें आती थीं. उनकी गिनती में काफी समय लगता था और मानवीय त्रुटि की सम्भावनाएं भी थीं. वोटिंग मशीनें बनाने की कोशिशें उन्नीसवीं सदी से चल रहीं थीं. अमेरिका में वोटिंग मशीन का पेटेंट भी कराया गया था. वह वोटिंग मशीन इलेक्ट्रॉनिक मशीन नहीं थी. पंचिंग मशीन थी. भारत में चुनाव आयोग ने वोटिंग मशीन का निर्माण भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बेंगलुरु और इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद की मदद से किया था. सन 1980 में पहली वोटिंग मशीन बनाई गई थी. पहली बार इसका इस्तेमाल सन 1981 में केरल के उत्तरी पारावुर विधानसभा क्षेत्र के 50 पोलिंग स्टेशनों पर किया गया था.ईवीएम के इस्तेमाल के बाद उन्हें लेकर भी शिकायतें आईं हैं. इन शिकायतों के निवारण के लिए वीवीपैट बनाई गई है. इन मशीनों में भी गड़बड़ी की शिकायतें आती हैं. दूसरे इनकी संख्या बहुत ज्यादा नहीं है. संसदीय क्षेत्र के हरेक विधानसभा क्षेत्र के एक पोलिंग स्टेशन पर वीवीपैट के इस्तेमाल के विरोध में देश के 21 राजनीतिक दलों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी. इसपर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा कि ज्यादा पोलिंग स्टेशनों पर वीवीपैट के इस्तेमाल में क्या दिक्कत है? इसपर चुनाव आयोग ने जवाब दिया था कि यदि किसी संसदीय क्षेत्र के 50 फीसदी वोटों के लिए वीवीपैट का इस्तेमाल किया जाए, तो मतगणना में छह दिन का विलम्ब होगा.

> अमेरिका में वोटिंग मशीन का पेटेंट भी कराया गया था. वह वोटिंग मशीन इलेक्ट्रॉनिक मशीन नहीं थी. पंचिंग मशीन थी. भारत में चुनाव आयोग ने वोटिंग मशीन का निर्माण भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बेंगलुरु और इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद की मदद से किया था. सन 1980 में पहली वोटिंग मशीन बनाई गई थी.

# आंध्र प्रदेश विधान सभा चुनावों का परिदृश्य

• राज्यनामा

बी.सिवरामन

जिन चार राज्यों के विधानसभा चुनाव इस बार लोकसभा चुनावों के साथ होने जा रहे हैं, उनमें ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के साथ-साथ आंध्र प्रदेश भी शामिल है. आंध्र प्रदेश में इस बार उलटफेर की सूरत बनती दिख रही है, जिसमें मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी का राजनीतिक भविष्य खतरे में जाता दिख रहा है. 2019 विधानसभा चुनावों में राज्य की कुल 175 विधानसभा सीटों में से 151 सीटों पर एकतरफा जीत दर्ज करने वाली वाईएसआरसीपी क्या इस बार किसी तरह अपने दम पर बहुमत हासिल कर सत्ता में अपनी वापसी कर सकती है, यह एक बड़ा सवालिया निशान बना हुआ है. इसी प्रकार 2019 में राज्य की 25 में से 22 लोकसभा सीटों पर जीत के बावजूद 2024 में चुनाव परिणामों में व्यापक बदलाव होने की उम्मीद की जा रही है. ओपिनियन पोल अभी से वाइएसआरसीपी को मात्र 10 जबकि टीडीपी-बीजेपी गठबंधन के पक्ष में 15 सीट जाने का पूर्वानुमान बता रहे हैं. वाईएसआर कांग्रेस की इतने बड़े पैमाने पर गिरावट की वजह क्या है?पहली नजर में इसे मात्र चुनावी गणित से जोड़कर देखने की गलती की जा रही है, क्योंकि यदि टीडीपी, भाजपा और जन सेना नाम की नई गठबंधन साझीदार के वोटों को जोड़ देते हैं, तो क्या इनका संयुक्त योग वाईएसआरसीपी के खिलाफ एकजुट होकर भी चुनावी पटखनी देने की क्षमता रखता है? नहीं, इससे यह संभव नहीं है. 2019 विधान सभा चुनावों में वाईएसआरसीपी का वोट प्रतिशत टीडीपी के 39.17%, जन सेना के 5.53% और भाजपा के 0.84% के मुकाबले 49.95% था. 2019 लोकसभा चुनावों में भी इस वोट प्रतिशत में कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिला. वाईएसआरसीपी को लोकसभा में कुल 49.15% वोट हासिल हुए थे, जबकि टीडीपी 39.59%, जन सेना 5.79% और भाजपा के खाते में मात्र 0.96% वोट आये थे. इन आंकड़ों को देखते हुए साफ़ नजर आता है कि सिर्फ चुनावी जोड़तोड़ के अलावा भी इस चुनाव में कोई न कोई चुनावी केमिस्ट्री बन रही है, जिसे जानना आवश्यक है. जगन मोहन रेड्डी को लीक से हटकर नई लोकलुभावन नीतियों को लागू करने के लिए जाना जाता है. उनके शासनकाल में राज्य सरकार ने लड़कियों की पढ़ाई-लिखाई का अधिकांश खर्च स्वंय वहन किया और विदेशों में उनकी शिक्षा के साथ-साथ उच्च शिक्षा को काफी हद तक सब्सिडी प्रदान करने का काम किया. सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन सहित अन्य वस्तुओं को आम लोगों के घरों तक पहुंचाने का काम भी किया गया. विधवाओं, वृधावस्था पेंशन और विकलांगों को मिलने वाले पेंशन के दायरे विस्तारित ही नहीं किया बल्कि पेंशन राशि को 1,500 से बढ़ाकर 2,250 रूपये तक कर दिया गया. पेंशन की राशि अब सीधे लाभार्थियों के बैंक अकाउंट में जमा हो जाती है, और नौकरशाही का कोई हस्तक्षेप नहीं रह गया है. राज्य में करीब 1 करोड़ महिलाओं को स्वंय सहायता समूहों के साथ जोड़ा गया है, जिसके चलते उन्हें माइक्रो-क्रेडिट (लघु कर्ज) का लाभ प्राप्त हो रहा है. इन सभी वजहों से आंध्र प्रदेश में महिलाओं के बीच में जगन का मजबूत समर्थक आधार खड़ा हो चुका है. इसके अलावा जगन ने राज्य सरकारी कर्मचारियों की पेंशन राशि को भी ओपीएस स्कीम के समकक्ष लाकर एक अन्य लोकप्रिय मांग को पूरा कर दिया है. ठेके पर काम करने वाले श्रमिकों की सेवाओं का भी नियमितीकरण किया जा चुका है. जगन के शासनकाल के तहत लोकलुभावनवाद नई बुलंदियों को छू रहा है, जिसके चलते सरकार की किसी न किसी योजना से करीब 8 करोड़ लोग लाभान्वित हो रहे हैं.इतने बड़े पैमाने पर लोकलुभावनवादी नीतियों को लागू करने के बावजूद जगन आखिरकार क्यों विफल साबित हो रहे हैं? इतने बड़े पैमाने पर जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के बाद भी वाईएसआरसीपी का वोट बैंक मजबूत क्यों नहीं हो पा रहा? इसे संयोग ही कहना चाहिए कि जगन की लोकलुभावनवादी ब्रांड के पीछे एक निरंकुश लोकलुभावनवाद भी काम कर रही है. नायडू के प्रति जगन की शत्रुता ने बेहद निजी दुश्मनी का आकार ग्रहण कर लिया था. आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के द्वारा अतीत में नायडू के एपी स्किल डेवलपमेंट कारपोरेशन में कथित 371 करोड़ रूपये गबन मामले में आरोपी होने का मामला विचाराधीन था, जिसमें कोर्ट ने नायडू की अपील को स्वीकार कर लिया था, लेकिन उसके बावजूद जगन ने नायडू को गिरफ्तार करा लिया.

> विधवाओं, वृधावस्था पेंशन और विकलांगों को मिलने वाले पेंशन के दायरे विस्तारित ही नहीं किया बल्कि पेंशन राशि को 1,500 से बढ़ाकर 2,250 रूपये तक कर दिया गया. पेंशन की राशि अब सीधे लाभार्थियों के बैंक अकाउंट में जमा हो जाती है, और नौकरशाही का कोई हस्तक्षेप नहीं रह गया है.

### मीडिया में अन्यत्र

## जरूरत मजबूत निवेश संस्कृति की

**सरकार विश्व बैंक** के नए बिजनेस रेडी (बी-रेडी) सूचकांक के लिए तैयारी में लग गई है, जो अब बंद हो चुके कारोबारी सुगमता सूचकांक का स्थान लेगा. इससे पता चलता है कि सरकार आर्थिक वृद्धि के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर नए सिरे से जोर देने के लिए तैयार है. बी-रेडी सूचकांक का लक्ष्य 180 देशों को शामिल करने का है और इसे सितंबर 2025 में शुरू किया जाना है. भारत में इसका सर्वे वर्ष की दूसरी छमाही में होगा. उसके पहले उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग प्रमुख मंत्रालयों के साथ महीने में दो बार बैठकें कर रहा है ताकि यह आकलन कर सके कि बी-रेडी की प्रश्नावली में शामिल 1,300 से अधिक प्रश्नों के लिहाज से हालात कैसे हैं.



व्यापक स्तर पर देखें तो कुछ बी-रेडी संबद्ध सूचकांकों को राज्यों की कारोबारी सुधार कार्य योजना में शामिल करने की योजना है. यह एक स्वस्थ और सक्रियता भरा रुख है, जिसकी मदद से कारोबारी सुगमता की दिक्कतों को हल किया जा सकता है और जिन्होंने हाल के वर्षों में सीमित एफडीआई आवक के साथ बहुत सीमित नतीजे प्रदान किए हैं. ऐपल एक अपवाद है जिसके लिए सरकार की प्रोत्साहन से संबद्ध प्रोत्साहन योजना में कुछ अपेक्षित बदलाव किए गए, उसके अलावा इस बात के बहुत कम प्रमाण हैं कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने देश में विनिर्माण के बड़े केंद्र स्थापित किए हों.चीन प्लस वन (निवेश के लिए चीन के अलावा एक और देश का चयन) की रणनीति के कारण देश में विनिर्माण बढ़ना अपेक्षित है लेकिन अभी यह फलीभूत नहीं हुआ है. ऐपल के दो वेंडर विस्ट्रॉन और पेगाट्रॉन ने भारत से दूरी बना ली है. यद्यपि कहा जा रहा है कि आईफोन बनाने वाली पेगाट्रॉन का निर्णय वैश्विक स्तर पर ऐपल के कारोबार से दूरी बनाने की प्रक्रिया का हिस्सा है जबकि विस्ट्रॉन का बाहर जाना आपूर्ति श्रृंखला और श्रम नीतियों के प्रबंधन की दिक्कतों को दर्शाता है.भारत के विनिर्माण क्षेत्र में ये दोनों दिक्कतें लंबे समय से हैं. नीतिगत डिजाइन और निवेशकों की अपेक्षाओं ने भी परियोजनाओं को प्रभावित किया है. वियतनाम की इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी विनफास्ट के तमिलनाडु के तूत्तुकोडि में दो अरब डॉलर के निवेश को लेकर बनी अनिश्चितता इसका उदाहरण है. कंपनी को लग रहा है कि उसने जो सब्सिडी चाही थी वह उसके विनिर्माण शुरू करने तक समाप्त हो जाएगी. सरकार ने कहा है कि ये तभी हासिल होगी जब नीति लागू होगी. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**

### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## ताड़न/ताड़ना

**ढोल** गंवार शूद्र पशु नारी, सकल ताड़ना के अधिकारी. गोस्वामी तुलसीदास के रामचरित मानस की इस चौपाई पर इन दिनों खूब वाद-विवाद चल रहा है और इस महाकवि को नारी विरोधी कह कर निंदित करने का प्रयास किया जा रहा है. पूरे विवाद के मूल में ताड़न या ताड़ना शब्द है, जिसकी अपने अपने ढंग से व्याख्या की जा रही है.हिंदी शब्दकोशों ने ताड़न को अनेकार्थक शब्द बताया है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार ताड़न शब्द संज्ञा पुल्लिंग है. इसका अर्थ है ताड़ना, मारने-पीटने की क्रिया या भाव, किसी के कार्य व्यवहार से असंतुष्ट होकर उसे कर्तव्यपरायण बनाने के उद्देश्य से कही हुई कड़ी बात, चेतावनी, कष्ट, दुख, प्रताड़ना. वहीं ताड़ना शब्द संज्ञा स्त्रीलिंग है. इसका अर्थ भी लगभग वैसा ही है. जैसे मारने-पीटने की क्रिया या भाव, किसी को दिया जाने वाला दुख या कष्ट, प्रहार, आघात. सकर्मक क्रिया के रूप में ताड़ना शब्द का अर्थ कुछ और भी है. जैसे भांपना, छिपी हुई बात समझना, सुधार के उद्देश्य से सजा या दंड देना, किसी को अपशब्द कहना, कष्ट देना. अमरकोष में ताड़न शब्द का अर्थ बताया गया है शिक्षित करना, पालना, लालना, ताड़ना. एक महाकवि जब किसी महाकाव्य की रचना करता है तो उसे अनेक पात्रों का चरित्र-चित्रण संवाद के माध्यम से करना होता है. वही संवाद विचारणीय होता है, जिसे नायक के मुंह से कहलाया जाता है. यह चौपाई महाकाव्य के नायक मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने नहीं कही है, बल्कि उनके कोप से भयभीत समुद्र के मुंह से निकली है, जिसे महाकवि खलनायक मान रहा है-विनय न मानत जलधि जड़. इस चौपाई द्वारा भयभीत होकर समुद्र ने भगवान राम से विनम्रता पूर्वक क्षमा याचना की थी. ताड़ना शब्द श्लेषालंकार के रूप में ढोल, गंवार, शूद्र, पशु और नारी यानी पांचों के लिए पांच अर्थ में अभिव्यंजित होता है. कहीं पीटने तो कहीं निगरानी तो कहीं शिक्षित करने तो कहीं देखभाल करने के अर्थ में. इसलिए विवाद व्यर्थ है.

# मरने का मुआवजा बंटता रहता है

• तीर-तुक्का

यशवंत कोठारी

शायर का कलम है कि मेरे कातिल हैं मेरी लाश पर रोने वाले, आज यह मिसरा क्योंकर याद आ रहा है? कारण साफ है मित्रों चारों तरफ लोग मर रहे हैं सरकार मुआवजा दे रही है, सरकार का प्रमुख काम मुआवजा देना हो गया है, वैसे सरकार को इसमें भी फायदा ही है क्योंकि मुआवजा बांट देने से ही सरकार की खाल बच जाती है. वो किसानों को भी मुआवजा देती है, वो बम से मरने वालों को भी देती है, जांचें चलती रहती है, मुआवजा बंटता रहता है, सरकार चलती रहती है. सरकार को भला और क्या चाहिए.



लेकिन लाशों के ऊपर कई प्रश्न उग आते हैं. ये प्रश्न हर एक से जवाब मांगते हैं, मगर कोई जवाब नहीं देता, जिस का बेटा गया वो जवाब चाहती है जिस बेवा का शौहर गया वो जवाब चाहती है लेकिन सरकार व्यवस्था के पास इस का कोई जवाब नहीं है, सरकार केवल मुआवजा बांटने वाली दुकान बन कर रह गई है जनता को मुआवजा नहीं अपने प्रश्नों के जवाब चाहिये, लेकिन व्यवस्था चुपचाप हंस क़र चेक देने की प्रक्रिया शुरू क़र देती है, इस प्रक्रिया में भी सरकार का फायदा है, एक सरकारी कारिंदे ने मुआवजा मांगने वाले से सत्रह प्रमाण पत्र मांगे, वो गरीब इन प्रमाण पत्रों के मायाजाल में ऐसा फंसा की भोलाराम का जीव बन क़र रह गया. आतंकवाद के हमले बार बार क्यों होते हैं, सरकारी तंत्र क्या करता है? केंद्र राज्य को दोष देता है और राज्य केंद्र को .. यह मिळत की नूर कुश्ती कब तक चलेंगे, इस प्रश्न का जवाब कौन और कब देगा. इमानदार प्रश्नों के बेईमान उत्तर कब तक मिलते रहेंगे? कब तक मासूम, निर्दोष लाशें मुआवजा मांगती रहेगी. लोग मरते कराहते हैं, मगर सरकार को कोई फर्क क्यों नहीं पड़ रहा. मन में प्रवेश की जगह ही नहीं मिलती है. प्रश्नों से भरा चित्त उद्विग्न हो जाता है, जवाब की वास्तविक तलाश हो तो वह हमारे मन के भीतर से ही मिल सकता है कोई दूसरा जवाब दे भी नहीं सकता है. मरे हुए आदमी को कौन पूछता है इस देश में जिन्दा आदमी भी केवल एक वोट है जो पांच साल में एक बार काम आता है बस बाकी वो मरे या जिए क्या फरक पड़ता है. हर तरफ हर समय कोई न कोई मरता ही रहता है किस किस की चिंता करें? प्रश्न बहुत हों तो जवाब की चिंता करें.. इस देश में लोग प्रश्न बहुत करते हैं. कुछ भी नया उनके लिए बड़ा अजूबा लगता है. यहां अभी तक यह कथन प्रचलित है कि बिल्ली के गले में घंटी कौन बांधे. प्रश्नों से ही प्रतिप्रश्न बनजाते हैं प्रति प्रश्नों से पहेली बन जाती है लाशें चीखती रहती है मरे हुए लोग जांदे उठा लेते हैं. लाशें राजघाट पर जमा होकर जनपथ पर आ जाती हैं लाशें प्रश्नों के साथ राज पथ पर आकर नारे लगाने लग जाती है लाशों पर ऊगे प्रश्न बार बार हवा में उछलने लग जाते हैं.

## चटखारा

# तन-मन की तरावट


रानी प्रसाद
पाक कला विशेषज्ञ

**मौसम के तेवर ऐसे हैं कि कुछ खाने-पीने का दिल ही नहीं करता. ऐसे में कुकरी एक्सपर्ट रानी प्रसाद लायी हैं कुछ तरावट भरे पेय जिनका सेवन भीतर तक ठंडक दिला जाएगा...**

## सौंफ के शर्बत का प्रीमिक्स



**ये चाहिए**
सौंफ एक कप, पोस्ता दाना दो बड़े चम्मच, हरी इलायची-25, काली मिर्च एक छोटी चम्मच, धागे वाली सफेद मिश्री 400 ग्राम.

**ऐसे बनाएं**
सौंफ और पोस्ता दाना को अच्छी तरह धोकर धूप में सूखा लें. उसके बाद सौंफ, पोस्ता दाना, हरी इलायची, कालीमिर्च, इन सभी चीजों को मिक्सी के जार में महीन पीस लें. पीसने के बाद इसे छननी से छान लें और एक सूखे हुए जार में भरकर रख दें. जब शरबत बनाना हो तो 2 बड़े चम्मच एक गिलास में डालें और उसमें ठंडा पानी डालकर आइस क्यूब के साथ सर्व करें. इसके अलावा इस दूध के साथ भी आइस क्यूब के साथ सर्व किया जाता है. अगर प्लेन शरबत पीने का मन ना हो तो उसमें काला नमक चाट मसाला और नींबू का रस मिलकर भी इस शरबत को पिया जा सकता है. इस प्रकार सौंफ का शरबत तीन प्रकार से बनाया जा सकता है. यह शर्बत गर्मी की तासीर को कम करती है.

## तरबूज का शरबत



**ये चाहिए**
पके लाल तरबूज आधा किलो, चीनी आधा कप, पुदीने के पत्ते 8-10, एक चम्मच नींबू का रस, नमक स्वाद अनुसार, काला नमक स्वाद अनुसार, चाट मसाला आधा चम्मच.

**ऐसे बनाएं**
सबसे पहले तरबूज के छोटे-छोटे टुकड़े कर उसके बीज निकल लें. अब उसे एक मिक्सर के जार में डालकर पीस लें और कपड़े से छान कर उसका रस अलग कर दें. अब इसमें चीनी, नमक, काला नमक,चाट मसाला और नींबू का रस डालकर ऊपर से पुदीने के पत्ते डालकर सर्व करें इसमें आइस क्यूब भी डाल दें. इसमें आवश्यकतानुसार चीनी की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है.

## कच्चे आम का शरबत



**ये चाहिए**
तोता परी आम आधा किलो, चीनी आधा किलो, भुना हुआ जीरा दो चम्मच, सौंफ दो चम्मच, काली मिर्च आधा चम्मच, हरी इलायची 5.

**ऐसे बनाएं**
सबसे पहले कच्चे आम को छीलकर उसके छोटे-छोटे टुकड़े कर लें. और उसे दो गिलास पानी डालकर भगोने में उबालने के लिए चढ़ा दें. जब यह थोड़ा सॉफ्ट हो जाए तो इसे चूल्हे से उतारकर ठंडा कर लें. और मिक्सर के जार में पीस लें. अब भुने हुए जीरे, सौंफ, इलायची, काली मिर्च और लौंग को महीन पीस लें. चूल्हे पर एक कढाई चढ़ाएं, उसमें 5 चम्मच पानी और आधा किलो चीनी डालकर पिघला लें. अब इसमें कच्चे आम की पिसे हुए मिक्सचर को भी डाल दें और धीमे-धीमे चलते हुए तब तक पकाएं जब तक या थोड़ा गाढ़ा ना हो जाए. गाढ़ा होने के बाद इसमें जीरे और सौंफ का पिसा हुआ मिक्स भी डाल दें. अब इसे चूल्हे से उतार कर ठंडा करके सूखे और साफ जार में भरकर रख दें. जब कभी शरबत बनाना हो तो एक गिलास पानी में तीन चम्मच इस मिक्स को डालें और थोड़ा सा नींबू का रस काला नमक और पुदीने के पत्ते के साथ सर्व करें. यह शरबत गर्मियों में ठंडक प्रदान करती है और लू से बचती है.

## गुड़ का शरबत



**ऐसे बनाएं**
मिक्सी के जार में चार बड़े चम्मच पिसे हुए गुड़ लें. इसमें थोड़े से पुदीने के पत्ते डालें. आधा नींबू का रस डालें. आधा चम्मच काला नमक डालें. एक गिलास पानी डालें. तीन-चार आइस क्यूब डालें और इसे ग्राइंड कर लें. जब यह अच्छे से ग्राइंड हो जाए तो इसे ग्लास में डालें. तैयार है फ्रेश गुड़ का शरबत जो बिल्कुल गन्ने की शरबत की तरह लगता है.



## वर्किंग वुमन क्या करें...

# जब पति और बच्चे हों फाइनेंशियली गैर जिम्मेदार

### केस वन

इन दिनों अखिल बार-बार घर के चक्कर लगा रहा था और नीलम का बेटा सनी उससे मिलने से कतराता था. नीलम से वह अक्सर कह देता कि अखिल को कह दो कि सनी घर पर नहीं है. कभी-कभी दोनों बंद कमरे में काफी देर से बातें करते और अखिल उखड़े हुए मूड के साथ चला जाता. नीलम ने पूछताछ की तो पता चला कि सनी ने कमोडिटी मार्केट में बड़े सौदे किए हैं , जिनमें उसे नुकसान हो गया अखिल से उधार लेकर उसने वे पैसे चुका दिए. लेकिन अब अखिल के पैसे नहीं चुका रहा.

### केस दो

आज फिर नलिनी का मूड ऑफ हो गया. घर आए रिकवरी एजेंट से पता चला कि उसके पति राकेश ने एक और लोन ले रखा है जिसकी ईएमआई बीते 9 महीनों से बकाया है. राकेश की इस गैर जिम्मेदाराना हरकत से पहले भी दोनों में कई बार मनमुटाव हो चुका है. अपनी बिजनेस इनकम से ज्यादा लोन ले चुका राजेश चाहता है कि उसकी ईएमआई नलिनी चुकाए. समस्या यह है कि फिर घर खर्च, बच्चों की पढ़ाई और दूसरे जरूरी खर्च कैसे चलेंगे?


शिखर चंद जैन

*कई बार अपने युवा बच्चों और पति की गैर जिम्मेदाराना आदतों से वर्किंग वुमन गहरे धर्मसंकट में फंस जाती हैं. हमारा सामाजिक ताना-बाना कुछ ऐसा है कि अपनी कमाई में से वह गैर जरूरी मदों में भी खर्च करने से या पैसे देने से इनकार करे तो उसपर घमंडी, मुंहफट और असहयोगी होने का तमगा लग जाता है. लेकिन परिवार और खुद की लॉन्ग टर्म भलाई के लिए कभी-कभी दृढ़ता पूर्वक ऐसी मांगों को नकारना जरूरी है. नरमी, ढीलढाल या ऐसी अवांछित डिमांड के आगे झुक जाना भारी पड़ सकता है.*

### अगर लिए हैं कई लोन

कई बार बच्चे और पति स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग, दोस्तों के सामने शेखी बघारने या शौकीन स्वभाव होने के कारण कार, बाइक, इलेक्ट्रॉनिक, अप्लायंस, बड़ा फ्लैट आदि खरीद लेते हैं. इन सबके बड़ा लोन ले लेते हैं. बाद में जब फाइनेंसियल प्रेशर पड़ता है तो वे अपनी मां या पत्नी पर दबाव डालते हैं कि वह अपनी इनकम से ईएमआई चुकाए. ऐसी सिचुएशन में आप पहली ही बार में पूरी सख्ती से मदद के लिए मना कर दें भले ही उन्हें बुरा लगे. एक बार भी आपने पैसे दे दिए तो आपको इससे कभी छुटकारा नहीं मिलने वाला. बेहतर होगा कि आपको ऐसी खरीद की सुगबुगाहट मिलते ही शुरू से ही उन्हें अपने रुख से वाकिफ करवा दें.

### स्टार्टअप के लिए मदद

बच्चों में कुछ नया करने का जोश होता है. अगर वे पूरी तैयारी और प्लानिंग के साथ कुछ करने के प्रति गंभीर हैं तो अच्छी बात है. लेकिन दोस्तों को देखकर या हवाई कल्पनाओं के बूते कुछ करेंगे तो वक्त, ऊर्जा और पैसे की बर्बादी होगी. इसलिए अगर वह अपने किसी स्टार्टअप के लिए आप से वित्तीय मदद चाहें तो सबसे पहले उनका प्लान, एटीट्यूड, एनर्जी आदि देखें. आपको उसकी तैयारी पूरी लगे और उसकी मेहनत व नजरिए पर भरोसा हो तो कुछ रकम एक निश्चित अवधि के लिए दे सकती हैं. लेकिन रकम ज्यादा हो या प्लानिंग सॉलिड ना लगे तो आपको सिर्फ उनका दिल रखने के लिए पैसे नहीं देने चाहिए. आप को ध्यान रखना चाहिए कि कहीं आप का इमरजेंसी फंड खाली ना हो जाए.

### गर हों सट्टाबाज

पति या बेटे बड़े जोखिम लेने या फ्यूचर अथवा कमोडिटी मार्केट में लंबी चौड़ी सौदेबाजी के शौकीन हैं तो नियमित रूप से उन्हें इसके खतरों से आगाह करती रहें. उनकी इस आदत से उन्हें नुकसान हो जाए और वे इमोशनल कार्ड खेलें तो उन्हें एंटरटेन ना करें. आपको किसी बुजुर्ग या प्रभावशाली मित्र के जरिए उनकी इस आदत को छोड़वानी चाहिए. एक बार आपने प्रभाव में आकर अपने पैसे दे दिए तो बार-बार मांगने के अभ्यस्त हो जाएंगे.



### सिर से छत न हटे

कई बार अपनी गैर जिम्मेदाराना हरकतों या अपरिपक्वता की वजह से बच्चे या पति गलत राह पर आगे बढ़ जाते हैं. फिजूलखर्ची, अदूरदर्शिता और बिना सोचे जोखिम लेने की आदत से ऐसा होता है. ऐसे में वे अपने परिवार की इज्जत और दूसरे कारणों का हवाला देते हुए आपको मकान बेचने के लिए बाध्य करते हैं. लेकिन ऐसा करने का मतलब है सिर से छत का हट जाना. मकान या फ्लैट आपके नाम पर है तो हरगिज़ न झुकें.



# बड़े काम के किचन टिप्स

- मठरी आदि को खस्ता बनाने के लिए मैदा, दही और गुनगुने पानी से गूंथिए.
- चना, मटर अथवा राजमा जैसी वस्तुओं को उबालने के समय पानी में सरसों के तेल की कुछ बूंदें मिला दें. अच्छे से गल जायेंगे.
- पूरियों को अधिक कुरकुरा एवं स्वादिष्ट बनाने के उबला-मसला छोटा आलू मिलाएं.
- अरहर की दाल में खटाई के लिए कच्चा आम या इमली के गूदे का इस्तेमाल करे. इससे दाल की महक और स्वाद दोनों बढ़ जाएंगे.
- घी में तलते समय टिक्की कटलेट बिखर रहे हो , तो उसमें एक या दो डबलरोटी को पीसकर मिला दें. अच्छे बनेंगे.
- स्टील के बर्तन पर साफ करने के बाद भी धब्बे नजर आएं तो सिरके व नमक का घोल मिला कर कुछ देर धब्बों पर लगा रहने दें. फिर रगड़ कर धो दें. दाग साफ हो जाएंगे.
- प्रेशर कुकर अंदर से काला हो जाए तो नीबू की फांकें काट कर पानी में डाल कर उबालें. फ़िर साफ़ करें. कुकर साफ हो जाएगा.
- लोहे के तवे को नींबू से साफ करें. अच्छे से साफ हो जाएगा.
- जला बरतन में प्याज काट कर पानी डाल कर उबालिए, ठंडा होने पर फिर साफ कीजिए. बरतन आसानी से साफ हो जाएगा.
- जले बरतन को ऐल्यूमिनियम फौयल से साफ करें.



# परफेक्ट सूटकेस कौन–हार्ड या सॉफ्ट!



**कभी घूमने-फिरने के लिए तो कभी व्यवसाय के काम से तो कभी अपनों से मिलने... यात्रा हमारी जरुरत का हिस्सा है. बाहर जाने के बात पर सबसे पहले ख्याल आता है कि कौन सा सूटकेस पैकिंग के लिए सही है. अगर आप नया सूटकेस खरीदने जा रही हैं तो पहले जान लें कि कौन है आपके लिए परफेक्ट च्वॉइस. इन दिनों बाजार में हार्ड और सॉफ्ट, दोनों ही तरह के सूटकेस में बहुत सारे विकल्प मिल जाएंगे. आइए जानें इन सूटकेस के बारें में..**

**हार्ड सूटकेस :** ऐसे सूटकेस नाजुक सामानों के ले जाने के लिए बेहतर हैं. इस तरह के अधिकांश सूटकेस में 2 की बजाय 4 पहिए होते हैं, जो यात्रा के दौरान आरामदायक रहते हैं. इनके कटने-फटने का डर कम होता है. गंदा होने पर इन्हें आसानी से साफ किया जा सकता है. कमी की बात करें तो पैकिंग के समय इनकी लचीला नहीं होना कई बार खलता है.

**सॉफ्ट सूटकेस :** लचीला होने के कारण सामान के अनुसार इसके स्टोरेज को कम ज्यादा किया जा सकता और सामान भी अधिक स्टोर किया जा सकता. वजन में भी हल्के होते हैं. लिहाजा विमान से यात्रा कर रहे हैं तो आपके लिए सॉफ्ट सूटकेस बेहतर विकल्प है. कम जगह में भी आसानी से फिट हो जाते हैं. लेकिन शीशा या अन्य नाजुक सामान ले जा रहे हैं तो सुरक्षा पर सवाल है. साथ ही इनके कटने-फटने की आशंका भी रहती है. इसकी सफाई भी बहुत आसान नहीं है.

# मौसम से बेफिक्र खिली–खिली रहेगी त्वचा


कमलजीत कौर
ब्यूटी एक्सपर्ट

*गर्मियां शुरू होते ही त्वचा और बाल बेहाल होने लगते हैं.*

*मौसम बदलते ही त्वचा की चमक गायब हो जाती है. सबसे बड़ी समस्या टैनिंग की होती है. गर्मियां शुरू होते ही कई महिलाओं का टैनिंग से पूरा चेहरा काला हो जाता है. दाग-धब्बे हो जाते हैं. इससे निबटने के लिए मार्केट में कई उत्पाद हैं तो पार्लर में भी स्किन केयर के कुछ खास फेसियल, क्लीनिंग आदि. अभी हम बात करेंगे कुछ आसान घरेलू उपाय के बारे में. इनका कुछ दिनों का नियमित प्रयोग बिना अधिक खर्च और बिना साइड इफेक्ट के इन समस्याओं से राहत दिलाएगा.*

### टैनिंग

टैनिंग से परेशान हैं तो टमाटर का रस काम में लें. इसके लिए एक टमाटर आधा काट लें. अब उस पर थोड़ी कॉफी डाल लें. फिर पूरे चेहरे और हाथों पर धीरे-धीरे रगड़ें. इससे टैनिंग कम होगी. एक दूसरा उपाय यह है कि टमाटर को थोड़ा मसल लें और उसमें शहद मिला लें. इसे चेहरे पर कुछ देर लगाकर रखें फिर ठंडे पानी से धो लें. बेसन में दही और हल्दी मिलाकर चेहरे पर लगाएं. इससे भी टैनिंग दूर होगी और चेहरा साफ होगा. खीरे का रस भी टैनिंग दूर करने में मददगार होगा.

### रुखे और बेजान बाल

गर्मियों में बाल बहुत रूखे और बेजान होने की समस्या बहुत आम है. कई महिलाएं शिकायत करती हैं कि गर्मियों में गंदगी और पसीने से शैंपू करने के बाद थोड़ी देर में ही बाल चिपचिपे हो जाते हैं. मेरी सलाह है कि इस समस्या से निजात के लिए थोड़ा दही लें और उसमें नींबू मिला लें. धीरे-धीरे बालों में लगाएं. आधे घंटे बाद धो डालें. इससे बाल स्वस्थ होंगे और खोई हुई चमक भी लौट आएगी. इसके अलावा चावल का पानी काम में लें. थोड़े से चावल रातभर के लिए पानी में भिगोकर रख दें. फिर उस पानी को उबाल लें. ठंडा करके उस पानी को बालों में स्प्रे करें. चावल के पानी से शैंपू तैयार करें. इसके लिए चावल के खमीर उठे पानी में थोड़ा आंवला, रीठा, शिकाकाई का पानी मिला लें. टी-ट्री ऑयल की बूंदें डालें. इससे बाल धोएं, असर जल्दी ही नजर आएगा.



### बेजान त्वचा

गर्मी के मौसम में अक्सर चेहरे की त्वचा रूखी और बेजान त्वचा हो जाती है. त्वचा खिलीखिली दिखे, इसके लिए आलू को कद्दूकस करके चेहरे पर लगाएं. इससे त्वचा मुलायम होगी. इसके अलावा नहाने से पहले चेहरे पर थोड़ी सी मलाई से मसाज करें. इससे चेहरे की त्वचा में नमी बनी रहेगी. आप चाहें तो दही में शहद मिलाकर चेहरे पर लगा सकती हैं. इससे भी त्वचा ग्लो करने लगेगी.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## ब्रीफ खबरें

### स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को लॉरेंस पुरस्कार

**मैड्रिड।** पिछले साल पहली बार महिला फुटबॉल विश्व कप जीतने वाली स्पेन की टीम को सोमवार को लॉरेंस विश्व खेल पुरस्कारों में दो और पुरस्कार मिले. स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को 2023 के लिए दुनिया की साल की सर्वश्रेष्ठ टीम चुना गया जबकि मिडफील्डर एताना बोनमाती को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला. समारोह का आकर्षण नोवाक जोकोविच रहे, जिन्हें साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार मिला. अमेरिका की जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को वापसी करने वाली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया.

### सेविला से हार के बाद मालोर्का की मुश्किलें बढ़ीं

**सेविले (स्पेन)।** सेविला के खिलाफ स्पेनिश लीग में सोमवार को 1-2 की हार के बाद मालोर्का की मुश्किलें बढ़ गई हैं और टीम पर निचली लीग में खिसकने का खतरा (रेलीगेशन) मंडरा रहा है. लीग तालिका की निचली तीन टीम रेलीगेशन का सामना करेंगी और मालोर्का अभी सेल्टा विगो के साथ संयुक्त रूप से निचली चौथी टीम है. दोनों टीमों के नीचे से तीसरे स्थान पर चल रहे केडिज से छह अंक अधिक हैं जबकि चार दौर खेले जाने बाकी हैं. मालोर्का को रविवार को केडिज का सामना करना है.

### घरेलू मैदान पर होगा आईएसएल फाइनल

**मुंबई।** आईएसएल ने मंगलवार को कहा कि चार मई को होने वाला 2023-24 सत्र का फाइनल खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाली दोनों टीम में से उस टीम के घरेलू मैदान पर खेला जाएगा जो लीग चरण में बेहतर रैंकिंग वाली टीम थी. मोहन बागान ने 15 अप्रैल को मुंबई सिटी एफसी को रोमांचक मुकाबले में हराकर लीग शील्ड जीती जबकि एफसी गोवा की टीम तीसरे स्थान पर रही.अब कोलकाता, मुंबई और गोवा आईएसएल फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल की मेजबानी की दौड़ में हैं स्थान की पुष्टि होने के बाद मैच के टिकटों की बिक्री शुरू की जाएगी.

### भारतीय एथलीट क्षमता दिखाने के लिए तैयार

**दुबई।** सिद्धार्थ चौधरी और मध्यम दूरी की धाविका लक्षिता सैंडिलिया बुधवार से यहां शुरू हो रही एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में अपने गोला फेंक और 1500 मीटर खिताब का बचाव करने की कोशिश करेंगे. भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने एशियाई अंडर-20 में भाग लेने के लिए 31 पुरुषों सहित 60 सदस्यीय टीम का चयन किया है. चैंपियनशिप से लीमा में 27-31 अगस्त को होने वाली विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप का टिकट पक्का करने का मौका मिलेगा.

### आशी, स्वप्निल थ्रीपी ट्रायल में शीर्ष स्थान पर

**नयी दिल्ली।** आशी चौकसी और स्वप्निल कुसाले मंगलवार को यहां राइफल/पिस्टल के लिए ओलंपिक चयन ट्रायल के क्वालीफिकेशन में क्रमशः महिलाओं और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में पहले स्थान पर रहे. आशी ने महिलाओं की थ्रीपी ओएसटी में विश्व स्तरीय 590 का स्कोर बनाया और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्ट कौर समरा (583) को दूसरे स्थान पर धकेल दिया. तोक्यो ओलंपियन अंजुम मोदगिल 581 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं.

# विश्व चैम्पियन बनना शानदार था : लवलीना



**75 किग्रा वर्ग में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने को लेकर आश्वस्त हैं लवलीना**

- पहले मैं 69 किलो भार वर्ग में चुनौती पेश करती थी, फिर 75 में करना शुरू किया, इससे मुझे वजन पर नियंत्रण करने की दिक्कत नहीं आती, ऊर्जा भी बनी रहती है...

**साक्षात्कार**

एजेंसी। नयी दिल्ली

भारत की शीर्ष मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन अपने नैसर्गिक भार वर्ग में बदलाव और 75 किग्रा वर्ग में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने को लेकर आश्वस्त हैं. असम की इस खिलाड़ी ने तोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने के बाद चुनौतीपूर्ण समय का सामना किया क्योंकि वह विश्व चैम्पियनशिप और राष्ट्रमंडल खेलों से जल्दी बाहर हो गयी थी. लवलीना पहले 69 किग्रा वर्ग में चुनौती पेश करती थी लेकिन ओलंपिक से इस भार वर्ग को हटाने के बाद उन्होंने 75 किग्रा वर्ग में खेलना शुरू किया और फिर पीछे मुड़ कर नहीं देखा. इस भारतीय मुक्केबाज ने 2022 एशियाई चैंपियनशिप और 2023 विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक के साथ-साथ पिछले साल एशियाई खेलों में रजत पदक जीता है. लवलीना ने साक्षात्कार में कहा, वजन में बदलाव के बाद कुल मिलाकर मेरा प्रदर्शन अच्छा रहा है. ओलंपिक वर्ग में विश्व चैम्पियनशिप जीतना बहुत बड़ी बात थी. मुझे पहले (69 किग्रा के लिए) वजन नियंत्रित करना पड़ता था लेकिन अब मैंने इस वजन से सामंजस्य बिठा लिया है. मैंने प्रतियोगिताओं में भाग लिया है और अच्छा प्रदर्शन किया है. लवलीना का वजन आमतौर पर 70 से 75 किग्रा के बीच रहता है ऐसे में उन्हें टूर्नामेंटों से पहले वजन घटाने के लिए अतिरिक्त मेहनत नहीं करनी पड़ती. उन्होंने कहा, हां, प्रतिद्वंद्वी (75 किग्रा में) मजबूत हैं लेकिन मैं इस वर्ग में फिट बैठती हूं. मैं 69 किग्रा की तुलना में इस श्रेणी में अधिक सहज हूं क्योंकि मुझे खाने पर ज्यादा नियंत्रण नहीं करना पड़ता है. ऐसे में मेरी ऊर्जा का स्तर ऊंचा रहता है. मैं मजबूत महसूस करती हूं और मैं बेहतर प्रशिक्षण लेने में सक्षम हूं. मैं ताकत और कंडीशनिंग के साथ अपनी मांसपेशियों को मजबूत करने पर ध्यान देती हूं. लंदन ओलंपिक खेलों (2012) में महिला मुक्केबाजी को शामिल किए जाने के बाद से 75 किग्रा वर्ग लगातार ओलंपिक खेलों का हिस्सा है. 26 साल की इस खिलाड़ी के लिए पेरिस के लिए स्थिति चुनौतीपूर्ण होगी क्योंकि उनका सामना ऐसे मुक्केबाजों से होगा जो पहले से ही इस वर्ग में खेलती रही है. लवलीना ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं कि 75 किग्रा वर्ग चुनौतीपूर्ण है क्योंकि यह हमेशा से एक ओलंपिक वर्ग रहा है. 69 किग्रा नया था लेकिन 75 किग्रा वर्षों से है. ऐसे में इसमें पहले से अनुभवी मुक्केबाज प्रतिस्पर्धा करते हैं. उन्होंने कहा, यह एक चुनौती है लेकिन मैं आश्वस्त हूं क्योंकि मेरा प्रदर्शन अच्छा रहा है और मैं 75 किग्रा में सहज महसूस करती हूं.

**आईपीएल : गुजरात को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए लय में आना ही होगा**

# दिल्ली को गेंदबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

- ऋषभ पंत की कप्तानी पर भी रहेंगी नजरें

**समयः मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा**

एजेंसी। नयी दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ उतरेगी, तो उसे अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी, जबकि ऋषभ पंत की कप्तानी पर भी नजरें रहेंगी. पंत के लिए घरेलू मैदान पर वापसी उम्मीद के मुताबिक नहीं रही और दिल्ली को लगातार दो जीत दर्ज करने के बाद शनिवार को घरेलू मैदान पर सनराइजर्स के खिलाफ 67 रन की हार का सामना करना पड़ा. इस हार से दिल्ली की टीम आठ मैच में तीन जीत और पांच हार से छह अंक के साथ आठवें स्थान पर खिसक गई है. टीम जानती है कि अगर उसे प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को जीवंत रखना है, तो जीत की राह पर लौटना होगा. सनराइजर्स के खिलाफ पंत के फैसलों पर कई बार सवाल उठे. टॉस के समय वह अरुण जेटली स्टेडियम में ओस के पहलू को सही तरह से नहीं भांप पाए और उन्होंने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. पंत बल्लेबाजी के दौरान जूझते नजर आए और लक्ष्य का पीछा करते हुए 35 गेंद में सिर्फ 44 रन बना पाए. सनराइजर्स के 267 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाजों से तूफानी शुरुआत की अपेक्षा थी, लेकिन



पृथ्वी साव और डेविड वार्नर ने निराश किया. युवा जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने सिर्फ 18 गेंद में 65 रन बनाए लेकिन उन्हें दूसरे छोर से पर्याप्त समर्थन नहीं मिला. अभिषेक पोरेल ने भी 22 गेंद में 42 रन की पारी खेली लेकिन यह नाकाफी था. सनराइजर्स ने दिल्ली के गेंदबाजों के खिलाफ आसानी से रन बटोरे.

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद की कोटला की छोटी बाउंड्री के बीच शॉर्ट पिच गेंदबाजी करने की रणनीति गलत साबित हुई. टाइटंस लय बनाये रखना चाहेगा. गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ एनरिक नोर्किया मौजूदा सत्र में बिलकुल भी लय में नजर नहीं आ रहे और टीम को पीठ में जकड़न के कारण अनुभवी इशांत शर्मा के पिछले मैच से बाहर रहने के बाद उनके वापसी करने की उम्मीद होगी.

**टीमें इस प्रकार हैं**

**दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वार्नर, अभिषेक पोरेल, रिकी भुई, यश ढुल, शाई होप, पृथ्वी साव, ट्रिस्टन स्टब्स, कुमार कुशाग्र, स्वस्तिक चिकारा, इशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, रसिक डार, विक्की ओस्तवाल, एनरिक नोर्किया, मुकेश कुमार, कुलदीप यादव, प्रवीण दुबे, खलील अहमद, सुमित कुमार, अक्षर पटेल, ललित यादव, और जेक फ्रेजर-मैकगर्क.

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, रिद्धिमान साहा, साई सुदर्शन, शाहरुख खान, मैथ्यू वेड, केन विलियमसन, अजमतुल्लाह उमरजई, अभिनव मनोहर, राशिद खान, विजय शंकर, राहुल तेवतिया, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक त्यागी, जोशुआ लिटिल, दर्शन नालकंडे, नूर अहमद, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहित शर्मा, जयंत यादव, उमेश यादव, सुशांत मिश्रा, संदीप वारियर, शरत बीआर और मानव सुतार.

# चौके-छक्के लगाने में ये बल्लेबाज आगे

एजेंसी। नयी दिल्ली

आईपीएल 2024 में रनों की खूब बारिश हो रही है. बल्लेबाज भी चौके-छक्के जड़ने से गुरेज नहीं कर रहे हैं. इस सीजन 35वें मैच तक बल्लेबाजों ने कुल 618 छक्के जड़े हैं. यही कारण है कि इस सीजन आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर भी बना. यहां जानिए आईपीएल के इस सीजन में अब तक सबसे ज्यादा चौके-छक्के लगाने वाले टॉप 5 खिलाड़ी कौन हैं.

**टॉप 5 सबसे ज्यादा चौके लगाने वाले खिलाड़ी :** ट्रेविस हेड आईपीएल 2024 में अब तक सबसे ज्यादा चौके लगाने वाले खिलाड़ियों की फेहरिस्त में पहले नंबर पर आते हैं. उन्होंने अब तक 6 मैचों में 39 चौकों की मदद से 324 रन बनाए हैं. इसके बाद दूसरा नाम विराट कोहली का है. कोहली ने 8 मैचों में 36 चौके लगाकर 379 रन बनाए हैं. तीसरे नंबर पर रोहित शर्मा का नाम है. रोहित ने 8 मैचों में 31 चौके लगाकर 303 रन बनाए हैं. फिल साल्ट इस लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं. साल्ट ने 7 मैचों में 31 चौकों की मदद से 249 रन बनाए हैं. वहीं संजू सैमसन इस लिस्ट में पांचवें नंबर पर हैं. संजू ने 8 मैचों में 29 चौके लगाकर 314 रन बनाए हैं.

**एक पारी में सबसे ज्यादा चौके-छक्के लगाने वाले खिलाड़ी :** केकेआर के फिल साल्ट ने आईपीएल 2024 में ईडन गार्डन्स में एसआरएच के खिलाफ एक पारी में सबसे ज्यादा चौके लगाए थे. साल्ट ने उस मैच में 89 रन बनाए थे, जिसमें 14 चौके भी शामिल थे. एसआरएच के हेनरिक क्लासेन ने आईपीएल 2024 में ईडन गार्डन्स में ही केकेआर के खिलाफ एक पारी में अब तक सबसे ज्यादा छक्के लगाए हैं. क्लासेन ने उस पारी में 63 रन बनाए थे. जिसमें 8 छक्के भी शामिल थे.



**टॉप 5 : सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी**

हेनरिक क्लासेन आईपीएल 2024 में छक्के लगाने के मामले में पहले नंबर पर हैं. हेनरिक ने 7 मैचों में 26 छक्के लगाए हैं. इस फेहरिस्त में दूसरे नंबर पर अभिषेक शर्मा हैं. अभिषेक ने 7 मैचों में 24 छक्के जड़े हैं. सुनील नारायण का नाम इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर आता है. नारायण ने 7 मैचों में 20 छक्के लगाए हैं. इस सूची में चौथे नंबर पर रियान पराग काबिज हैं. रियान ने 8 मैचों में 20 छक्के जड़े हैं. इस लिस्ट में पांचवें नंबर पर निकोलस पूरण हैं. पूरण ने 7 मैचों में 20 छक्के लगाए हैं.

- ट्रेविस हेड ने सनराइजर्स हैदराबाद के अब तक सबसे ज्यादा 6 मैचों में 39 चौकों की मदद से 324 रन बनाए हैं.
- हेनरिक क्लासेन ने ईडन गार्डेंस में केकेआर के खिलाफ अब तक एक पारी में सबसे ज्यादा 8 छक्के लगा कर मन मोहा है.

# हसरंगा को खरीदने का मतलब था कि चहल को नहीं ले सकते: हेसन

एजेंसी। नयी दिल्ली

युजवेंद्र चहल को टीम में नहीं रखने का रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोरु को लंबे समय तक अफसोस रहेगा और फ्रेंचाइजी के पूर्व क्रिकेट निदेशक माइक हेसन ने मंगलवार को जोर देकर कहा कि आईपीएल की पिछली नीलामी में गलत आकलन के कारण वे इस लेग स्पिनर को अपने साथ बरकरार रखने में विफल रहे.

सोमवार को चहल ने आईपीएल में 200 विकेट लेने वाला पहला गेंदबाज बनकर इतिहास रच दिया. हेसन ने जियो सिनेमा पर पूर्व भारतीय बल्लेबाज रोबिन उथप्पा से बात करते हुए कहा, युजी (चहल) एक ऐसा खिलाड़ी है, जिसे लेकर मैं तब तक निराश रहूंगा, जब तक कि मैं अपना करियर खत्म नहीं कर लेता और शायद उसके बाद भी. वह एक उत्कृष्ट गेंदबाज है. मुझे लगता है कि जब हर चक्र की बात आती है तो आपको यह तय करना होता है कि आप किसे रिटेन (अपने साथ जोड़े रखना) करना चाहते हैं. उन्होंने कहा, अगर आप केवल तीन खिलाड़ियों को रिटेन करते हैं तो आप नीलामी में चार करोड़ रुपए अतिरिक्त लेकर जाते हैं. इससे संभावित रूप से हमें हर्षल (पटेल) और युजी दोनों को खरीदने का मौका मिलता. हेसन ने कहा कि चहल का नाम नीलामी में काफी देर से आया और तब तक फ्रेंचाइजी ने पहले ही श्रीलंकाई स्पिनर वानिंदु हसरंगा को खरीद लिया था. उन्होंने कहा, जब नीलामी का क्रम आया और युजवेंद्र चहल 65वें नंबर पर था. युजी के बाद कोई और स्पिनर नहीं था जिसमें हमारी दिलचस्पी थी. हेसन ने कहा, अगर हमें युजी नहीं मिलता तो हम स्पष्ट रूप से एक अन्य विकल्प के रूप में हसरंगा में रुचि रखते थे. इसलिए हमने उस पर बोली लगाई.

**वेस्टइंडीज के पूर्व आलराउंडर सुनील नारायण ने वापसी से किया इनकार**

# टी 20 विश्व कप का दरवाजा बंद हो चुका

एजेंसी। कोलकाता

आईपीएल के मौजूदा सत्र में शानदार फॉर्म में चल रहे वेस्टइंडीज के पूर्व गेंदबाजी ऑलराउंडर सुनील नारायण कैरेबिया और अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए अपने संन्यास के फैसले को वापस नहीं लेंगे और उन्होंने जोर देकर कहा कि वह दरवाजा अब बंद हो चुका है. वेस्टइंडीज के लिए 2019 में टी20 के रूप में आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले 35 साल के नारायण ने दुनिया भर की फ्रेंचाइजी टी20 लीग पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पिछले साल नवंबर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था.आईपीएल के मौजूदा सत्र में हालांकि कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए बल्ले और गेंद दोनों से उनकी शानदार फॉर्म को देखते



हुए नारायण को टी20 विश्व कप में खिलाने के लिए मनाने की कोशिशें चल रहीं थी. नारायण ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, मैं वास्तव में बहुत खुश और आभारी हूं कि हाल ही में मेरे प्रदर्शन ने कई लोगों को सार्वजनिक रूप से मेरे संन्यास से वापसी करने और आगामी टी20 विश्व कप में खेलने की इच्छा व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया है. नारायण ने जोर देकर कहा कि उन्होंने अपने फैसले को स्वीकार कर लिया है और घर से टीम का समर्थन करेंगे. उन्होंने कहा, मैंने उसे स्वीकार कर लिया है और हालांकि मैं किसी को निराश नहीं करना चाहता.

**खास बातें**

- वेस्टइंडीज के कप्तान पावेल ने किया था वापसी का आग्रह
- सुनील- घर में ही बैठ कर अपनी टीम का करूंगा समर्थन

# भारतीय मालिक पर श्रीलंकाई लीग में मैच फिक्सिंग का आरोप

एजेंसी। कोलंबो

अनधिकृत लीजेंड्स क्रिकेट लीग में एक टीम के मालिक और भारतीय नागरिक योनी पटेल पर उनके हमवतन पी आकाश के साथ मैच फिक्सिंग के लिए आरोप तय किए जा रहे हैं. कोलंबो मजिस्ट्रेट अदालत के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी.

अधिकारी ने बताया कि पिछले शुक्रवार को अदालत ने पटेल की जमानत की अर्जी खारिज कर दी थी और दोनों पर लगाया गया यात्रा प्रतिबंध एक महीने के लिए बढ़ा दिया गया. इन भारतीयों पर लीजेंड्स क्रिकेट लीग में मैच फिक्स करने की कोशिश करने का आरोप है जिसका आयोजन आठ से 19 मार्च तक मध्य कैंडी जिले के पाल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में किया गया. फाइनल में राजस्थान किंग्स ने न्यूयॉर्क सुपर स्ट्राइकर्स को हराया.पटेल इस टूर्नामेंट में कैंडी स्वैम्प आर्मी टीम के मालिक हैं. अधिकारियों ने कहा कि मामले के आगे बढ़ने के साथ पंजाब रॉयल्स के मैनेजर आकाश पर भी आरोप तय किए जाएंगे.


श्रीलंका के पूर्व एकदिवसीय कप्तान और वर्तमान में राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के अध्यक्ष उपुल थरंगा तथा न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी नील ब्रूम ने खेल मंत्रालय की विशेष जांच इकाई से पटेल और आकाश द्वारा मैचों को फिक्स करने के लिए लीग में क्षमता से कम प्रदर्शन करने के लिए संपर्क करने की शिकायत की थी. इसके बाद अदालत ने पटेल और आकाश के जांच पूरी होने तक देश छोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया.

**उपलब्धि | कास्परोव ने याद किये अपने दिन, कहा- गुकेश बधाई हो...**

# टोरंटो में भारतीय भूचाल, गुकेश की जीत से शतरंज में बड़ा बदलाव

एजेंसी। नयी दिल्ली

रूस के महान शतरंज खिलाड़ी गैरी कास्परोव ने विश्व चैंपियनशिप के लिए चुनौती पेश करने वाला सबसे युवा खिलाड़ी बनने के लिए भारत के किशोर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश की सराहना करते हुए कहा कि टोरंटो में भारतीय भूचाल आया और यह जीत विश्व शतरंज में बड़े बदलाव का संकेत है. सत्रह साल के गुकेश ने 40 साल पहले कास्परोव के बनाए रिकॉर्ड को तोड़ा. रूसी का यह खिलाड़ी जब 22 वर्ष का था, तब उन्होंने 1984 में विश्व खिताब के लिए हमवतन अनातोली कारपोव से भिड़ने के लिए क्वालीफाई किया था और वह उस समय के सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए थे. कास्परोव ने अतीत में रूस के दबदबे का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए एक्स पर लिखा, बधाई हो! टोरंटो में भारतीय भूचाल शतरंज की दुनिया में बदलाव का संकेत है क्योंकि 17 वर्षीय डी गुकेश सर्वोच्च खिताब के लिए चीन के चैंपियन डिंग लिरेन का सामना करेंगे. गुकेश ने विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का फैसला करने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के 14वें और अंतिम दौर में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा के साथ आसान ड्रॉ खेला और टूर्नामेंट में संभावित 14 में से नौ अंक जुटाकर शीर्ष स्थान हासिल किया.



**आनंद ने भारत में पैदा की शतरंज संस्कृति**

यह जीत गुकेश को साल की आखिरी तिमाही में मौजूदा विश्व चैंपियन लिरेन के खिलाफ मुकाबले का हकदार बनाती है. पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने भारत में शतरंज संस्कृति को जन्म दिया और देश इस ग्रैंडमास्टर की सफलता का लाभ उठा रहा है, जिसमें हजारों युवा शतरंज को अपना रहे हैं. कास्परोव ने भारतीय शतरंज में आनंद के योगदान को स्वीकार करते हुए कहा, विशी आनंद के बच्चे छाए हुए हैं. कास्परोव यहां गुकेश की सफलता के बाद ग्रैंड चेस टूर के बधाई ट्वीट का जवाब दे रहे थे.

**शतरंज के शक्ति केंद्र में बदलाव के संकेत**

कास्परोव ने शतरंज के शक्ति केंद्र में बदलाव पर प्रकाश डालते हुए कहा, अमेरिका और इंग्लैंड के कई शीर्ष जूनियर खिलाड़ियों के नाम देखें, यह देखने के लिए कि चीन और भारत के प्रवासी शतरंज में उपलब्धि हासिल करने के लिए उतने ही जुनूनी हैं. वर्ष 1985 से 1993 तक निर्विवाद विश्व चैंपियन रहे कास्परोव ने लिखा, कास्परोव शतरंज फाउंडेशन ने इस लहर को बढ़ते देखा है और गुकेश की सफलता इसे और ऊपर उठाएगी.

# अनसोल्ड रहने पर टूट गए थे संदीप शर्मा

शुभम संदेश नेटवर्क। जयपुर

आईपीएल 2024 का 38वां मैच राजस्थान रॉयल्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेला गया. राजस्थान ने यह मैच बहुत आसानी से जीत लिया था. पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 179 रन बना पाई थी. इसमें सबसे बड़ा योगदान संदीप शर्मा का था, जिनकी गेंदबाजी के सामने मुंबई की टीम पिच से ज्यादा डगआउट में नजर आई. मुंबई के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी के बाद संदीप शर्मा इमोशनल होते दिखे. इस पर उन्होंने कहा कि जैसा कि आप जाानते हैं दो साल पहले मुझे किसी ने नहीं खरीदा था. मुझे रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में शामिल किया गया था. इसलिए मैं हर मैच का लुत्फ उठा रहा हूं.

**संदीप शर्मा की तूफानी बॉलिंग :** मुंबई इंडियंस के खिलाफ संदीप शर्मा ने 4 ओवर में 18 रन देकर 5 विकेट झटके. संदीप शर्मा 5.40 इकॉनमी से बॉलिंग कर रहे थे. उन्होंने ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, टिम डेविड और गेराल्ड कोएत्ज़ी का शिकार किया.

**इस प्लान से संदीप ने ढेर किया** करने के बाद संदीप ने अपनी रणनीति बताई. उन्होंने कहा कि फिट होने का बाद पहला मैच खेल रहा हूं. अच्छा महसूस कर रहा हूं. पिच धिमी और निचली तरफ थी, इसलिए मेरी योजना वैरिएशन और कटर गेंदबाजी जारी रखने की थी.



**डेथ ओवरों में दिल बड़ा रखना होगा**

संदीप शर्मा ने आईपीएल के मौजूदा सत्र में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन करने के बाद जोर देते हुए कहा कि डेथ ओवरों (अंतिम ओवरों) में गेंदबाजी करते समय आपको अपनी योजनाओं को लागू करने का प्रयास करते समय बड़ा दिल रखना होगा. आईपीएल में नई गेंद से शुरुआत करने वाले संदीप ने मौजूदा सत्र में रॉयल्स के लिए अब तक खेले तीन मैच में डेथ ओवरों में गेंदबाजी की है. उन्होंने कहा, अगर आप पूछें कि मैं कहां सहज महसूस करता हूं, तो मैं सहज हूं.

## ब्रीफ खबरें

### नित्यानंद राय ने किया नामांकन दाखिल

**पटना ।** समस्तीपुर के उजियारपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार के तौर पर केंद्रीय गृहराज्यमंत्री नित्यानन्द राय ने मंगलवार को नामांकन किया. इस अवसर पर पटेल मैदान में आयोजित जनसभा में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी,विजय सिन्हा, लोजपा आर सुप्रीमो चिराग पासवान, मंत्री विजय चौधरी, अशोक चौधरी,जीतनराम मांझी समेत एनडीए के कई नेता मौजूद रहे. नामांकन के बाद नित्यानन्द राय ने कहा कि पूरे देश में मोदी लहर चल रही है. हमलोग 400 पार करेंगे.

### लूटी गई बाइक के साथ पांच गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण ।** एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश जिले में चलाये जा रहे विशेष अभियान के दौरान चकिया डीएसपी के नेतृत्व में केसरिया थाना पुलिस ने पांच अपराधियों को लूटी गई बाइक,मोबाइल और हथियार के साथ गिरफ्तार किया है. उक्त कार्रवाई केसरिया चकिया मार्ग स्थित नहर पुल के समीप की गई है. पकड़े गये पांचों अपराधी केसरिया थाना क्षेत्र के अखिलेश कुमार उर्फ चिन्टु, लक्ष्मण कुमार उर्फ भानु, लालमोहन कुमार, गुड्डु मल्ली व अजय बताये गये हैं. पुलिस ने जांच के क्रम में एक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, एक बाइक, मोबाइल के साथ चार अन्य मोबाइल व लूट में प्रयुक्त एक अन्य बाइक बरामद किया है.

### शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

**अररिया ।** सिकटी थाना पुलिस ने भारत नेपाल सीमा के समीप बारूदह वार्ड 04 गुंडा चौक पर वाहन जांच के क्रम में बाइक की डिक्की से 30 बोतल नेपाली शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया. बाइक और शराब तस्कर को हिरासत में लेकर थाना लाया गया. जहां आवश्यक कार्रवाई के उपरांत मद्य निषेध की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजा गया. सिकटी थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार प्रसाद ने बताया कि सिकटी थाना में पीटीसी के पद पर पदस्थापित बाबूलाल सिंह के नेतृत्व में वाहन जांच के क्रम में बारूदह वार्ड 4 गुंडा चौक पर वाहन जांच किया जा रहा था.

## पहले चरण के चुनाव के बाद सीएम नीतीश ने जनता को लिखी चिट्ठी

# पत्र में लालू-राबड़ी के शासनकाल की दिलाई याद

**संवाददाता । पटना**



बिहार में पहले चरण के तहत चार सीटों पर लोकसभा का चुनाव हो चुका है. अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दूसरे चरण के चुनाव से पहले मंगलवार को जनता के लिए एक पत्र लिखा है. इसके जरिए उन्होंने लोगों को ना सिर्फ सरकार की उपलब्धि बताई है बल्कि आगे के लिए भी काफी कुछ वादे किए हैं.

नीतीश कुमार ने पत्र के जरिए कहा कि वह विश्वास दिलाते हैं कि आगे भी लाखों लोगों को सरकारी नौकरियां और रोजगार देते रहेंगे. पहले सुविधाओं के अभाव में लड़कियां पढ़ाई-लिखाई नहीं कर पाती थीं, आगे नहीं बढ़ पाती थीं, लेकिन हमारी सरकार की विभिन्न योजनाओं की मदद से बेटियां पढ़ने लगी हैं. आगे बढ़ने लगी हैं. पुलिस में भर्ती होकर बेटियां राज्य की सुरक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं. अब बिहार की बेटियां किसी भी क्षेत्र में किसी से कम नहीं हैं.

**अस्पतालों में निःशुल्क इलाज हो रहा**

पत्र में सीएम नीतीश कुमार ने महिलाओं के उत्थान की बात की है. उन्होंने कहा कि बिहार के हर जिले में हम मेडिकल कॉलेज की स्थापना कर रहे हैं. अस्पतालों में नि:शुल्क इलाज के साथ दवाइयां भी मिल रही हैं. हमने आधी आबादी को उनका अधिकार दिया. बिहार में महिलाओं को 2006 से पंचायतों और स्थानीय निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है. राज्य की सभी सरकारी नौकरियों में 2016 से महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है. महिलाओं के उत्थान के लिए हमने बिहार में जीविका समूह बनाए हैं. राज्य में 10 लाख से अधिक जीविका समूहों से जुड़कर एक करोड़ 30 लाख से अधिक महिलाएं अपने परिवार की आजीविका का सहारा बन रही हैं.

**किसानों की आय बढ़ी है :** सरकार की उपलब्धि को बताते हुए आगे नीतीश कुमार ने कहा कि किसानों को समृद्ध बनाने के लिए चार कृषि रोडमैप हमने लागू किए हैं. इससे फसलों की पैदावार बढ़ी है. किसानों की आय बढ़ी है. सात निश्चय-2 के तहत हम हर खेत तक पानी पहुंचाने की योजना पर काम कर रहे हैं. बिहार की उन्नति के साथ ही यहां के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध विरासत और बिहारी अस्मिता को सहेजने के लिए हम लगातार काम कर रहे हैं. हमने बिहार से जो वादा किया, उसे पूरा करके दिखाया है.

सीएम ने लिखा कि बिहार की उन्नति के लिए हम लगातार काम कर रहे हैं, आगे भी करते रहेंगे. बिहार की सेवा ही हमारा धर्म है. पूरा बिहार हमारा परिवार है. पत्र के आखिर में नीतीश कुमार ने लिखा कि मैं केवल एक ही बात कहना चाह रहा हूं. आपके संसदीय क्षेत्र में मतदान होने वाला है. हम सबका लक्ष्य इस बार बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटें जीतने का है. हमारा अनुरोध है कि आप अपना और अपने परिवारजनों का वोट एनडीए प्रत्याशी को दें.

# पटना साहिब से अंशुल होंगे कांग्रेस उम्मीदवार

- अंशुल का सीधा मुकाबला रविशंकर प्रसाद से होगा

**एजेंसी । पटना**



लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने पटना साहिब की सीट के लिए अपने उम्मीदवार की नाम की घोषणा कर दी है. मंगलवार को पार्टी की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक पटना साहिब सीट से पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार के बेटे अंशुल अभिजित को टिकट देने के ऐलान किया है. इस सीट पर अंशुल का सीधा मुकाबला एनडीए की तरफ से भाजपा के उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद से होगा. पटना साहिब सीट पर अंतिम चरण में एक जून को मतदान होना है.

पटना साहिब सीट के लिए अंशुल अभिजीत के नाम की घोषणा के साथ ही महागठबंधन के साथ बंटवारे में कांग्रेस को मिली सभी 9 सीटों पर नाम फाइनल हो गए हैं. कांग्रेस ने 9 में से तीन सीट पर सीनियर नेता या मंत्री को टिकट दिया है. जिसमें मीरा कुमार के बेटे अंशुल अभिजित के अलावा नीतीश कुमार की सरकार में मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे सन्नी हजारी और प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के बेटे आकाश प्रसाद सिंह का नाम शामिल है.

## हादसा : बांका से खगड़िया के शोभनी गांव आ रही थी बरात

# ट्रक-बोलेरो में टक्कर, पिता-पुत्र समेत तीन की मौत, तीन घायल

**संवाददाता । पटना**

खगड़िया जिले के मानसी थाना क्षेत्र अंतर्गत एकनियां के पास सोमवार की देर रात बोलेरो और ट्रक के बीच भीषण टक्कर में दो मासूम बच्चे समेत तीन की मौत हो गई है, जबकि तीन घायल हो गये. दो बच्चे की मौत सदर अस्पताल में उपचार के दौरान हुई,जबकि 32 साल के अमर कुमार की मौत इलाज के लिए बेगूसराय जाने के रास्ते में हुई. मरने वालों में पिता, पुत्र और भतीजा शामिल है, जबकि तीन बाराती घायल हुए है. जिसका सदर अस्पताल में उपचार जारी है. पुलिस के मुताबिक सन्नी कुमार की शादी थी. बारात बांका से खगड़िया के शोभनी गांव आ रही थी. बोलेरो पर दुल्हा का भाई अमर कुमार अपने पांच साल के बेटे शिबू कुमार ,2 साल का भतीजा राज कुमार समेत अन्य रिश्तेदार के साथ सवार था. इसी दौरान एन एच 31 पर बोलेरो सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है.



### नवादा में स्कॉर्पियो में लगी आग

**नवादा ।** नवादा नगर के सोनार पट्टी रोड में सोमवार की रात स्कॉर्पियो में भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में दहशत फैल गईं. चालक ने भाग कर अपनी जान बचाई . बाद में फायर ब्रिगेड के दस्ते ने आकर आग पर काबू पाया. तब तक स्कॉर्पियो जलकर राख हो चुकी थी. बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन के पूर्व मंत्री संजीत कुमार ने बताया कि यह स्कॉर्पियो उनके भांजे के नाम से थी, जिस पर वे कुछ रिश्तेदारों को स्टेशन ट्रेन में बिठाने आए थे.

**मधुबनी में भीषण सड़क हादसा**

### स्कॉर्पियो पलटी, दूल्हा समेत आठ बराती घायल

मधुबनी : मधुबनी जिले के फुलपरास के एकडारा गांव के लिए निकली बारात रास्ते में ही हादसे का शिकार हो गयी. झंझारपुर प्रखंड में के कोईलख गांव से बारात लेकर निकला दूल्हा बारातियों के साथ अस्पताल पहुंच गया. इधर, दुल्हन के साथ-साथ उसके घर वाले इंतजार में बैठे रह गए. लड़की वालों को जब पता चला कि सैकड़ों बाराती और गाजे बाजे के साथ शादी रचाने निकला दूल्हा सड़क हादसे का शिकार हो गया, तो खुशी का माहौल मातम में बदल गया. जानकारी के अनुसार, कोईलख गांव निवासी विनोद साहू 28 वर्षीय पुत्र दिवाकर साहू का विवाह एक एकडारा (फुलपरास) में तय हुआ था. दूल्हा के मामा भैरव स्थान थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव निवासी मोहन साह भांजे के विवाह में शामिल होने के लिए ड्राइवर बने थे. उनके साथ गाड़ी में उनके पुत्र, पुत्री समेत अन्य लोग मौजूद थे. दुल्हन के घर के पहुंचने से कुछ दूरी पहले ही रात के समय स्कॉर्पियो पलट गई. इस हादसे में दूल्हा और 8 अन्य बाराती गंभीर हालत में डीएमसीएच दरभंगा में भर्ती हैं. दूल्हे के चेहरे पर जबरदस्त चोट आई है. उसका जबडा भी टूट गया, जबकि उसके चेहरे में 21 स्टिच लगे हैं. दूल्हे के साथ स्कॉर्पियो में सवार दूल्हे के मामा समेत 8 बाराती भी बुरी तरह घायल हो गए.

# दहेज कम मिलने से नाराज बरातियों ने दुल्हन के भाई के साथ की मारपीट

## गांव वालों ने बरातियों को भगाया, दुल्हन ने किया शादी से इनकार

**संवाददाता । नवादा**

नवादा के नगर थाना क्षेत्र के सोभनाथ मंदिर परिसर में शादी के दौरान मंगलवार को जमकर हंगामा हुआ. नवादा में दहेज की राशि कम मिलने पर वर पक्ष ने दुल्हन के भाई के साथ जमकर मारपीट की. वर पक्ष द्वारा की गई पिटाई से दुल्हन का भाई बुरी तरह जख्मी हो गया, जिसके बाद उसे आनन-फानन में नवादा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. सोभनाथ मंदिर परिसर में दहेज को लेकर दोनों पक्षों में जमकर विवाद हुआ और वरमाला से पहले मंडप जंग का मैदान बन गया. जहां दहेज के 30 हजार रुपये बकाया रहने पर लड़की के भाई को वर पक्ष द्वारा मारपीट कर जख्मी कर दिया. घायल युवक कौआकोल थाना क्षेत्र के गोला बड़राजी गांव निवासी राजेश चौधरी का पुत्र राजीव कुमार है. घटना के बाद मंदिर परिसर में अफरा-तफरी मच गयी. मारपीट में जख्मी युवक का इलाज सदर अस्पताल में जारी है. वहीं, इस घटना के बाद दुल्हन ने शादी से इनकार कर दिया है. जिस कारण बाराती को बैरंग वापस लौटना पड़ा. घटना के बाद इतना तनावपूर्ण माहौल हो गया.

# आपसी विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई को मार दी गोली

**संवाददाता । आरा**

भोजपुर जिले में आपसी विवाद के दौरान हुई फायरिंग में एक व्यक्ति की मौत हो गयी. बताया जाता है कि एक ही परिवार के लोगों ने एक-दूसरे का खून बहाया है. बड़े भाई ने अपने छोटे भाई को गोलियों से छलनी कर दिया है. घटना चरपोखरी थाना क्षेत्र के गड़हनी बाजार की है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. बताया जा रहा है कि गड़हनी थाना क्षेत्र के बड़ौरा गांव के रहने वाले दो सगे भाई अजीज मियां और लियाकत अली अपनी बहन के यहां शादी समारोह में शामिल होने गड़हनी आये थे. शादी समारोह समाप्त हो होने के बाद मंगलवार को दोनों भाई मस्जिद से नमाज पढ़ कर वापस आये और कमरा बंद कर जमीन और संपत्ति को लेकर बातचीत करने लगे. इसी बीच बात बढ़ गई और बड़े भाई अजीज मियां ने अपनी लाइसेंसी दोनाली बंदूक निकाली और छोटे भाई लियाकत अली को तीन गोली दागकर मौत के घाट उतार दिया. छोटे भाई की हत्या करने के बाद भी आरोपी बड़ा भाई वहां से भागा नहीं बल्कि घटनास्थल पर ही बैठा रहा.

### मोतिहारी पुलिस ने 53 किलो गांजा के साथ एक तस्कर को दबोचा

**पूर्वी चंपारण ।** पुलिस ने 53 किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है. साथ ही तस्करी में प्रयुक्त एक टाटा सूमो गाड़ी भी जब्त किया है. उक्त कार्रवाई एसपी कांतेश कुमार मिश्र को मिली गुप्त सूचना पर चकिया डीएसपी सत्येन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने डुमरियाघाट थाना क्षेत्र में की है. डुमरियाघाट थाना पुलिस द्वारा नाकाबंदी कर सघन वाहन जांच शुरू किया गया. इसी क्रम में डुमरियाघाट पुल के समीप 53 किलो ग्राम गांजा एवं एक चार चक्का गाड़ी के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया.

## कारोबार

### एनएसई वायदा विकल्प सौदे शुरू करेगी

**नयी दिल्ली ।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) बुधवार से निफ्टी नेक्स्ट 50 सूचकांक पर वायदा एवं विकल्प सौदे शुरू करने के लिए तैयार है. बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिलने के बाद यह कदम उठाया जा रहा है. निफ्टी नेक्स्ट 50 सूचकांक निफ्टी 50 कंपनियों को छोड़कर निफ्टी-100 से 50 कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है. वायदा एवं विकल्प सौदों के तहत एक्सचेंज तीन मासिक सूचकांक वायदा एवं सूचकांक विकल्प सौदे की पेशकश करेगा.

### हाइब्रिड परियोजना के लिए किया समझौता

**नयी दिल्ली ।** जूनिपर ग्रीन एनर्जी ने मंगलवार को कहा कि उसने महाराष्ट्र में 85 मेगावाट हाइब्रिड बिजली परियोजना के विकास के लिए टाटा पावर के साथ एक समझौता किया है. जूनिपर ग्रीन एनर्जी ने एक बयान में कहा, यह कंपनी के लिए पहली पवन-सौर ऊर्जा परियोजना है. यह 51 मेगावाट पवन ऊर्जा और 34 मेगावाट सौर ऊर्जा को मिलाकर पवन और सौर दोनों, संसाधनों का उपयोग करेगी. कंपनी ने कहा कि टाटा पावर के साथ बिजली खरीद समझौता महाराष्ट्र में 85 मेगावाट हाइब्रिड बिजली परियोजना के लिए है.

### 29.69 करोड़ रुपये का नोटिस मिला

**नयी दिल्ली ।** यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि आबकारी और कराधान प्राधिकरण ने वित्त वर्ष 2020-2021 में दावा किए गए क्रेडिट नोट्स के लाभ को अस्वीकार करने के बाद उसे 29.69 करोड़ रुपये की वैट मांग की नोटिस दी है. कंपनी को वित्त वर्ष 2020-2021 के लिए आबकारी और कराधान अधिकारी-सह - मूल्यांकन प्राधिकरण, वार्ड-1, पलवल, हरियाणा से वैट मूल्यांकन आदेश मिला है. यूनाइटेड स्पिरिट्स ने शेयर बाजार को बताया कि उससे 13.47 करोड़ रुपये के ब्याज सहित 29.69 करोड़ रुपये की वैट मांग की गई है. कंपनी ने बताया कि विभाग ने रिटर्न में दावा किए गए क्रेडिट नोट्स के लाभ को अस्वीकार कर दिया है.

## कभी देश के राष्ट्रपति से लेकर प्रधानमंत्री तक बोइंग में सफर किया करते थे

# अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से बोइंग विमान ने भरी आखिरी उड़ान

**भाषा । नयी दिल्ली**

किसी एयरलाइन के आगमन पर जितनी चर्चा होती है उतनी ही जाने पर होती है. इसी रास्ते पर आज एयर इंडिया का जंबो जेट बोइंग 747 विमान चल रहा है. वह दिन दूर नहीं जब बोइंग इतिहास के पन्नों में सिमट कर रह जाएगा. यह वही विमान है, जिस पर कभी देश के राष्ट्रपति से लेकर प्रधानमंत्री तक सफर किया करते थे. लेकिन अब इसकी विदाई का समय आ गया है. दरअसल आसमान की रानी कहे जाने वाले एयर इंडिया के जंबो जेट बोइंग 747 विमान ने मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सोमवार को अपनी आखिरी उड़ान भरी. सुबह 10.47 बजे, एयर इंडिया के इस विशाल बोइंग ने उड़ान भरी. विमान पहले बाईं ओर झुका और फिर दाईं ओर फिर आसमान में उड़ गया. यह कोई चिंता की बात नहीं थी, इस जंबो जेट ने 'विंग वेव' किया था. यह एक अत्यधिक कुशल पैंतरेबाज़ी है जिसे पायलट की अंतिम उड़ान या विमान के रिटायर होने को चिह्नित करने के लिए किया जाता है. एयर इंडिया अपने चार आखिरी बचे बोइंग विमानों को अलविदा कह रही है. यह देश में प्रतिष्ठित जंबो जेट के एक युग का अंत है.



**बोइंग 747**

- सभी चार बोइंग विमानों को एयरसेल को बेच दिया है
- चारों विमानों को 1993 व 1996 के बीच खरीदा गया था

दरअसल एयरलाइन ने सभी चार बोइंग 747-400 विमानों को एयरसेल को बेच दिया है, जो कि एक अमेरिकी मुख्यालय वाला आफ्टरमार्केट एयरक्राफ्ट ब्रोकर है. अब इंडस्ट्री के ज्यादा ईंधन-कुशल विमानों की ओर बढ़ने की वजह से इन विमानों का संचालन जारी रखना अलाभकारी हो रहा था. बोइंग ने 53 साल के बाद पिछले साल वाइड-बॉडी एयरलाइनर का प्रोडक्शन बंद कर दिया था. सोमवार को चार जेट विमानों में से पहला विमान आगरा से मुंबई एयरपोर्ट से रवाना हुआ, जो उनका बेस था. इंडस्ट्री सूत्रों के मुताबिक, एक और विमान जल्द ही उड़ान भरने की उम्मीद है, जबकि अन्य दो विमान उड़ान भरने लायक स्थिति में नहीं हैं और उनके पुर्जे अलग किए जाएंगे. एयर इंडिया ने जेट विमानों के निपटान के लिए यूके स्थित रीमार्केटिंग फर्म स्काईटेक एआईसी को नियुक्त किया था, जिनका 2022 में पंजीकरण रद्द कर दिया गया था.

एविएशन पोर्टल एयरोटाइम के मुताबिक, चारों विमानों को साल 1993 और 1996 के बीच खरीदा गया था. वहीं एयर इंडिया ने आगरा के पंख लहराने का एक वीडियो पोस्ट किया है, साथ ही संदेश दिया है, आज, हम अपने आखिरी 'आसमान की रानी', बी747 को मुंबई से रवाना होने वाले विमान को अलविदा कहते हैं. शानदार उड़ानों के युग के लिए आपका धन्यवाद. हम आपकी शानदार उपस्थिति को याद करेंगे. एयर इंडिया का बी747 के साथ इतिहास अप्रैल 1971 से शुरू होता है. इसमें 16 फर्स्ट क्लास की सीटें और 40 बिज़नेस क्लास की सीटें थीं. इस लक्जरी विमान की पहली उड़ान नौ फरवरी 1969 में हुई थी. इसी विमान का एक वैरिएंट बोईंग वीसी-25 अमेरिकी राष्ट्रपति का एयरफोर्स वन विमान बनता है. इस विमान को तीन लोग मिलकर उड़ाते हैं पहला कैप्टन, दूसरा फ्लाइट ऑफिसर और तीसरा फ्लाइट इंजीनियर.

### वोडाफोन-आइडिया का 11 रु प्रति इक्विटी शेयर तय

**नयी दिल्ली ।** दूरसंचार परिचालक वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) के बोर्ड ने अपने 18,000 करोड़ रुपये के एफपीओ के तहत पेशकश मूल्य 11 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया है. कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि उसके बोर्ड ने एंकर निवेशकों के लिए 11 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के पेशकश मूल्य को भी मंजूरी दी है. वीआईएल ने बताया, निम्नलिखित प्रस्ताव भी पारित किए गए, 11 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के पेशकश मूल्य को मंजूरी देना, 11 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के एंकर निवेशक पेशकश मूल्य को मंजूरी देना. कर्ज में डूबी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड ने भारत के अब तक के सबसे बड़े अनुवर्ती सार्वजनिक पेशकश (एफपीओ) के जरिए 18,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं.



**स्क्रीनिंग**

लंदन में फिल्म द फॉल गाइ की विशेष स्क्रीनिंग में पहुंचने पर रयान गोसलिंग, बाएं, और एमिली ब्लंट पोज देते हुए.

# इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज ने एआई उद्यम शुरू किया

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज और प्रौद्योगिकी उद्योग के दिग्गज सी पी गुरनानी ने मिलकर कृत्रिम मेघा (एआई) उद्यम एआईऑनओएस की शुरुआत की है. इस संयुक्त उद्यम की घोषणा मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में इंटरग्लोब के समूह प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया और एआईऑनओएस के कार्यकारी उपाध्यक्ष गुरनानी ने की. इंटरग्लोब यात्रा, परिवहन, लॉजिस्टिक्स और आतिथ्य जैसे विविध क्षेत्रों में काम करती है.

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो इसका हिस्सा है. भाटिया ने कहा, एआईऑनओएस का मकसद एआई संचालित समाधानों के साथ मानव और प्रणाली क्षमताओं को बढ़ाकर व्यवसायों के डिजिटल रूपांतरण में मदद करना है. एआईऑनओएस इंटरग्लोब और गुरनानी के पारिवारिक कार्यालय अस्सागो के बीच एक संयुक्त उद्यम है. सिंगापुर स्थित इस कंपनी में इंटरग्लोब के पास बहुलांश हिस्सेदार है.

**रिकॉर्ड**

## चीन में आभूषण, बार और सिक्कों की खपत रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची

# सोना खरीदने वाले देशों में चीन निकला सबसे आगे

**भाषा । नयी दिल्ली**

एक समय भारत दुनिया का सबसे ज्यादा सोना खरीदने वाला देश बना हुआ था. लेकिन अब चीन इसमें भारत से आगे निकल गया है. चीन इस समय सोना खरीदने वाले देशों में पहले नंबर पर है. वैसे भारत और चीन के बीच सबसे ज्यादा सोना खरीदने के मामले में मुकाबला चलता रहता है. बीते वर्षों को देखें तो दुनिया में सबसे ज्यादा सोना या तो भारत खरीदता है या फिर चीन. चीन के सोना खरीदने के बीच गोल्ड की कीमतों में रिकॉर्ड तेजी बनी हुई है.

इस साल सोने की कीमत 2,400 डॉलर प्रति औंस से ऊपर पहुंचकर वैश्विक बाजारों को आकर्षित कर रही है. चीन की ओर से सोने की खरीदारी को भी कीमतों में उछाल की एक वजह माना जा रहा है. चीन में आभूषण, बार और सिक्कों की खपत रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है. चीन में गोल्ड की ज्वैलरी की डिमांड 10 प्रतिशत बढ़ी है, जबकि भारत में छह प्रतिशत की गिरावट आई है. इस बीच, चीनी बार और सिक्कों में निवेश 28 प्रतिशत तक बढ़ गया है.



**गोल्ड डिमांड**

- सोने की कीमत 2,400 डॉलर प्रति औंस से ऊपर गया
- चीन में गोल्ड ज्वेलरी की डिमांड 10 प्रतिशत तक बढ़ी

चीन में एक ओर सेंट्रल बैंक लगातार 17 महीने से गोल्ड खरीदते जा रहा है. वहीं दूसरी ओर लोगों ने चीनी नव वर्ष के मौके पर खूब सोना खरीदा है. जनवरी-मार्च के दौरान लोगों की सोने की खरीद पिछले साल से 34 प्रतिशत ज्यादा रही है. चीन दुनिया में सबसे ज्यादा सोने का उत्खनन करता है, लेकिन इसके बाद भी उसे बाहर से भारी पैमाने पर खरीदना पड़ता है. पिछले दो साल में चीन ने अन्य देशों से 2,800 टन से ज्यादा सोना खरीदा है. यह अमेरिकी सेंट्रल बैंक फेडरल रिजर्व के कुल स्वर्ण भंडार के एक तिहाई के बराबर है. चीन भले ही किसी भी अन्य देश की तुलना में सोने का ज्यादा खनन करता हो, लेकिन फिर भी उसे बहुत ज्यादा आयात करने की जरूरत पड़ती है.

हाल ही में शिपमेंट की गति में तेज़ी आई है. चीन के चंद्र नववर्ष, जो उपहारों का पीक सीज़न है, इससे पहले आयात में उछाल आया है. यह साल के पहले दो महीनों में 2023 की तुलना में 53 प्रतिशत ज्यादा है. चीन में कमजोर युआन के बावजूद चीनी मांग इतनी ज्यादा बनी हुई है. एक प्रमुख आयातक के रूप में, चीन में सोने के खरीदारों को अक्सर अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर प्रीमियम देना पड़ता है. महीने की शुरुआत में यह बढ़कर 89 डॉलर प्रति औंस हो गया. पिछले साल का औसत 35 डॉलर रहा है, जबकि ऐतिहासिक औसत सिर्फ़ 7 डॉलर रहा है.

# बजाज ऑटो ने अब्राहम जोसेफ को प्रबंध निदेशक नियुक्त किया

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

बजाज ऑटो लिमिटेड ने मंगलवार को अब्राहम जोसेफ को अपनी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) शाखा- चेतक टेक्नोलॉजी लिमिटेड का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया. कंपनी ने रामतिलक अनंतन को बजाज ऑटो लिमिटेड (बीएएल) का मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी नियुक्त किया है. तकनीकी नवाचार में तेजी लाने और मौजूदा तथा उभरते वाहन खंड में अपनी स्थिति को और मजबूत करने की रणनीति के तहत बजाज ऑटो ने ये बदलाव किये हैं. कंपनी ने एक बयान में कहा कि जोसेफ के पास वाहन उद्योग में 35 वर्षों से अधिक का अनुभव है और वह बजाज ऑटो में लंबे समय से कार्यरत हैं. कंपनी ने कहा कि बीएएल के सीटीओ के रूप में जोसेफ ने पल्सर जैसे ब्रांडों के विकास का नेतृत्व किया है. बजाज ऑटो ने कहा कि अनंतन के पास उत्पाद विकास और परीक्षण में विशेषज्ञता के साथ 30 से अधिक वर्षों का अनुभव है.



### एमडीएच-एवरेस्ट मसालों पर रोक का मामला : भारत ने सिंगापुर, हांगकांग से जानकारी मांगी

# एवरेस्ट के एक व एमडीएच के तीन मसालों में एथिलीन ऑक्साइड मिलने का दावा

एजेंसी। नयी दिल्ली

दुनिया में मसालों के सबसे बड़े उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक भारत ने सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामकों से दो भारतीय कंपनियों के मसाला उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने से संबंधित ब्योरा मांगा है. सिंगापुर और हांगकांग ने हाल ही में गुणवत्ता संबंधी चिंताओं के कारण एमडीएच और एवरेस्ट कंपनियों के कुछ मसाला उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है. वाणिज्य मंत्रालय ने इन दोनों देशों में मौजूद भारतीय दूतावासों को इस मामले पर एक विस्तृत रिपोर्ट भेजने का भी निर्देश दिया है. मंत्रालय ने प्रतिबंध के लपेटे में आने वाली दोनों कंपनियों- एमडीएच और एवरेस्ट से भी विवरण मांगा है. उनके उत्पादों में कथित तौर पर मान्य सीमा से अधिक कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड होने के कारण प्रतिबंध लगाया गया है.




**मसाला उत्पादक कंपनियों से भी मांगा गया ब्योरा**

वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, कंपनियों से विवरण मांगा गया है. भारतीय मसाला उत्पादों को नकारे जाने के मूल कारण का निदान किया जाएगा और संबंधित निर्यातकों के साथ मिल कर उसका समाधान किया जाएगा. अधिकारी ने कहा कि सिंगापुर और हांगकांग स्थित दूतावासों से इस संबंध में तकनीकी विवरण, विश्लेषणात्मक रिपोर्ट और निर्यातकों के बारे में ब्योरा मांगा गया है. इसके अलावा सिंगापुर के खाद्य सुरक्षा निकाय और हांगकांग के खाद्य एवं पर्यावरण स्वच्छता विभाग से भी विवरण मांगा गया है. निर्यातित मसाला उत्पादों में एथिलीन ऑक्साइड के अनिवार्य परीक्षण के मुद्दे पर चर्चा के लिए एक उद्योग परामर्श का कार्यक्रम भी निर्धारित किया गया है.

**भारतीय मसाला बोर्ड भी कर रहा जांच**

इस बीच, भारतीय मसाला बोर्ड एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला-मिश्रण उत्पादों की बिक्री पर लगाए गए प्रतिबंध पर विचार कर रहा है. बोर्ड अपने स्तर से भी इन मसालों की जांच करवा रहा है. हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामक ने उपभोक्ताओं से इन उत्पादों को न खरीदने और व्यापारियों से बिक्री न करने को कहा है जबकि सिंगापुर खाद्य एजेंसी ने उत्पादों को वापस लेने का निर्देश दिया है.

## साढ़े छह करोड़ रु के हीरे और सोना बरामद, चार गिरफ्तार

एजेंसी। मुंबई

सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई हवाई अड्डे पर नूडल्स के पैकेट में छिपाए गए हीरे और यात्रियों के शरीर के अंगों और उनके सामान में छिपाया गया सोना जब्त किया है, जिनकी कुल कीमत 6.46 करोड़ रुपये है. अधिकारी ने सोमवार देर रात जारी की गई एक विज्ञप्ति में बताया कि सप्ताहांत में चार यात्रियों के पास से 4.44 करोड़ रुपये मूल्य का 6.815 किलोग्राम से अधिक सोना और 2.02 करोड़ रुपये के हीरे जब्त कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है. सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों द्वारा मुंबई से बैंकॉक की ओर जा रहे एक भारतीय नागरिक की तलाशी लेने पर उसके ट्रॉली बैग के अंदर नूडल्स के पैकेट में छिपाए गये हीरे बरामद हुए थे. वह हीरे की तस्करी करने के प्रयास में था. अधिकारी ने बताया कि बाद में यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया. उन्होंने बताया कि इसी तरह कोलंबो से मुंबई की यात्रा कर रहे एक विदेशी नागरिक को मुंबई हवाई अड्डे पर रोका गया. उसने अपने अंतः वस्त्र में कुल 321 ग्राम सोना छुपाया हुआ था. विज्ञप्ति में बताया गया कि इसी तरह दस भारतीय नागरिकों को भी रोका गया था और उनके पास से कुल 6.199 किलोग्राम सोना बरामद किया गया, जिसकी कुल कीमत 4.04 करोड़ रुपये थी. उन्होंने सोने को अपने मलाशय और सामान में छुपाया हुआ था.

### ब्रीफ खबरें

**सैनिकों ने 12 संदिग्ध विद्रोहियों को मार गिराया, सात घायल**

**मनीला**। दक्षिण फिलीपीन में एक हिंसक झड़प में सैनिकों ने एक छोटे मुस्लिम विद्रोही समूह के कमांडर और उसके 11 सदस्यों को मार गिराया. सेना के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों के मुताबिक, समूह पर अतीत में बम विस्फोट करने और उगाही करने का आरोप है. ब्रिगेडियर जनरल जोस व्लादिमीर कगारा ने बताया कि मागुइंदानाओ डेल सुर प्रांत के दातु सऊदी अम्पातुआन शहर के एक अंदरूनी इलाके में सोमवार को 'बंगसामोरो इस्लामिक फ्रीडम फाइटर्स' के संदिग्ध सदस्यों के साथ एक घंटे की झड़प में सात सैनिक भी घायल हुए हैं.

**यूक्रेन को और हथियार भेजेंगे बाइडन: जेलेंस्की**

**वाशिंगटन**। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को सोमवार को आश्वासन दिया कि एक बड़े राष्ट्रीय सुरक्षा सहायता पैकेज को लेकर सीनेट से मंजूरी मिलने के बाद अमेरिका अत्यंत आवश्यक वायु रक्षा हथियार भेजेगा. इस पैकेज में यूक्रेन के लिए 61 अरब अमेरिकी डॉलर का प्रावधान है. जेलेंस्की ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए कहा कि बाइडन ने उन्हें यह भी आश्वासन दिया कि इस सहायता पैकेज में तोपें भी शामिल होंगी. अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने इस सप्ताह के अंत में 95 अरब अमेरिकी डॉलर के पैकेज को मंजूरी दी थी.

**दो हेलीकॉप्टर आपस में टकराये, 10 की मौत**

**कुआलालंपुर**। मलेशियाई नौसेना ने कहा कि मंगलवार को एक प्रशिक्षण सत्र के दौरान दो सैन्य हेलीकॉप्टर आपस में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए, जिससे उनमें सवार सभी 10 लोगों की मौत हो गई. नौसेना ने एक संक्षिप्त बयान में बताया कि दुर्घटना उस समय हुई जब हेलीकॉप्टर नौसेना की 90वीं वर्षगांठ के जश्न की तैयारी के लिए उत्तरी पेराक राज्य में एक नौसैनिक अड्डे पर प्रशिक्षण में हिस्सा ले रहे थे. नौसेना की 90वीं वर्षगांठ अगले महीने है. बयान के मुताबिक, दोनों हेलीकॉप्टर में सवार सभी लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. मृतकों की पहचान के लिए शव अस्पताल भेज दिये गए हैं.

### मोदी ने राजस्थान के टोंक जिले में जनसभा को किया संबोधित, बोले-

# दलित व आदिवासियों का आरक्षण मुसलमानों को देना चाहती थी कांग्रेस

एजेंसी। जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के टोंक जिले में मंगलवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के आरक्षण को मजहब के आधार पर मुसलमानों को देने का आरोप लगाया. मोदी ने कहा कि देश में दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों का आरक्षण न खत्म होगा और न ही उसे धर्म के नाम पर बांटने दिया जाएगा. मोदी ने आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस को ललकारते हुए पूछा, क्या कांग्रेस ऐलान करेगी कि वे संविधान में दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों के आरक्षण को कम करके इसे मुसलमानों को नहीं बांटेगी?

प्रधानमंत्री ने टोंक के उनियारा में जनसभा को संबोधित करते हुए जोर देकर कहा कि वह संविधान को समझते हैं और उसके प्रति समर्पित हैं. उन्होंने कहा, मोदी, संविधान को समझता है. मोदी संविधान के प्रति समर्पित है और मोदी बाबा साहब आंबेडकर की पूजा करने वाला व्यक्ति है. प्रधानमंत्री ने कहा कि 2004 में जैसे ही कांग्रेस की केंद्र में सरकार बनी उसके सबसे पहले किए गए कार्यों में से एक.आंध्र प्रदेश में एससी, एसटी के आरक्षण को कम कर मुसलमानों को आरक्षण देने का प्रयास था. मोदी ने कहा, जब वह मुख्यमंत्री थे, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन ने भाषण दिया था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है. उन्होंने कहा, ये संयोग नहीं था. ये अकेला बयान नहीं था. कांग्रेस की सोच हमेशा से तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति की रही है.



**कांग्रेस आपकी संपत्ति छीन लेगी**

मोदी ने कहा, मैंने देश के सामने सत्य रखा. कांग्रेस आपकी संपत्ति छीनकर अपने खास लोगों को बांटने की गहरी साजिश रचकर बैठी है. दो से तीन दिन पहले मैंने कांग्रेस की इस वोटबैंक और तुष्टिकरण की राजनीति का पर्दाफाश किया था. इससे कांग्रेस और उसके इकोसिस्टम को इतनी मिर्ची लगी है कि वो हर तरफ मुझे गालियां देने में जुटे हैं. उन्होंने कहा, मैं कांग्रेस से जानना चाहता हूं कि आखिर वह सच्चाई से इतना डरती क्यों है? कांग्रेस क्यों अपनी नीतियों को छिपाने में लगी है? जब आपने नीति बनाई है, निर्णय लिया है तो अब-जब मोदी ने राज खोलकर रख दिया है और आपका 'हिडन एजेंडा' बाहर आ गया है तो कांप रहे हो. प्रधानमंत्री ने कहा, अरे हिम्मत है तो स्वीकार करो, हम आपसे मुकाबला करने के लिए तैयार हैं.

**दुकानदार को इसलिए पीटा, क्योंकि वो हनुमान चालीसा सुन रहा था**

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ दिन पहले कर्नाटक में एक दुकानदार को सिर्फ इसलिए पीटा गया, क्योंकि वह अपनी दुकान में हनुमान चालीसा सुन रहा था. उन्होंने कहा, आप कल्पना कर सकते हैं ...कांग्रेस के राज में हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह हो जाता है. कांग्रेस के राज में अपनी आस्था का पालन करना भी मुश्किल हो जाता है. राजस्थान तो खुद इसका भुक्तभोगी रहा है. उन्होंने कहा कि राजस्थान में पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में रामनवमी की शोभायात्रा पर पत्थरबाजी करने वालों को सरकारी संरक्षण दिया गया था और रामनवमी पर प्रतिबंध लगा दिया था. मोदी ने कहा, इसी कांग्रेस पार्टी ने तुष्टिकरण के लिए मालपुरा, करौली, छबड़ा, टोंक और जोधपुर को दंगों की आग में झोंक दिया था. उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद किसी की हिम्मत नहीं है कि आपकी आस्था पर सवाल उठा दे. उन्होंने कहा, अब आप चैन से हनुमान चालीसा भी गाएंगे और रामनवमी भी मनाएंगे, ये भाजपा की गारंटी है.

- **मुस्लिम आरक्षण लागू करने की कोशिश की :** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ये एक पायलट प्रोजेक्ट था, जिसे कांग्रेस पूरे देश में आजमाना चाहती थी. 2004 से 2010 के बीच कांग्रेस ने चार बार आंध्र प्रदेश में मुस्लिम आरक्षण लागू करने की कोशिश की लेकिन उच्चतम न्यायालय की जागरूकता के कारण वो अपने मनसूबे पूरे नहीं कर पाए. मोदी ने कहा, 2011 में कांग्रेस ने इसे देश में लागू करने की कोशिश की. एससी, एसटी व ओबीसी को मिला हुआ अधिकार छीन कर वोट बैंक की राजनीति के लिए दूसरों को देने का खेल किया. कांग्रेस ने ये जानबूझ कर किया.

## केरल उन तत्वों को हराएगा जो केरल से जुड़े नहीं हैं : नड्डा

एजेंसी। नयी दिल्ली



भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस नेता शशि थरूर पर तिरस्कार, अभिजात्यवाद और अहंकार की भावना का आरोप लगाते हुए मंगलवार को दावा किया कि केरल के लोग उन्हें हराएंगे. नड्डा ने मीडिया में आई उन खबरों को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर 'टैग' किया, जिसके अनुसार राजनयिक से नेता बने थरूर ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि पार्टी राज्य में केवल बैंक खाते ही खोल सकती है. थरूर देश भर में गरीबों के बैंक खाते खोलने के लिए केंद्र सरकार के कार्यक्रम का जिक्र कर रहे थे. केरल में भाजपा लोकसभा चुनाव में खाता खोलने का प्रयास कर रही है. राज्य में भाजपा लोकसभा चुनाव में कभी एक भी सीट नहीं जीत पाई है. भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, तिरस्कार, अभिजात्यवाद और अहंकार की भावना देखो. ठेठ कांग्रेस. उन्होंने लिखा, हमें गर्व है कि हमारी सरकार गरीबों के लिए बैंक खाते खोलती है. कांग्रेस ने कभी इस बारे में नहीं सोचा क्योंकि उसे केवल वोट बैंक और एक वंश के बैंक खातों की परवाह रही. केरल ऐसे तत्वों को हराएगा जो लोगों से जुड़े हुए नहीं हैं.

## बीजद की दो प्रमुख महिला नेताओं ने इस्तीफा दिया

**भुवनेश्वर**। ओडिशा में एक साथ होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव से कुछ ही समय पहले बीजद की दो प्रमुख महिला नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया. हिंडोल से विधायक सिमरानी नायक ने सोमवार को बीजद से इस्तीफा दिया था, वहीं संबलपुर की पूर्व विधायक रासवश्वरी पाणिग्रही ने मंगलवार को पार्टी से इस्तीफा देने का ऐलान किया. विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं मिलने के कुछ घंटों बाद ही नायक ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया. उनकी जगह ढेंकनाल के सांसद महेश साहू को पार्टी ने मैदान में उतारा है. बीजद अध्यक्ष नवीन पटनायक को लिखे अपने इस्तीफे में दो बार विधायक रहीं सिमरानी नायक ने व्यक्तिगत समस्याओं का हवाला देते हुए पार्टी से इस्तीफा दिया.

### रामदेव और बालकृष्ण से सुप्रीम कोर्ट का सवाल

# आपके विज्ञापनों जितनी बड़ी है आपकी माफी

एजेंसी। नयी दिल्ली

योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट से मंगलवार को कहा कि उन्होंने भ्रामक विज्ञापन मामले में अपनी ओर से हुई गलतियों के लिए समाचार पत्रों में बिना शर्त माफी प्रकाशित की है. न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने रामदेव और बालकृष्ण के वकील से समाचार पत्रों में प्रकाशित माफीनामें को दो दिनों के भीतर रिकॉर्ड में पेश करने को कहा. बता दें, इस मामले में अगली सुनवाई 30 अप्रैल को होगी. रामदेव और बालकृष्ण की ओर से पेश वकील ने पीठ से कहा कि वे अपनी गलतियों के लिए बिना शर्त माफी मांगते हुए अतिरिक्त विज्ञापन भी जारी करेंगे. दोनों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि उन्होंने सोमवार को देश भर के 67 समाचार पत्रों में माफीनामा प्रकाशित कराया है. न्यायमूर्ति कोहली ने पूछा, क्या माफी आपके विज्ञापनों के आकार के बराबर मांगी गई है? इस पर रोहतगी ने कहा कि माफी 67 अखबारों में प्रकाशित हुई थी.

**इंडियन मेडिकल एसोसिएशन को भी फटकार**

सुप्रीम कोर्ट ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन को भी फटकार लगाई. अदालत ने कहा कि वह पतंजलि पर अंगुली उठा रहा है, जबकि चार अंगुलियां उन पर इशारा कर रही हैं. आईएमए से सुप्रीम कोर्ट ने पूछते हुए कहा कि आपके (आईएमए) डॉक्टर भी एलोपैथिक क्षेत्र में दवाओं का समर्थन कर रहे हैं. अगर ऐसा हो रहा है, तो हमें आप (आईएमए) पर सवाल क्यों नहीं उठाना चाहिए? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि आप नैतिकता की बात करते हैं तो फिर आपको अपनी ओर भी देखने की जरूरत है. एलोपैथी के डॉक्टर भी मरीजों को महंगी और गैरजरूरी दवाएं लिखते हैं.

- **एलोपैथी डॉक्टर भी महंगी और गैरजरूरी दवाएं लिखते हैं**

## कार से 1.03 करोड़ रुपये नकदी जब्त

**मंदसौर (मप्र)**। मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में पुलिस ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वाहनों की जांच के दौरान एक कार से 1.03 करोड़ रुपये की नकदी और चार किलोग्राम चांदी के आभूषण जब्त किये हैं. पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि कार में सवार दो पुरुषों और एक महिला को हिरासत में ले लिया गया. उन्होंने बताया कि संसदीय चुनाव के मद्देनजर राज्य में उड़न दस्ता टीमों द्वारा वाहनों की जांच तेज कर दी गयी है. नयी आबादी थाना प्रभारी वरुण तिवारी ने बताया कि सभी से पूछताछ जारी है.

### सलमान खान गोलीबारी मामला

## गुजरात में तापी नदी से दो पिस्तौल और गोलियां बरामद

एजेंसी। मुंबई

मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी में कथित तौर पर इस्तेमाल किए गए हथियारों की बरामदगी के लिए एक तलाशी अभियान के दौरान गुजरात में तापी नदी से दो पिस्तौल, मैगजीन और गोलियां बरामद की हैं. अधिकारी ने बताया कि सोमवार को शुरू हुई तलाशी के दौरान अपराध शाखा ने दो पिस्तौल, तीन मैगजीन और 13 गोलियां बरामद की हैं. गोताखोरों की मदद से तलाश जारी है. गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों, विक्की गुप्ता (24) और सागर पाल (21) ने 14 अप्रैल को मुंबई के बांद्रा इलाके में गैलेक्सी अपार्टमेंट में 58 वर्षीय खान के घर के बाहर कथित तौर पर गोलीबारी की थी और फिर मोटरसाइकिल पर मौके से भाग गए थे. तकनीकी निगरानी के आधार पर, उन्हें 16 अप्रैल को मुंबई और कच्छ पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गुजरात के भुज शहर के पास एक मंदिर के परिसर से पकड़ा गया था.

## गोवा की दो लोकसभा सीट के लिए चुनाव मैदान में डटे हैं 16 उम्मीदवार

**पणजी**। नामांकन वापस लेने की प्रक्रिया के बाद गोवा की दो लोकसभा सीट पर आठ-आठ उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं. निर्वाचन आयोग के आंकड़ों में यह बताया गया है. उत्तरी गोवा से चुनावी मैदान में उतरे प्रमुख उम्मीदवारों में भाजपा नेता एवं मौजूदा सांसद श्रीपद नाइक और कांग्रेस उम्मीदवार एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रमाकांत खलप शामिल हैं. दक्षिणी गोवा में, भाजपा ने उद्योगपति पल्लवी डेम्पो को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने पूर्व नौसेना अधिकारी विरीएटो फर्नांडिस को उम्मीदवार बनाया है.

### मध्यप्रदेश भोजशाला विवाद

## एएसआई ने मप्र हाईकोर्ट से मांगी आठ सप्ताह की मोहलत

**इंदौर**। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर धार के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में महीने भर से वैज्ञानिक छानबीन कर रहे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने यह कवायद पूरी करने के लिए अदालत से आठ सप्ताह की मोहलत मांगी है. एएसआई ने मोहलत की मांग करते हुए उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ में दायर अर्जी में कहा कि विवादित परिसर की संरचनाओं के उजागर भागों की प्रकृति को समझने के लिए उसे कुछ और समय की दरकार है. उच्च न्यायालय ने भोजशाला विवाद के मुकदमे की अगली सुनवाई के लिए 29 अप्रैल की तारीख पहले ही तय कर रखी है. इस तारीख को एएसआई की ताजा अर्जी पर भी सुनवाई हो सकती है. उच्च न्यायालय ने 11 मार्च को एएसआई को छह सप्ताह के भीतर भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का आदेश दिया था. इसके बाद एएसआई ने 22 मार्च से इस विवादित परिसर का सर्वेक्षण शुरू किया था, जो लगातार जारी है.

## रक्त में शर्करा की मात्रा बढ़ने के बाद दी गयी इंसुलिन : अधिकारी

**नयी दिल्ली**। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के रक्त में शर्करा की मात्रा बढ़ने के बाद उन्हें इंसुलिन दी गई है. तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी. तिहाड़ के एक अधिकारी ने कहा, एम्स के चिकित्सकों की सलाह पर केजरीवाल को सोमवार शाम को कम डोज वाली इंसुलिन की दो यूनिट दी गई. अधिकारी ने बताया कि सोमवार शाम करीब सात बजे उनके रक्त में शर्करा की मात्रा 217 पाई गयी, जिसके बाद तिहाड़ में उनकी देखभाल कर रहे चिकित्सकों ने उन्हें इंसुलिन देने का फैसला किया.

### कॅरियर-काउंसिलिंग

# इन्वेस्टमेंट बैंकर बनने के लिए फाइनांस में एमबीए, सीए सहित अन्य कोर्स कर बना सकते हैं कॅरियर

रजनीश प्रसाद

**एक इन्वेस्टमेंट बैंक निजी कंपनी है, जो निगमों, व्यक्तियों और सरकारों को फाइनांस से संबंधित कई अन्य सेवाएं प्रदान करती है. यह सिक्योरिटीज जारी करने में ग्राहक के एजेंट के रूप में हामीदारी या व्यवहार कर वित्तीय पूंजी जुटाने जैसी सेवाएं प्रदान करता है. यह मेजर्स और एक्यूजेशन (एमएंडए) में शामिल कंपनियों को भी सुविधा प्रदान कर सकता है और सहायक क्षेत्रों जैसे डेरिवेटिव और इक्विटी सिक्योरिटीज, मार्केट मेकिंग और एफआईसीसी सेवाओं के व्यापार में सहायता कर सकता है. इन्वेस्टमेंट बैंक, कमर्शियल बैंक और एक रिटेल बैंक से अलग है, क्योंकि यह जमा स्वीकार नहीं करता है.**

**इन्वेस्टमेंट बैंकर कौन होते हैं**

किसी भी सरकारी व प्राइवेट कंपनी में इन्वेस्टमेंट बैंकर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है. इन्हें कंपनी से जुड़े वित्तीय लेनदेन, परीक्षण विकास, फंड ऋण रोक, आर्थिक संशोधन कंपनी, पूंजी संबंधी समस्याओं को हल करना होता है, इन्वेस्टमेंट बैंकर को ग्राहक को लोन दिलाने से लेकर निवेश करने तक की प्रक्रिया में सहयोग करना पड़ता है, इन्वेस्टमेंट बैंकर को अपनी टीम के साथ मिलकर कंपनी का फाइनांसियल प्रोफाइल भी बनाना पड़ता है. यह कंपनी के वित्तीय मामलों को लेकर ज्यादा से ज्यादा लोन फंड के लिए क्लाइंट के साथ मीटिंग भी करते हैं. इन सब से अलावा इनकी कुछ और भी जिम्मेदारी होती है, जिन पर इन्हें ध्यान देना पड़ता है.



**टॉप भारतीय विश्वविद्यालय, जहां पाठ्यक्रम की होती पढ़ाई**

1. इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, बेंगलोर
2. इंडियन कॉलेज ऑफ बिजनेस, हैदराबाद
3. भारथिअर विश्वविद्यालय, कोयंबटूर
4. इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, अहमदाबाद
5. इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, कोझीकोड
6. स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, दिल्ली
7. शहीद सुखदेव कॉलेज ऑफ बिजनेस स्टडीज, दिल्ली विश्वविद्यालय
8. केशव महाविद्यालय
9. दिल्ली विश्वविद्यालय
10. लाला लाजपत राय कॉलेज ऑफ कम्युनिकेशन एंड इकोनॉमिक्स, मुंबई

**इन्वेस्टमेंट बैंकर क्या करते हैं**

- ग्राहकों के लिए लेनदेन बनाए रखने के लिए सलाहकार और व्यापार प्रबंधकों के बीच संपर्क के रूप में काम करते हैं.
- अनुकूल नियमों और शर्तों पर बातचीत करने के लिए लोन स्ट्रक्चर, डील और कॉर्पोरेट फाइनेंस ग्रुप के साथ इंटरफेस जोड़ना सुनिश्चित करता है.
- इक्विटी और फिक्स्ड इनकम प्राप्त करने के लिए इक्विटी कैपिटल मार्केट या डेब्ट कैपिटल मार्केट का विश्लेषण कर बाजार की स्थितियों का रिकॉर्ड रखना.
- कैपिटल मार्केट में न्यू डील्स स्थापित करने के लिए इन्वेस्टमेंट बैंकर अलायन्स और अधिग्रहण में काम करते हैं.
- पूंजी तैयार करने, मूल्यांकन और जोखिम प्रबंधन में एडवाइजर के रूप में काम कर एसेट्स, सिक्योरिटीज और करेंसी में ट्रांजैक्शन मैनेज करने का काम करता है.
- इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स को विशिष्ट बांड्स और सिक्योरिटीज के बारे में जानकारी देना.

**इन्वेस्टमेंट बैंकर बनने के लिए कौन-कौन से पाठ्यक्रम**

- एमबीए इन फाइनांस
- एमएस इन फाइनांस
- मास्टर्स डिग्री इन फाइनांसियल इंजीनियरिंग
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन बैंकिंग एंड फाइनांस
- एडवांस डिप्लोमा इन बैंकिंग एंड फाइनांस
- मास्टर्स इन कोमोडिटी फाइनांस
- चार्टर्ड एकाउंड
- एमआइही ( मास्टर ऑफ इंटरनेशनल बिजनेस)
- पीजी डिप्लोमा इन ग्लोबल इन्वेस्टमेंट
- डिप्लोमा इन इन्वेंस्टमेंट बैंकिंग एंड इक्विटी रिसर्च
- यूजी प्रोग्राम इन पोर्टफोलियो मैनजमेंट एंड इन्वेस्टमेंट बैंकिंग



मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)